RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 222
नई दिल्ली, रविवार, 18 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




नेताजी होते तो भारत का बंटवारा नहीं होता
राष्ट्रीय-11

# मणिपुर में उपद्रवियों का बवाल जारी

## सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच झड़प में दो घायल, भाजपा नेताओं के घर जलाने की कोशिश

● थाने में लूट की कोशिश, आरएएफ ने आंसू गैस के गोले दागे, रबड़ की गोलियां चलाईं, आधी रात तक संयुक्त मार्च निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मणिपुर** में शनिवार को एक बार फिर हिंसा की घटनाएं हुई। इंफाल में भीड़ और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़प में दो नागरिक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक भीड़ ने भाजपा नेताओं के घरों को निशाना बनाते हुए उन्हें जलाने की कोशिश की। इससे एक दिन पहले ही पेट्रोल बम से लैस 1,220 लोगों की भीड़ ने केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह के घर को जलाने की कोशिश की थी।

अलग-अलग घटनाओं में मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाकटा और चुराचांदपुर जिले के कंगवई से पूरी रात गोलीबारी होने की खबर है। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम पुलिस थाने में लूट की कोशिश की गई। हालांकि, इस दौरान कोई हथियार चोरी नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार, दंगाइयों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर द्रुत कार्य बल (आरएएफ) ने इंफाल में आधी रात तक संयुक्त मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि लगभग 1,000 लोगों की भीड़ ने महल परिसर के पास स्थित इमारतों में आग लगाने की कोशिश की। अधिकारियों के मुताबिक, आरएएफ ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं। इंफाल में भीड़ ने विधायक बिस्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश भी की। हालांकि, आरएएफ की टुकड़ी ने भीड़ को तितर-बितर कर दिया। इसी तरह, आधी रात के करीब इंफाल में पोरमपेट के पास भाजपा (महिला शाखा) की अध्यक्ष शारदा देवी के घर में भीड़ ने तोड़फोड़ करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने युवकों को खदेड़ दिया।

अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में भीड़ ने शुक्रवार को इंफाल शहर के बीचोंबीच सड़कों को जाम कर दिया और संपत्ति को आग लगा दी। केंद्रीय मंत्री आर के रंजन सिंह के घर पर बृहस्पतिवार रात हमला किया गया और उसे जलाने का प्रयास किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक सेवानिवृत्त आदिवासी अधिकारी का शाही महल के पास स्थित गोदाम शुक्रवार को पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। सुरक्षा गार्ड और दमकलकर्मी भीड़ द्वारा आगजनी के कई प्रयास नाकाम करने में सफल रहे। गोदाम में आग लगाने (शेष पेज 9)



मुंबई में शनिवार को आजाद मैदान में मणिपुर के हालात पर अपनी चिंता जताने के लिए रैली में भाग लेते मणिपुर के लोग।

### भाजपा से गठबंधन की समीक्षा करेगी एनपीपी

**नई दिल्ली।** मणिपुर के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व डीजीपी यूमनाम जॉयकुमार सिंह ने राज्य में जारी हालात पर चिंता जताई और संकेत दिया कि यदि आने वाले दिनों में हालात नहीं सुधरे तो नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच गठबंधन की समीक्षा की जा सकती है। एक टीवी चैनल से बातचीत में सिंह ने हालात को देखते हुए ऐहतियाती उपाय किए जाने पर जोर दिया। सिंह एनपीपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि एनपीपी भगवा पार्टी से अपने समीकरण पर फिर से विचार करने पर मजबूर हो जाएगी क्योंकि वह मूक दर्शक नहीं बनी रह सकती। सिंह ने अपनी पार्टी में बढ़ती चिंता को रेखांकित करते हुए कहा कि हम मूक दर्शक नहीं बने (शेष पेज 9)

### विपक्षी दलों ने पीएम से मिलने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस समेत 10 विपक्षी दलों के नेताओं ने मणिपुर में हिंसा के मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि वह अमेरिका के दौरे पर रवाना होने से पहले उन्हें मिलने का समय दें ताकि वे राज्य से जुड़े मुद्दों को उनके समक्ष रख सकें। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), तृणमल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) की मणिपुर इकाइयों के नेताओं ने 10 जून को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर और फिर 12 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र सौंपकर मिलने (शेष पेज 9)

# युगांडा में स्कूल पर विद्रोहियों का हमला, 38 छात्रों समेत 41 की मौत


युगांडा में हमले की सूचना के बाद अपने बच्चों की चिंता में माध्यमिक विद्यालय की ओर जाते अभिवभावक

**भाषा।** कंपाला (युगांडा)

**युगांडा-कांगो** सीमा के पास एक माध्यमिक विद्यालय पर संदिग्ध विद्रोहियों के हमले के बाद अधिकारियों ने 38 छात्रों सहित कुल 41 लोगों के शव बरामद किए हैं। इन सभी की जलाकर, गोली मारकर या चाकू से गोदकर मारा गया था।

स्थानीय महापौर ने शनिवार को यह जानकारी दी। युगांडा की सेना के अनुसार, शुक्रवार रात विद्रोहियों ने छापामारी कर कम से कम छह लोगों को अगवा किया और बाद में झरझरा सीमा पार कर कांगो भाग गए। मपोंडवे-लुबिरिहा के महापौर सेलेवेस्ट मापोज ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मारे गए लोगों में एक गार्ड और दो स्थानीय लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि विद्रोहियों ने एक छात्रावास में आग लगा दी जिसमें कुछ छात्र गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि अन्य को गोली मार दी गई या उन्हें चाकू से गोदा गया था।

युगांडा की सेना ने बताया कि रात करीब साढ़े ग्यारह बजे बोले किए गए हमले में पांच हमलावर शामिल थे। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर फेलिक्स कुलयिगे ने एक बयान में कहा था कि पास के एक ब्रिगेड के सैनिकों ने हमले का जवाब दिया। स्कूल में आग लगी हुई थी और छात्रों के शव परिसर में पड़े हुए थे। हालांकि प्रवक्ता ने अपने बयान में 47 शवों का हवाला दिया गया था, जिसमें आठ अन्य लोग घायल हुए थे और स्थानीय अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

अधिकारियों ने बताया कि अशांत पूर्वी कांगो में स्थित अपने ठिकानों से कई वर्षों से हमला कर रहे चरमपंथी समूह ऐलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस के विद्रोहियों ने सीमावर्ती कस्बे मपोंडवे के लुबिरिहा माध्यमिक विद्यालय पर शुक्रवार को छापा मारा था। वहीं, युगांडा के एक प्रभावशाली राजनीतिक नेता और क्षेत्र के पूर्व विधायक विनी किजा ने ट्विटर पर कायरतापूर्ण हमले (शेष पेज 9)

# यूपी में ब्रह्मोस से लेकर ड्रोन तक बनेंगे: राजनाथ

● कहा, रक्षा औद्योगिक गलियारा के जरिये रक्षा विनिर्माण के लिए अनुकूल वातावरण करेंगे तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में नट-बोल्ट से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल तक का विनिर्माण होगा। राजनाथ सिंह ने यहां आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, हमने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारा के जरिए रक्षा विनिर्माण के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। यूपीडीआईसी के बारे में मुझे बताया गया है कि इस गलियारे के लिए करीब 1,700 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की योजना है, जिसमें से 95 प्रतिशत से अधिक भूमि का पहले ही अधिग्रहण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से 36 उद्योगों और संस्थानों को करीब 600 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर दी गई है और 16,000 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के अनुमानित निवेश के साथ 109 सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी तक करीब 2,500 करोड़ रुपए का कुल निवेश विभिन्न इकाइयों द्वारा यूपीडीआईसी में किया गया है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां केवल नट-बोल्ट या कलपुर्जों का विनिर्माण नहीं किया जाएगा, बल्कि ड्रोन, यूएवी, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, विमान और ब्रह्मोस मिसाइलों के भी विनिर्माण और उन्हें तैयार करने का काम किया जाएगा।

यूपीडीआईसी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके जरिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर भारतीय रक्षा क्षेत्र की निर्भरता घटाने का इरादा है। अलीगढ़ में 11 अगस्त, 2018 को एक कार्यक्रम में रक्षा उत्पादन में 3,700 करोड़ रुपए से अधिक निवेश की घोषणा के साथ इस परियोजना की शुरुआत हुई थी।


लखनऊ में आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# बिपारजॉय: तबाही के बाद पटरी पर आ रहे हालात

● गुजरात के कच्छ में दुकानों और कारोबारी प्रतिष्ठानों के शटर खुले, कई शहरों व गांवों में बिजली बहाली के प्रयास जारी

● राजस्थान के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश, 13 रेलगाड़ियां रद्द

**पीएनएस/एजेंसी।** भुज/जयपुर

**गुजरात** के कच्छ जिले में शनिवार को दुकानों और कारोबारी प्रतिष्ठानों के शटर खोल दिए गए जो स्थिति सामान्य होने का संकेत है। वहीं, अधिकारी चक्रवात बिपारजॉय से प्रभावित कई शहरों ओर सैकड़ों गांवों में बिजली बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं।

बिपारजॉय के असर से राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार शाम साढ़े पांच बजे तक सिरोही में 37.5 मिलीमीटर, जालौर में 36 मिमी, बाड़मेर में 33.6 मिमी, बीकानेर में 26.6 मिमी, डबोक में 13 मिमी, डूंगरपुर में 12.5 मिमी और जोधपुर में 10.5 मिलीमीटर बारिश हुई। इस अवधि के दौरान कई अन्य स्थानों पर भी वर्षा हुई। चक्रवात बिपारजॉय के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे जोन में रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। रेलवे ने अमृतसर-गांधीधाम एक्सप्रेस रेलसेवा, जोधपुर-भीलड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा, वलसाड-भीलड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा, जोधपुर-पालनपुर एक्सप्रेस, जोधपुर-पालनपुर एक्सप्रेस, बाडमेर-मुनाबाव एक्सप्रेस, मुनाबाव-बाडमेर एक्सप्रेस सहित कुल 13 ट्रेनों को शनिवार के लिए रद्द किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपनी ताजा अद्यतन जानकारी में बताया कि बृहस्पतिवार शाम चक्रवात गुजरात के जखौ बंदरगाह पर तट से टकराया था जो गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया है और आगे अब इसका असर कम होगा तथा यह दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवात के प्रभाव से राज्य के कई उत्तरी जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन ने अधिकतर सड़कों से उखड़े हुए पेड़ों को हटा दिया है और भुज एवं मांडवी जैसे शहरों तथा कई गांवों में बिजली बहाल करने के लिए काम किया जा रहा है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बिजली बहाल करने के लिए कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर, मोरबी, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, राजकोट और पोरबंदर जिलों (शेष पेज 9)


मांडवी में चक्रवात बिपारजॉय के गुजरने के बाद तहस-नहस हुए अस्थायी ढांचे।

### कोई मौत नहीं हुई, यह बड़ी उपलब्धि: शाह

**भुज/मांडवी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यह गुजरात सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है कि बिपारजॉय चक्रवात के कारण किसी मनुष्य की मौत नहीं हुई। कच्छ जिले के मुख्यालय भुज की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि 20 जून तक प्रभावित क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी जाएगी।

शाह ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार ने मिलकर काम करते हुए सफलतापूर्वक चक्रवात का सामना किया। उन्होंने कहा कि चक्रवात के कारण किसी मनुष्य की मौत नहीं हुई और केवल 47 लोग घायल हुए। हालांकि 234 मवेशियों की मौत हो गई। शाह ने कच्छ जिले में चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। उन्होंने मांडवी शहर के एक अस्पताल में घायल लोगों से मुलाकात की और किसानों तथा एनडीआरएफ व बीएसएफ के कर्मियों से भी बातचीत की। शाह एक हेलीकॉप्टर से कच्छ जिला मुख्यालय भुज पहुंचे और जखौ का हवाई सर्वेक्षण किया, जहां बृहस्पतिवार की रात शक्तिशाली चक्रवात ने कहर बरपाया था। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। केंद्रीय गृह मंत्री वापस भुज गए और चक्रवात के बाद की स्थिति पर चर्चा की।


गुजरात के भुज में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## क्विक न्यूज

### मालदा में टीएमसी पंचायत चुनाव प्रत्याशी की पीट-पीटकर हत्या

**मालदा, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में पंचायत चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस के एक उम्मीदवार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। टीएमसी ने अपने उम्मीदवार की हत्या का आरोप कांग्रेस पर लगाया है। पुलिस ने कहा कि टीएमसी उम्मीदवार मुस्तफा शेख दोपहर में घर जा रहे थे तभी सूजापुर इलाके में अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला किया और उनकी पिटाई की। बाद में उन्हे अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हम मामले को देख रहे है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। राज्य मंत्री सबीना यास्मीन के अनुसार, टिकट से वंचित होने के बाद कांग्रेस में शामिल होने वाले टीएमसी के पूर्व कार्यकर्ता शेख पर हमले के पीछे थे। उन्होंने मालदा में पत्रकारों से कहा, बदले की भावना से, उन्होंने हमारे आधिकारिक उम्मीदवार की हत्या कर दी है। हमने पुलिस से कार्वाई करने को कहा है। टीएमसी कार्यकर्ताओं ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर इलाके में धरना दिया। वही जिला कांग्रेस नेतृत्व ने आरोपों से इनकार किया। कांग्रेस के एक नेता ने कहा, हमारे खिलाफ आरोप निराधार है।

# आदिपुरुष के संवाद और दृश्यों पर विपक्ष को ऐतराज

● 'टपोरी' भाषा और भगवान के खराब चित्रण से हिंदू धर्म का अपमान करने का लगाया आरोप

● आप व कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने भाजपा की चुप्पी पर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रामायण** पर आधारित ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष शुक्रवार को रिलीज होने के बाद से विवादों में घिर गई है। फिल्म के संवादों और किरदारों की वेशभूषा को लेकर देशभर में आम लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी शनिवार को फिल्म में 'टपोरी' भाषा के उपयोग और भगवान के खराब चित्रण की बात कहते हुए हिंदू धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि फिल्म का उद्देश्य भगवान राम और भगवान हनुमान की छवि को धूमिल करना है। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की मांग पर उनकी सरकार राज्य में इस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा सकती है। बघेल ने फिल्म के संवादों को आपत्तिजनक और अभद्र बताते हुए इसकी निंदा की और उन राजनीतिक दलों की चुप्पी पर सवाल उठाया, जो धर्म के संरक्षक होने का दावा करते हैं।

उनकी सीधा इशारा भाजपा की ओर था। प्रतिबंध की संभावना के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर बघेल ने जवाब दिया कि यदि लोगों की महत्वपूर्ण मांग है तो सरकार फिल्म को प्रतिबंधित करने पर विचार करेगी। आम आदमी पार्टी (आप) ने फिल्म की कड़ी आलोचना की है। आप सांसद संजय सिंह ने फिल्म के संवादों को शर्मनाक बताया और हिंदू देवताओं के गलत चित्रण को अपमानजनक करार देते हुए इस की निंदा की है। उन्होंने कहा कि फिल्म ने हिंदू धर्म का अपमान किया है। यदि आप इस फिल्म के संवाद सुनेंगे तो आपको शर्म आएगी। भाजपा नेताओं पर इसे बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से माफी की मांग की है। सिंह ने कहा कि भाजपा गुंडों की पार्टी है और धर्म के प्रति भी अहंकार दिखा रही है।

नरेंद्र मोदी जी, जेपी नड्डा जी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा के सदस्य न तो भगवान राम के हैं और न ही आम लोगों के हैं, न ही वे किसी अन्य के काम के हैं। सिंह ने रामायण के तथ्यों को विकृत करने के लिए अपनी कल्पना का उपयोग करने के लिए फिल्म निर्माताओं को भी लताड़ा और कहा कि इस फिल्म में माता सीता को कल्पना के आधार पर छुरा घोंपा गया था। क्या रामायण भी कल्पना के आधार पर बदली जाएगी? भाजपा के सदस्य हिंदू धर्म में विश्वास नहीं करते, वे इसे बर्बाद करने वाले लोग हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने (शेष पेज 9)




# अमेरिका, कनाडा में भारतीय मिशन पर हमलों की जांच एनआईए ने संभाली

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अमेरिका और कनाडा में मार्च में भारतीय मिशन पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गए हमलों की जांच अपने हाथों में ले ली है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, इस साल मार्च में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के बाहर हुए हिंसक प्रदर्शनों और तोड़फोड़ के प्रयास किए जाने की घटनाओं की जांच भी एनआईए को सौंपी गई थी।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मार्च में हुए हमलों के सिलसिले में गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्राथमिकियां दर्ज की थीं। उन्होंने बताया कि अमेरिका और कनाडा में हुए हमलों की जांच अब एनआईए को हस्तांतरित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किया और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। नारेबाजी करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने अस्थाई सुरक्षा अवरोधकों को धक्का देकर खोल दिया और वाणिज्य दूतावास परिसर में दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए।

हालांकि, दूतावास कर्मियों ने इन झंडों को हटा दिया। इस घटना के बाद, भारत ने नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास प्रभारी के समक्ष सख्त विरोध दर्ज कराया था। सरकार ने कनाडाई उच्चायुक्त को भी तलब किया और कनाडा में भारतीय राजनयिक मिशन को निशाना बनाए जाने को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। लंदन में, 19 मार्च को खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ करने की कोशिश की थी और उच्चायोग परिसर के बाहर प्रदर्शन करते हुए (शेष पेज 9)

# पर्थला सिग्नेचर पुल समेत कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे सीएम योगी

- 25 जून को नोएडा स्टेडियम में होगा कार्यक्रम, जिला प्रशासन और प्राधिकरण की तरफ से तैयारियां शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जून को नोएडा आ रहे हैं। वह मोदी सरकार के 9 सालों की उपलब्धियों को गिनाने के लिए नोएडा के सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में बने रामलीला मैदान पर जन सभा को भी संबोधित करेंगे।

नोएडा प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने आगमन के दौरान नोएडा प्राधिकरण की अतिमहत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल पर्थला सिग्नेचर ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनाए गए क्षेत्रीय कार्यालय का भी उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

हालांकि, अभी तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जिला प्रशासन की तरफ से सार्वजनिक नहीं किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नोएडा आगमन को लेकर जिला प्रशासन को लखनऊ से उनका मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया। आगामी 25 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा स्टेडियम से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की कई छोटी और बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। जिला प्रशासन के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी पदाधिकारियों के पास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के चलते भाजपा के सभी पदाधिकारियों की तरफ से बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। इसमें भाजपा के पदाधिकारी मुख्य रूप से सभा स्थल को लेकर विस्तार के साथ चर्चा में लगे हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने दादरी विधायक तेजपाल नागर को किसान आंदोलन समाप्त करने की जिम्मेदारी दी थी।

किसान आंदोलन को समाप्त करने के लिए दादरी विधायक तेजपाल नागर ने पहल दिखाते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के साथ किसानों की एक बैठक भी की।

यह बैठक पूरी तरह से बेनतीजा रही थी। किसानों ने बैठक के बाद दादरी विधायक तेजपाल नागर को प्राधिकरण के अधिकारियों का समर्थक होने का आरोप लगा दिया।



नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह व न्यायाधीश ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# 8वें फ्लोर से गिरा इंजीनियरिंग का छात्र

- शुरुआती जांच के बाद पुलिस को संदेह, युवक ने जानबूझकर लगाई थी छलांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में बीती रात इंजीनियरिंग का एक छात्र अचानक आठवीं मंजिल से नीचे आ गिरा। अस्पताल में ले जाते वक्त छात्र ने बीच रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस से सुसाइड केस मान रही है।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि बीती रात्रि लोटस बुलेवर्ड



सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड ने पुलिस को सूचना दी कि टावर नंबर 10 के फर्स्ट फ्लोर के छज्जे पर ऊपर की किसी मंजिल की लॉबी से एक युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना के आधार पर तुरंत थाना सेक्टर 39 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त मूल रूप से मानस नगर कॉलोनी थाना कृष्णा नगर, जनपद मथुरा निवासी गंतव्य शर्मा पुत्र दुर्गेश शर्मा के रूप में हुई। गंतव्य इंजीनियरिंग का छात्र था और अपने भाई के साथ लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी के आठवें फ्लोर पर रह रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में जांच में पता चला है कि गंतव्य ने बीती रात्रि अपने फ्लोर की लॉबी से अचानक छलांग लगा दी थी। वह फर्स्ट फ्लोर के छज्जे पर आकर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। गंतव्य पिछले कई दिनों से परेशान चल रहा था। एसीपी ने बताया कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर भी जांच पड़ताल कर रही है।

## दूसरी मंजिल से गिरकर युवक की संदिग्ध मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सी ब्लॉक में एक कंपनी की दूसरे मंजिल से गिरकर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

पुलिस युवक की मौत को हादसा बता रही है। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी प्रशांत पुत्र रामेश्वर शर्मा सेक्टर-63 की सी 140 स्थित ब्लैज इंटरनेशनल कंपनी में मशीन आपरेटर के पद पर काम करता था। वह दूसरी मंजिल से नीचे जमीन पर आ गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी कर्मचारी उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 22 तक पूरा होगा नोएडा प्रवेश द्वार का सौंदर्यीकरण

- सीईओ ने किया शहर भर का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने वर्क सर्किल-1 से 5 तक के क्षेत्र में चल रहे जन स्वास्थ्य विभाग के कामकाजों का निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण की सीईओ ने विभिन्न ठेकेदारों की कंपनियों पर 28 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही तीन वरिष्ठ प्रबंधकों को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी गयी। इस निरीक्षण के दौरान सीईओ रितु



ऋतु माहेश्वरी

माहेश्वरी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आगामी 22 जून तक किसी भी सूरत में नोएडा के सेक्टर 14ए स्थित नोएडा प्रवेश द्वार सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो जाना चाहिए।

सीईओ ने निरीक्षण के दौरान सेक्टर 11 वाली सड़क को आरडब्ल्यूए द्वारा बैरियर लगाकर बंद किया गया था। इस बैरियर को तत्काल प्रभाव से खोलने के निर्देश भी जारी किए। सेक्टर 14 से एक्सप्रेस-वे तक विभिन्न स्थानों पर छल्ली बेचने वालों और कबूतर वालो द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं करने पर सुपरवाइजर पर कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए। खोड़ा कॉलोनी और सेक्टर 62 के मध्य सर्विस रोड पर मैन कैरिज वे पर प्लास्टर का काम गुणवत्ता पूर्ण नहीं मिलने पर इसकी जांच करने के निर्देश भी जारी किए।

इसी रास्ते पर निर्माणाधीन आरसीसी ड्रेन का काम भी ठीक नहीं पाया गया। ऐसे में ठेकेदार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश जारी किए गए।

## दो ठेकेदारों पर लगाया 5-5 लाख का जुर्माना

नोएडा के सेक्टर 62, 63 और 63 में स्वच्छता व्यवस्था का काम ठीक नहीं होने के चलते दो ठेकेदारों की कंपनी पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बहलोलपुर अंडरपास के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट में पेड़-पौधे नहीं लगे मिले। इस पर सीईओ ने संबंधित ठेकेदार की कंपनी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाने का निर्देश जारी किया। सेक्टर 63 और 65 के मध्य मार्ग और सेक्टर 63 के आंतरिक मार्ग पर सेंट्रल वर्ज में कई स्थानों पर उद्यान विभाग द्वारा खुदवाई गयी मिट्टी सेंट्रल वर्ज लेवल से ऊपर मिली।

## संक्षिप्त समाचार




कार से गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### लग्जरी कार में गांजे की तस्करी, दो पकड़े

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 360 किलो गांजा बरामद किया है। लग्जरी कार के जरिए गांजे की यह खेप उड़ीसा से लाई जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद गांजे की कीमत करीब 54 लाख रुपये के आसपास है। डीसीपी हरीश चंद्र ने बताया कि थाना एक्सप्रेसवे प्रभारी सुधीर कुमार को सूचना मिली कि दो लग्जरी गाड़ियों में गांजे की बड़ी खेप लाई जा रही है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम संजय कुमार निवासी बिहार व विनय निवासी चित्रकूट बताया। डीसीपी ने बताया कि बरामद गांजे की कीमत करीब 54 लाख रुपए के आसपास है। आरोपियों से पूछताछ कर इस गिरोह के अन्य सदस्यों व पूरे नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के फरार अन्य साथियों के बारे में अहम सुराग हाथ लगे हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### एडीसीपी से मुलाकात कर ग्रामीणों की रखीं समस्याएं

**नोएडा।** नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन (नोवरा) के एक प्रतिनिधि मंडल ने एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी से मुलाकात की। यह मुलाकात नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर के नेतृत्व में आयोजित की गयी। इस दौरान नोवरा के एक प्रतिनिधि मंडल ने ग्रामीणों की मुख्य समस्याओं को एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी से समक्ष प्रमुखता के साथ रखा। नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर ने कहा कि गांव में पुलिस और जनता के बीच संवाद की काफी ज्यादा कमी होती जा रही है। इस संवाद को पुलिस द्वारा एक बार फिर स्थापित किया जाए। गांवों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने, गांव में शिविर लगाकर समस्याओं को सुनना और समाधान और कम्युनिटी पोलिसंग के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाना और गांव में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण समेत कई मुद्दों को प्रमुखता के साथ रखा गया। वहीं, एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ संवाद बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए संस्था के साथ लगातार बैठकों का दौर भी शुरू किया जाएगा। इस मौके पर नोवरा के उपाध्यक्ष अजय चौहान और पुनीत राणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिक परिवारों की कार्यकारिणी का गठन

**गाजियाबाद।** पूर्व सैनिक जनकल्याण समिति के तत्वावधान में वार्षिक पूर्व सैनिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैनिक परिवार गाजियाबाद की कार्यकारिणी का गठन हुआ और परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट बीसी बंसल ने बड़ी संख्या में मौजूद पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के बीच महामंत्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी महीपाल सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राठी, कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह योगी, संचालक एसपी सिंह, केपी सिंह, सतवीर सिंह खारी, आरएन सिंह, सुबोध त्यागी, सैनिक महिला ब्रिगेड की संचालक कुमारी रानी शर्मा, वीनू, कमलेश चौधरी का परिचय कराया। कार्यक्रम के दौरान सेक्टर-23 स्थित यशोदा अस्पताल सुपर कैंसर स्पेशलिस्ट रिटायर डॉ. मे. जनरल बीएन कपूर ने कैंसर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां सैनिक परिवारों को दीं। कार्यक्रम के दौरान निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया। इसका संचालन लक्ष्मण सिंह राठी और महामंत्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने किया।

# अनिल बने डीसीपी सेंट्रल जोन, प्रीति डीसीपी ट्रैफिक

- सेंट्रल नोएडा जोन डीसीपी राम बदन सिंह का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक बड़ा फेरबदल कर दिया है। इसमें सेंट्रल नोएडा जोन डीसीपी राम बदन सिंह तबादला कर दिया गया है। राम बदन सिंह का तबादला गौतमबुद्ध नगर में चर्चा का केंद्र बन गया है। डीसीपी राम बदन सिंह को अभी वेटिंग में भेजा गया है।

इसके अलावा काफी लंबे समय से ट्रैफिक डीसीपी के पद पर काम कर रहे अनिल यादव (आईपीएस) को सेंट्रल नोएडा जोन का नया डीसीपी बनाया गया है। एडिशनल डीसीपी प्रीति



राम बदन सिंह | प्रीति यादव

यादव को अब महिला सुरक्षा के साथ ही ट्रैफिक डीसीपी की जिम्मेदारी भी दी गयी है।

आईपीएस राम बदन सिंह 2 जुलाई 2022 से गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी सेंट्रल नोएडा के पद पर तैनात थे। वह मूल रूप से फतेहपुर के रहने वाले हैं। राम बदन सिंह साल 1999 से 2003 तक नोएडा में सीओ के पद पर भी काम कर चुके हैं। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा में मौजूदा समय में किसान आंदोलन काफी बड़ा मुद्दा माना जा रहा है। पूरा आंदोलन का केंद्र सेंट्रल नोएडा जोन के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में बना हुआ है। किसान आंदोलन लगभग पिछले 25 अप्रैल से लगातार चल रहा है।

इस दौरान किसान आंदोलन काफी तीव्र गति से लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। कई बार इस किसान आंदोलन ने उग्र स्वरूप भी धारण किया। पुलिस प्रशासन ने किसानों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। लेकिन, उसमें पुलिस को किसी भी प्रकार से कामयाबी नहीं मिली।

किसान आंदोलन में अब तक सेंट्रल जोन नोएडा ने 33 किसानों को हिरासत में लेकर पहले पुलिस लाइन रखा। इसके बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस दौरान पुलिस लाइन पर किसान समर्थकों पर लाठी चार्ज भी किया गया।

# सेक्टर-94 पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर और एसी खराब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर 94 स्थित पोस्टमार्टम हाउस में रखे डीप फ्रीजर और एसी स्वास्थ्य विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। डीप फ्रीजर और एसी पिछले कई सालों से पोस्टमार्टम हाउस पर खरीब पड़े हुए हैं।

डीप फ्रीजर और एसी खराब होने के चलते वह पिछले कई सालों से बंद है। लेकिन, स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई लेना-देना नहीं है। नतीजा यह है कि भीषण गर्मी के कारण पोस्टमार्टम हाउस में रखे जाने वाले शव गर्मी के कारण दुर्गंध छोड़ने लग जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोस्टमार्टम हाउस में लगाए गए डीप फ्रीजर में एक साथ दो शवों को रखा जा सकता है। लेकिन, डीप फ्रीजर खराब होने के चलते इसे चालू नहीं किया जा सकता है। फ्रीजर के कुछ उपकरण भी चोरी हो चुके हैं। पोस्टमार्टम हाउस के लगातार खस्ताहाल के चलते स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पूरी तरह से उजागर हो रही है। खराब होने के चलते वहां मौजूद कर्मचारियों ने इसका प्रयोग पहले ही बंद किया।

# हाईराइज सोसाइटी के बेसमेंट में लगी आग, एक दर्जन वाहन जले

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अंकुर विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत एमएम रोड डीएलएफ कॉलोनी में स्थित एमएम 78 प्लॉट संख्या पर स्थित एक हाइराइज रेजिडेंशियल सोसाइटी के बेसमेंट में आग लग गई।

आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके चलते इस सोसाइटी के 12 फ्लैट में रहने वाले परिवारों की जान पर खतरे के बादल मंड़ाते दिखाई दिये। उधर आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके बाद जहां पुलिस ने एसीपी रजनीश उपाध्याय की अगुवाई में आग में फंसे लोगों को बचाने के लिये रेस्क्यू शुरू कर दिया वहीं फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिये। आग पर जब तक काबू पाया जाता उस समय तक बेसमेंट में खड़े कई एक दर्जन से अधिक वाहन जलकर नष्ट हो गये। इस घटना के संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि इस अग्निकांड़ पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को सवा दो घंटे तक जूझना पड़ा।

## नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव 23 जून को

**गाजियाबाद।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव 23 जून होने जा रहा है। निगम के सदन सचिव अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव की ओर से कार्यकारिणी के 12 सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया।

नगर निगम सभागार में चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया सुबह दस बजे से शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्रों लेने का समय सुबह साढ़े दस बजे से 11 बजे तक का समय होगा। नामांकन पत्र भरकर जमा करने का समय 11 बजे से लेकर 11 बजकर 30 मिनट तक, नामांकन पत्रों की जांच 12 बजे तक का समय होगा।

# नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी, 4 गिरफ्तार

- अंडमान- निकोबार में रहने वाले लोगों को बनाते थे निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना फेस-2 पुलिस ने एक ऐसे गैंग का खुलासा किया है जो सीधे -साधे लोगों को नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे ठगी करता है। इस गैंग के लोगों ने अंडमान-निकोबार में रहने वाले लोगों के साथ भी ठगी की है।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने आज राजवीर, नितिन, निकेतन और रिंकू को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 5 लाख 5 हजार रुपए नगद, लैपटॉप ,मोबाइल फोन, पेनड्राइव आदि बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस



को बताया कि उन्होंने एनसीआर में रहने वाले लोगों तथा अंडमान निकोबार में रहने वाले लोगों को नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी की है।

इन बदमाशों ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि इन लोगों ने ठगी की रकम को थाना फेस-2 क्षेत्र में मनी ट्रांसफर की दुकान चलाने वाले व्यक्ति के खाते में डलवाया था। उस व्यक्ति ने भी इनके खिलाफ कुछ समय पूर्व मुकदमा दर्ज करवाया था।

# किसानों का प्राधिकरण के बाहर हवन पूजन, कल से अनिश्चितकालीन धरना

- बोले- मुआजवा को लेकर चार महीने पहले किए वादों का पूरा नहीं कर रहा प्राधिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अपनी मांगों को लेकर किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर हवन पूजन किया। यह हवन भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सोमवार से अनिश्चित कालीन धरना शुरू होगा।

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने घोषणा की कि हवन और पूजन के साथ ही किसानों का आंदोलन भी एक बार फिर शुरू हो गया है। यह हवन प्राधिकरण के सभी अधिकारियों की सद् बुद्धि के लिए किया गया था। जिससे प्राधिकरण



किसानों की समस्याओं को काफी गंभीरता के साथ ले और किसानों की सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने सोमवार से किसानों के प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की भी घोषणा की। किसानों का आरोप है कि डेढ़ साल पहले 122 दिन के प्रदर्शन में मांगों को लेकर सांसद और विधायक के सामने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों के साथ एक समझौता किया था। लेकिन, इस समझौते के आधार पर उनकी एक भी मांग को स्वीकार नहीं किया गया। हालांकि, शनिवार को करीब 2 घंटे तक किसानों ने प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी की। इस नारेबाजी के दौरान प्राधिकरण के ओएसडी प्रसून द्विवेदी किसानों से मुलाकात करने भी पहुंचे थे। किसानों ने प्राधिकरण के ओएसडी प्रसून द्विवेदी से किसी भी प्रकार की वार्ता करने से इंकार कर दिया।

## सक्षम अधिकारियों के साथ ही किसान करेंगे वार्ता: सुखवीर खलीफा

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि किसान अब केवल उन अधिकारियों से वार्ता के लिए तैयार होंगे, जो किसानों की किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान कर सकते हैं। किसान अब सक्षम अधिकारियों से ही मुलाकात करेगा और उस मुलाकात के दौरान लिखित तौर पर अपनी मांगों को रखा जाएगा। शनिवार को किसान एक बार फिर प्राधिकरण के कार्यालय में पहुंचे थे और वहां पर हवन और पूजन कर किसानों ने आपस में प्रसाद भी बांटा। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि पिछले बार किसानों के साथ हुआ समझौता अब तक अधूरा है। प्राधिकरण उस समझौते को किसी भी सूरत में पूरा कराकर ही जाएंगे। इस बार किसान सांसद, विधायक और अधिकारियों के झूठे बहकावे में नहीं आने वाले हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# ड्रग्स बेचने के लिए इस्तेमाल 25 संपत्तियां सील

## कार्रवाई की जद में आईं संपत्तियों में से 24 आवासीय, सभी पर चलाया जा सकता है बुलडोजर



- इसी साल अप्रैल में एलजी ने ड्रग के धंधे पर अंकुश लगाने के लिए दिए थे सख्त निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


तमाम प्रयासों के बावजूद शहर में ड्रग तस्करी का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब एमसीडी ने 25 ऐसी संपत्तियों को सील कर दिया है, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर मादक पदार्थ बेचने के लिए किया जाता था। ऐसी संभावना है कि इन संपत्तियों को बुलडोजर से गिराया जा सकता है।

राज निवास के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त संदेश देना और ऐसी गतिविधियों को रोकना है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसी साल 27 अप्रैल को एनसीओआरडी (राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय) की राज्य स्तरीय समिति की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित एजेंसियों को ड्रग्स बेचने के लिए इस्तेमाल की जा रही संपत्तियों/इमारतों को सील करने और उन्हें ध्वस्त करने की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया था।

ड्रग माफिया के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के बाद राष्ट्रीय राजधानी में 25 संपत्तियों की पहचान की गई। अधिकारियों ने कहा कि इनका इस्तेमाल या तो संपत्ति के मालिकों या अन्य कब्जेदारों के माध्यम से ड्रग्स को बेचने के लिए किया जाता था। इसके बाद, दिल्ली पुलिस की सिफारिश पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा संपत्तियों को सील कर दिया गया।

सील की गई 25 संपत्तियों में से 24 आवासीय हैं। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से सात संपत्तियां शाहदरा (उत्तर) जोन में और चार-चार सेंट्रल और नरेला जोन में हैं। बैठक के दौरान सक्सेना ने दिल्ली पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों को नशीले पदार्थों के खतरे पर बेरहमी से अंकुश लगाने का निर्देश दिया था। उपराज्यपाल ने संपत्तियों को सील या ध्वस्त करने के अलावा, शहर सरकार के परिवहन विभाग को मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहनों के परमिट रद्द करने के लिए आवश्यक प्रावधान करने का भी निर्देश दिया था।

### ड्रग्स तस्करी में नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के आरोप में 27 वर्षीय नाइजीरियाई नागरिक को दक्षिणपूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी की पहचान नाइजीरिया के एनुगु राज्य के निवासी ओनेकाची अन्या के रूप में हुई है। उसके पास से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मिथाइलेन डाइऑक्सीमेथामफेटामाइन (एमडीएमए) दवा बरामद की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक नाइजीरियाई नागरिक अपने एक खरीदार को खेप पहुंचाने के लिए गोविंदपुरी एक्सटेंशन इलाके में आएगा। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) राजेश देव ने कहा कि एक जाल बिछाया गया और स्कूटर पर आए कथित व्यक्ति को गुरुवार दोपहर करीब दो बजे पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी के दौरान आठ ग्राम अवैध एमडीएमए ड्रग बरामद किया गया। बाद में तुगलकाबाद एक्सटेंशन इलाके में शुक्रवार को उसके आवास से 213 ग्राम एमडीएमए बरामद किया गया। डीसीपी ने कहा कि बरामद दवा की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये से अधिक है।

# यौन उत्पीड़न मामला: हमारा विरोध राजनीति से प्रेरित नहीं: साक्षी मलिक

- ओलंपिक पदक विजेता ने पति सत्यव्रत के साथ ट्विटर पर वीडियो जारी किया




वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखती साक्षी मलिक व सत्यव्रत कादियान।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और उनके पहलवान पति सत्यव्रत कादियान ने शनिवार को जोर देते हुए कहा कि उनका विरोध राजनीति से प्रेरित नहीं है और उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद वे वर्षों तक चुप रहे क्योंकि इससे पहले कुश्ती जगह एकजुट नहीं था। ट्विटर पर पोस्ट वीडियो में कादियान ने कहा कि उनके विरोध को लेकर झूठी कहानी तैयार की गई है और वह चीजों को साफ करना चाहते हैं।

साक्षी ने कहा कि वे इतने वर्षों से चुप थे क्योंकि पहलवान एकजुट नहीं थे। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने कहा कि आपने देखा कि नाबालिग अपने बयान से पीछे हट गई है। उसके परिवार को डराया गया है। ये पहलवान गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। ताकतवर व्यक्ति के खिलाफ साहस जुटाना आसान नहीं है।

साक्षी, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। कादियान ने कहा कि उनके प्रदर्शन को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है। कादियान ने कहा कि मैं आपको स्पष्ट कर दूं कि हमारा विरोध राजनीति से प्रेरित नहीं है। हम जनवरी में (जंतर-मंतर) आए थे और पुलिस से इजाजत भाजपा के दो नेताओं ने ली थी। उन्होंने इस दौरान साक्षी को प्रदर्शन की स्वीकृति मांगने वाला पत्र दिखाने को कहा। यह पत्र पूर्व पहलवान बबीता फोगाट और तीरथ राणा ने लिखा था जो भाजपा से जुड़े हैं। कादियान ने कहा, यह (प्रदर्शन) कांग्रेस समर्थित नहीं है। (कुश्ती जगत में) 90 प्रतिशत से अधिक लोग जानते हैं कि पिछले 10 से 12 साल से यह (उत्पीड़न और डराना) हो रहा है। कुछ लोगों ने आवाज उठाने की कोशिश की लेकिन कुश्ती जगत एकजुट नहीं था।

हैवीवेट वर्ग में चुनौती पेश करने वाले कादियान ने दोहराया कि उनकी लड़ाई डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ है, सरकार के खिलाफ नहीं। कादियान ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर दूं कि महिला सम्मान महापंचायत खाप नेताओं ने बुलाई थी और हमने उनके आदेश का पालन किया और पुलिस की बर्बरता का सामना किया। इससे हम टूट गए। उन्होंने कहा, हमने देश के लिए इतने सारे पदक जीते और हमारी गरिमा को कुचला जा रहा था। मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि हम किस दौर से गुजरे।

कादियान ने कहा, हमने तब (हरिद्वार) में पदक विसर्जित करने का फैसला किया, लेकिन तंत्र (व्यवस्था) के एक व्यक्ति ने बजरंग की बांह पकड़ ली और उसे एक कोने में ले गया और उसे कई (प्रभावशाली) लोगों से बात करने के लिए मजबूर किया।

उन्होंने कहा, अगर हमने ऐसा किया होता (पदक विसर्जित करना) तो हिंसा हो सकती थी। इसलिए हमने प्रशिक्षकों और माता-पिता को पदक दिए। कादियान ने कहा, उस घटना के बाद, हमें नहीं पता था कि हमारी तरफ कौन था, कौन व्यवस्था का हिस्सा था। हम बहुत से लोगों से मिले लेकिन यह नहीं पता था कि किस पर भरोसा किया जाए।

### बृजभूषण को बचा रहा केंद्र: राकेश टिकैत

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को केंद्र सरकार पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बचाने का आरोप लगाया जो यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। बृजभूषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले पहलवानों के सरकार के दबाव में होने का आरोप लगाते हुए टिकैत ने केंद्र सरकार पर भाजपा सांसद को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। तीन दिवसीय किसान महाकुंभ से इतर टिकैत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहलवान और आंदोलन चलाने वाली समिति जो भी फैसला करेगी खाप पंचायतें उसका समर्थन करेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र बृजभूषण शरण सिंह को बचाने में लगा हुआ है। यह तथ्य उसके खिलाफ दायर आरोप पत्र में भी जाहिर होता है। जब सरकार ने किसी को बचाने का मन बना लिया है तो उसके पास ऐसा करने के कई तरीके हैं।

# उमस ने किया बेहाल, आज बूंदाबांदी का अनुमान

## दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश दिनभर रही बादलों की आवाजाही

## अधिकतम तापमान 39.2 और न्यूनतम 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश होने और दिनभर बादल छाए रहने से भीषण गर्मी से निजात मिल गई। हालांकि उमस से लोगों का घर और बाहर हर जगह बुरा हाल हो गया। मौसम विभाग ने रविवार को गरज के साथ बूंदाबांदी होने का अनुमान है। इससे मौसम के तेवरों में और नरमी आने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिहाज से सामान्य है। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह भी इस मौसम के लिहाज से सामान्य ही है। हालांकि सापेक्षिक आर्द्रता 51 से 71 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई। दिन भर हल्के बादल छाए रहे। शाम को कई जगह हल्की वर्षा भी हुई।



शनिवार को गुरुग्राम में हुई बारिश से बचने की कोशिश करता रिक्शे वाला।

इससे अन्य दिनों की तरह सूरज की तपिश तो नहीं रही, लेकिन उमस के कारण दिन भर लोग परेशान रहे। दिल्ली में शुक्रवार को चक्रवात बिपारजॉय के प्रभाव और उत्तर पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में सक्रिय एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण बारिश का सिलसिला शुरू हुआ है। इससे दिल्ली और आसपास के शहरों में कहीं तेज और कहीं हल्की वर्षा हुई। शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे के दौरान सात मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। दो दिन से बारिश होने और तेज हवाएं चलने के कारण वातावरण में प्रदूषण काफी कम हो गया और लोगों ने साफ हवा में सांस ली। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, शाम छह बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 121 दर्ज किया गया, जो कि मध्यम श्रेणी में आता है। मालूम हो कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। इन दिनों में तेज गर्मी के कारण उड़ती धूल सांस लेना दूभर कर देती है। बारिश के कारण यह धूल धरातल पर जम गई है।

### केजरीवाल का व्यापारियों से सौतेला व्यवहार: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को केजरीवाल सरकार पर राष्ट्रीय राजधानी के व्यापारियों से सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया।

सचदेवा ने अलीपुर में व्यापारियों के साथ बैठक में कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में पांच बड़े बाजारों का पुनर्विकास करने का अपना वादा पूरा करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सदर बाजार में अतिक्रमण की समस्या का समाधान तक नहीं कर पाई है।

इस बैठक में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी भी शामिल हुए थे।

# वेतन मामले में दिल्ली वक्फ बोर्ड सीईओ तलब

- न्यायमूर्ति ने कहा याचिका बहुत बुरी स्थिति को बयां करता है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को अपने समक्ष उपस्थित होने और लंबित बकाए का भुगतान करने संबंधी एक अदालत के आदेश के बावजूद कई महीनों तक बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन नहीं दिए जाने के कारण बताने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड इम्पलॉइज की याचिका बहुत बुरी स्थिति को बयां करती है क्योंकि कर्मचारियों को करीब नौ महीनों से उनका वेतन नहीं मिला है। न्यायाधीश ने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों की दशा के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील हैं, जो बहुत मुश्किल से गुजारा कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया, अदालती आदेशों का नहीं के बराबर सम्मान किया जा रहा है, क्योंकि सुनवाई की पिछली तारीख पर आश्वस्त किए जाने के बावजूद इस बारे में कोई निश्चितता नहीं है कि वेतन कब दिया जाएगा।

न्यायाधीश ने कहा कि अब यह कहा जा रहा है कि विषय पर विचार किया जा रहा है और कोष की कमी है। विषय के आलोक में, इस अदालत का यह मानना है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारीप्रतिवादी संख्या-1 (दिल्ली वक्फ बोर्ड) को सुनवाई की अगली तारीख 11 जुलाई 2023 को अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश देना उपयुक्त होगा। ताकि, वह इस अदालत के आदेशों का कथित तौर पर पालन नहीं करने और दिल्ली वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन-भत्ते देने के सांविधिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करने के बारे में बता सकें। अदालत ने एक जून को जारी अपने आदेश में यह कहा। याचिकाकर्ताओं ने एक कर्मचारी के साथ इस साल की शुरूआत में अदालत का रुख कर दावा किया था कि उन्हें पिछले साल अक्टूबर से वेतन नहीं मिला है और वित्तीय तंगी का सामना कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि 27 मार्च को जारी अदालत के आदेशों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एम सुफियान ने उच्च न्यायालय में दलील दी कि पीड़ित कर्मचारियों को गरिमापूर्ण जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया गया है।

# बुजुर्ग को पीट कर मार डाला, आरोपी धरा

- पीड़ित के खून से सने कपड़े और हमले में इस्तेमाल डंडा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में युवक ने एक बुजुर्ग को पीट कर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सब्जी मंडी इलाके के राम द्वार मंदिर के पास वाई-पॉइंट पर किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। आरोपी व्यक्ति आवारा किस्म का है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार तड़के करीब 2.45 बजे पुलिस को फोन आया कि सब्जी मंडी के बरफखाना इलाके में एक आवारा व्यक्ति एक बुजुर्ग की पिटाई कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि पीड़ित 70 वर्षीय बुजुर्ग ज्योति प्रसाद को हिंदू राव अस्पताल ले जाया गया, जहां तड़के करीब साढ़े तीन बजे उनकी मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि मौके से पुलिस ने पीड़ित के खून से सने कपड़े और खून से सना हुआ एक डंडा बरामद किया है।

झगड़े के बाद कबीर बस्ती निवासी 32 वर्षीय बादल फरार हो गया था। उसे रोशनआरा पार्क से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तारी के वक्त बादल ने खून से सनी जैकेट पहन रखी थी, जिसे जब्त कर लिया गया है।

पुलिस ने कहा कि बादल ने खुलासा किया कि वह आवारा है और घंटाघर इलाके में फुटपाथ पर रहता है। मलकागंज के राम द्वार मंदिर के पास वाई-पॉइंट पर भी रहता है। पुलिस के मुताबिक बादल का शुक्रवार को घंटाघर के पास कुछ लोगों से विवाद हो गया था, जिसके बाद वह झंडेवालान के पास वाई-प्वाइंट के लिए निकल गया।

पुलिस ने कहा कि उसने वहां एक बूढ़े व्यक्ति को बैठा पाया। बादल ने उन्हें वहां से चले जाने के लिए कहा, लेकिन जब वह नहीं गए, तो उसने उन्हें घूसों से पीटा और बाद में वहीं पड़े डंडे से वार किया।

### प्रॉपर्टी डीलर का शव पेड़ से लटका मिला

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के कमला नेहरू रिज में एक प्रॉपर्टी डीलर का शव पेड़ से लड़का हुआ मिला है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि चौकीदार द्वारा सूचित किए जाने के बाद पुलिस ने शव बरामद किया।

कलसी ने कहा कि मृतक की पहचान सिविल लाइंस इलाके में रेकेट कोर्ट रोड पर रहने वाले कपिल शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि शर्मा छोटा प्रॉपर्टी डीलर था। उसकी शादी हो चुकी थी और दो बच्चे हैं। शव का पोस्टमॉर्टम किया जा चुका है।

पुलिस ने कहा कि सूचना है कि शर्मा को भारी वित्तीय नुकसान हुआ था और वह तनाव में था। तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।




बदरपुर में विकास तीर्थ यात्रा को संबोधित करते विदेश मंत्री एस जयशंकर व अन्य भाजपा नेता।

### वादों को पूरा करती है मोदी सरकार : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लोगों से वादे हर कोई करता है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार का मजबूत पहलू यह है कि वह दी गई समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराती है और परियोजनाओं को पूरा करती है।

जयशंकर ने बदरपुर में राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) के तापीय विद्युत संयंत्र क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इको पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा, चुनाव के बाद, वे (लोगों से किए वादों को) भूल जाते हैं, लेकिन मोदी सरकार में लोग आज (सेवाओं को उपलब्ध होते और परियोजनाओं को) पूरा होते देख रहे हैं। दक्षिण दिल्ली से सांसद एवं भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी ने कहा कि इको पार्क का उद्घाटन दिसंबर में किए जाने की योजना है। भाजपा ने विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन किया है, जो बदरपुर के इको पार्क से शुरू हुई और जयशंकर तथा भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता इसमें शामिल हुए।

# मालचा महल के रिज क्षेत्र को दिया जाएगा नया रूप

- उपराज्यपाल ने पांच-ग्रिड पैटर्न में पौधरोपण करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सेंट्रल रिज स्थित 14वीं शताब्दी में बना मालचा महल के आसपास के जंगल और रिज क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

उपराज्यपाल ने इस कार्य को 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में पांच तरह के पौधे लगाए जाएंगे। इसमें अमलतास, चिनार, गुलमोहर, जैकरानाडा व बोगनवेलिया शामिल हैं। एलजी, वीके सक्सेना ने शनिवार को संबंधित अधिकारियों से विभिन्न फूलों के पेड़ों के पांच-स्तरीय वृक्षारोपण तुरंत शुरू करने के लिए कहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने फिरोज शाह तुगलक द्वारा निर्मित स्मारक की ओर जाने वाले द्वार के पास वृक्षारोपण किया। ज्ञात रहे कि मालचा महल को 14वीं शताब्दी में फिरोजशाह तुगलक द्वारा निर्मित किया गया था। वहीं, यह सरदार पटेल मार्ग के सामने से गुजर रही मुख्य सड़क है जो आईजीआई हवाई अड्डे की ओर जाती है।



सेंट्रल रिज स्थित मालचा महल के जंगल का निरीक्षण करने पहुंचे उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि यह रिज के पारिस्थितिक तंत्र को समृद्ध और मजबूत करने में मदद करेगा। रिज में मौजूदा प्राकृतिक स्रोतों में जल निकायों को विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं जो सरदार पटेल मार्ग के साथ 3.5 हेक्टेयर में फैला है।

उपराज्यपाल में पिछले साल 26 मई को पदभार संभालने के राजधानी में विभिन्न मुख्य मार्गों और सड़कों का सौंदर्यीकरण की निगरानी कर रहे हैं। इसी कड़ी में सरदार पटेल मार्ग और धौला कुआं और आईजीआई हवाईअड्डे के बीच की सड़क का कायाकल्प किया जा रहा है।

### रेल मंत्री वैष्णव ने किया नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया।

दिल्ली डिविजन ने रेल मंत्री के समक्ष कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। अश्विनी वैष्णव ने इस मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कंट्रोल ऑफिस में तैनात रेलकर्मियों एवं अधिकारियों से बातचीत भी की और कामकाज के तरीके को जाना।

उन्होंने निर्देश दिया कि रेलगाड़ियों की आवाजाही के दौरान सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए और इससे किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। मंत्री लगभग तीन घंटे तक अधिकारियों के साथ रहे।

# महिला के मंगेतर को छेड़छाड़ की फोटो भेजने पर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाने और एक महिला के मंगेतर एवं उसके परिवार को अश्लील संदेश एवं छेड़छाड़ की गई उसकी तस्वीर भेजने के आरोप में बिहार से 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान बिहार के मकर सारण निवासी शुभम कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 मार्च को एक महिला ने यहां शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मंगेतर और परिवार के सदस्यों को एक फर्जी सोशल मीडिया खाते से उसकी तस्वीरें और अश्लील संदेश भेजे गए हैं, जिसके कारण उसकी सगाई टूट गई। फोटोशॉप के जरिए इन तस्वीरों से छेड़छाड़ की गई थी।

जांच के दौरान यह पता चला कि शुभम कुमार ने फर्जी खाता बनाकर कथित तौर पर ए संदेश भेजे। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन ने कहा कि आरोपी को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया गया। कुमार ने बताया कि उसके महिला की एक रिश्तेदार से प्रेम संबंध हैं, जिसने कुछ पारिवारिक कारणों से उससे यह सगाई तुड़वाने के लिए कहा था, इसलिए महिला को बदनाम करने के लिए उसने फर्जी खाता बनाया और शिकायतकर्ता के मंगेतर को अश्लील संदेश और छेड़छाड़ कर बनाई गई तस्वीर भेजीं। हर्षवर्धन ने बताया कि आरोपी के मोबाइल फोन से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है और उसके दावों की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है।

# अधिक यातायात दबाव वाली सड़कों के लिए तैयार करें योजनाएं: पीसी मीणा



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते आयुक्त पीसी मीणा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### बैठक में ननि गुरुग्राम, नप सोहना व पटौदी-मंडी तथा नगर पालिका फरूख नगर के अधिकारी मौजूद रहे

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने निगम अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में यातायात व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अच्छी योजनाएं तैयार करने के लिए कुछ सड़कें जहां पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है, भविष्य में इसके और अधिक बढ़ने की संभावनाएं हैं। वहां के लिए अच्छी योजनाएं तैयार करवाने के लिए एक्सपर्ट से स्टडी करवाकर समयबद्ध योजनाएं तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा निगम के अधीन आने वाली 18 मीटर व 24 मीटर सड़कों को भी बेहतर बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### कई गतिविधियों पर होगी विस्तार से चर्चा

**बैठक** में खेल संबंधी गतिविधियां विकसित करने, पार्कों का सौंदर्यकरण एवं विकास, किड्स फ्रेंडली पार्क विकसित करने, वाटर बॉडीज को विकसित करने, सामुदायिक केन्द्र, नागरिक सुविधा केन्द्र विकसित करने, 24 घंटे पेयजल आपूर्ति योजना, इलैक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। दिव्य नगर योजना के तहत मुख्य सड़कों, पार्कों आदि का सौंदर्यकरण एवं विकास करवाने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य की समय सीमा निर्धारित की जाए। अतिक्रमण के बारे में चर्चा करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि जिन जमीनों को अतिक्रमणमुक्त करवाया जाता है, उन्हें साथ-साथ ही चारदीवारी करवाकर सुरक्षित करें, ताकि उन पर दुबारा से कब्जा ना हो। उन्होंने अतिक्रमण पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पड़े मलबे को भी जल्द उठवाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरा निगमायुक्त ने कहा कि योजना के तहत बैंकों से जल्द डिस्बर्समेंट करवाएं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, प्रॉपर्टी आईडी इंटीग्रेशन आदि के बारे में भी निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव, डा. नरेश कुमार, संजीव सिंगला व विजय यादव, एसई राधेश्याम शर्मा सहित नगर निगम गुरुग्राम, नगर परिषद सोहना व पटौदी-मंडी तथा नगर पालिका फरूखनगर के अधिकारी उपस्थित थे।

## चेक बाउंस केस में झुंड सराय के दीन दयाल को एक साल की सजा

**गुरुग्राम।** पटौदी अदालत में न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) मुकेश कुमार की अदालत ने चेक बाउंस के एक केस में निर्णय देते हुए आरोपी को दोषी माना। उसे एक साल की सजा व चेक की राशि का भुगतान करने का आदेश सुनाया है।

पीड़ित श्याम लाल के अधिवक्ता राजकुमार के मुताबिक पटौदी निवासी श्याम लाल पुत्र ओमप्रकाश वार्ड-5 नियर होली ग्रांउड ने आरोपी दीन दयाल निवासी गांव झुंड सराय जिला गुरुग्राम को सात लाख 27 हजार रुपये का दोस्ती में उधार दिए थे। आरोपी ने तीन लाख 27 हजार का चेक श्याम लाल को सात जनवरी 2016 को दिया। जब श्याम लाल ने चेक बैंक में क्लीयरेंस करने के लिए डाला तो वह बाउंस हो गया। क्योंकि दीन दयाल के खाते में रकम नहीं थी।

चेक बाउंस के बाद भी दीन दयाल ने कोई सकारात्मक रुख पैसे देने के लिए नहीं दिखाया। पीड़ित के अधिवक्ता ने उसे कानूनी नोटिस भी भेजा। इसके बाद पीड़ित श्याम लाल ने 30 मार्च 2016 को न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। 2016 से अदालती कार्यवाही जारी रही। पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट राजकुमार जुड़ौला द्वारा अदालत में तथ्यों सहित पेश किए गए सबूतों और बयानों को न्यायधीश न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) मुकेश कुमार की अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे एक साल की सजा सुनाई है।

## स्विमिंग चैंपियनशिप में चैंपियंस एक्वाटिक्स अकादमी ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी



गुरुग्राम के सेक्टर-48 स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई जिला स्तरीय तैराकी चैंपियनशिप में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

### हरियाणा स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप 29 जून से दो जुलाई तक बहादुरगढ़ में

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** जिला स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित हुई दो दिवसीय तैराकी चैंपियनशिप में एक्वाटिक्स अकादमी ने ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। सेक्टर-48 स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान, हरियाणा ओलंपिक संघ के सहसचिव एवं हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री व गुरुग्राम जिला अध्यक्ष नवीन गोयल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

हरियाणा तैराकी संघ के उपाध्यक्ष रवि शिंगारी, गुड़गांव तैराकी संघ के महासचिव एवं कनवीनर रोहित सिंह पानू, स्विमिंग कोच रविंद्र पानू, हरियाणा तैराकी संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जून समेत कई अतिथियों ने शिरकत की। अपने संबोधन में महासचिव अनिल खत्री ने कहा कि तैराकी के खेल में बच्चों का रूझान काफी बढ़ रहा है। अभिभावक भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को तैराकी के क्षेत्र में भेजना पसंद करते हैं। तैराकी के क्षेत्र में अगर बच्चा कामयाब हो जाता है तो भविष्य में भी वह बुलंदियां छू सकता है।

जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष नवीन गोयल ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता कोई भी हों, हमें अपना पूरा जोर लगाना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिताओं से होकर हमें गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि तैराकी के खेल में खिलाड़ी वही कामयाब हैं, जो कि तन, मन से इसके प्रति समर्पित होते हैं। मानसिक संतुलन बहुत मायने रखता है। हरियाणा तैराकी संघ के उपाध्यक्ष रवि शिंगारी ने भी खिलाड़ियों के बेहतर खेलने पर शाबासी दी। उन्होंने जानकारी दी कि हरियाणा स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप 29 जून से 2 जुलाई तक बहादुरगढ़ में आयोजित की जा रही है। गुरुग्राम में हुई इस जिला स्तरीय चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी बहादुरगढ़ में राज्य स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेंगे। गुड़गांव तैराकी संघ के महासचिव एवं कनवीनर रोहित सिंह पानू ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, मीडियाकर्मियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी तैराकी को आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रहेंगे।

### ये खिलाड़ी चुने गए बेस्ट स्विमर

**इस** चैंपियनशिप में 5 समूहों में बेस्ट स्विमर चुने गए। लड़कों के ग्रुप-1 में निशांत अंजना, लड़कियों के ग्रुप-1 में सुहानी अहलावत, लड़कों के ग्रुप-1 में साइयांश टपूरियाह एवं अनंत गुलिया, लड़कियों के ग्रुप-2 में सामिया शिंगारी, लड़कों के ग्रुप-3 में देवेश खरब, लड़कियों के ग्रुप-3 में सेरेना सरोहा, लड़कों के ग्रुप-4 में अर्जुन सिंह, लड़कियों के ग्रुप-4 में युविका शर्मा, लड़कों के ग्रुप-5 में कविश मुल्ल, लड़कियों के ग्रुप-5 में आरोही जोशी अव्वल रहे।

## भोपाल से मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को डीईओ ने किया सम्मानित



खिलाड़ियों को सम्मानित करतीं डीईओ इंदू बोकन।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

### 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में खेलकर आए हैं खिलाड़ी

**मध्य** प्रदेश के भोपाल में 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ी गीतिका दहिया पुत्री जितेंद्र दहिया और कपिल पुत्र अजीत कुमार ने मेडल जीते। गृह नगर पहुंचने पर दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। शिक्षा विभाग की तरफ से उन्हें सम्मानित किया गया।

भोपाल के तांत्या टोपे स्टेडियम में हुए नेशनल स्कूल गेम्स में देशभर से खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें गुरुग्राम के भी खिलाड़ी शामिल रहे। ऊंचा माजरा गांव की खिलाड़ी गीतिका दहिया ने 800 मीटर व 1500 मीटर रेस में सिल्वर मेडल जीते। कपिल ने 3000 मीटर रेस में कांस्य पदक जीता। मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी इंदू बोकन ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया। खिलाड़ियों के साथ कोच राकेश को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीईओ, प्रिंसिपल डा. धर्मपाल, प्रिंसिपल राकेश शर्मा, पीटीआई ललित कुमार मौजूद रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी इंदू बोकन ने कहा कि हमारे हरियाणा के खिलाड़ियों ने सदा प्रदेश का नाम रोशन किया है। हरियाणा के हर जिला से खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन खेलों में किए हैं। गुरुग्राम जिला के दोनों खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश में हरियाणा का नाम रोशन किया है। इसके लिए खिलाड़ी, शिक्षकों और अभिभावकों को वे शुभकामनाएं देती हैं।

## पीएम का मन की बात कार्यक्रम आज: अरविंद सैनी

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात रविवार को सुबह 11 बजे बूथ स्तर पर सुना जाएगा। हर महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री देश के साथ मन की बात कार्यक्रम से बातों को सांझा करते हैं, लेकिन इस बार विशेष परिस्थिति के कारण 18 जून को यह कार्यक्रम होगा।

## वरिष्ठ पत्रकार सुखबीर चौहान को पत्नी शोक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के वरिष्ठ पत्रकार व हरियाणा पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रहे सुखबीर चौहान की पत्नी श्रीमती ओमवती देवी का निधन हो गया। 68 वर्षीय ओमवती के निधन समाचार से पत्रकार जगत में शोक व्याप्त है। शनिवार को उनके गांव सरहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय ओमवती अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, गुरुग्राम पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख अनिल कश्यप, गुरुग्राम नगर निगम के पूर्व मेयर विमल यादव, वरिष्ठ पत्रकार अनिल आर्य, सुधीर वशिष्ठ, बिनेश त्यागी, डॉ. संदीप चौहान सहित अनेक समाजसेवी, ग्रामीण मौजूद रहे।

## आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग है महत्वपूर्ण: बोधराज सीकरी



गुरुग्राम के सेक्टर-7 में संगीतमयी योग शिविर में योग करते साधक।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### शारीरिक स्वास्थ्य मानसिक सुख भी देता है योग

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन, ओम योग संस्थान शाखा गुरुग्राम, जीएवी इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर-7 में नि:शुल्क संगीतमय योग एवं ध्यान साधना शिविर के तीसरे दिन भी योग साधकों ने योग की क्रियाएं की। शिविर में फरीदाबाद से रामवीर आर्य प्रभाकर एवं राशि ने भजनों से समां बांधा।

शिविर में विशिष्ट अतिथि राव दलबीर सिंह पूर्व एसीपी गुरुग्राम, एलएन राव डीसीपी दिल्ली पहुंचे। इनका स्वागत पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी, उनके साथी सुरेंद्र खुल्लर, अशोक आर्य, रमेश मुंजाल, ओपी कालरा, रामलाल ग्रोवर, अनिल, रमेश कुमार, ज्योत्सना बजाज, ज्योति वर्मा, राजपाल आहूजा, धर्मेंद्र बजाज, किशोरी लाल डुडेजा, नरेश चावला, रमेश कामरा, उमेश ग्रोवर, रवि मनोचा, चन्द्रप्रकाश रहेजा, धर्मपाल कटारिया आदि ने किया। दीप प्रज्वलन के बाद बोधराज सीकरी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस शिविर के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में स्वास्थ्य प्रेमियों व योग साधकों को योगीराज ओमप्रकाश ने मोटापा और वजन कम करने के लिए विभिन्न योगिक क्रियाओं, योगासनों, प्राणायाम तथा बंध व मुद्राओं की विधा को बारीकी से समझाया। मंत्रोच्चारण के पश्चात योगीराज महाराज ने संगीत की विशेष धुनों के साथ कपालभाति एवं अग्निसार क्रिया का अभ्यास कराया। इसके बाद स्वरचित गीत प्राणायाम के करने से मन भी रुक जाता है-के साथ भ्रस्त्रिका प्राणायाम, सूर्यभेदी प्राणायाम, दीर्घ प्राणायाम (श्वसन), अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रमरी प्राणायाम एवं ओंकार प्राणायाम का अभ्यास कराया।

तत्पश्चात योगीराज महाराज ने मोटापा, मेद व वजन कम करने तथा उदर रोगों को ठीक करने के लिए विशेष यौगिक क्रियाओं जैसे नौका चालन, साइकिल चालन, पेट के बल लोट-पोट होना आदि का अभ्यास कराया। मोटापा कम करने के लिए संगीत की धुनों के साथ प्रात:काल की शुभ बेला में सूर्य नमस्कार एवं भूमि नमस्कार का भी अभ्यास योगीराज ने कराया।

## पार्किंग की व्यवस्था नहीं वसूल रहे नो पार्किंग चार्ज : पंकज डावर

### पुलिस व नगर निगम वाहनों को टो करके कैसे वसूल सकते हैं नो पार्किंग चार्ज



पंकज डावर।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में अगर आप गलती से किसी मेडिकल स्टोर के सामने अपना वाहन खड़े करके दवा भी खरीदने जा रहे हैं तो सावधान रहें। आपके वाहन को कब क्रेन उठा ले जाए, कुछ नहीं पता। इसके बदले में आपको मोटा जुर्माना भी भरना पड़ेगा। यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर की।

पंकज डावर ने कहा कि कितनी हैरानी की बात है कि गुरुग्राम में वैध पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। फिर भी वाहनों को क्रेन द्वारा नो पार्किंग बताकर उठाया जाता है। बदले में मोटी राशि वसूली जाती है। जो कि सरासर गलत है। अगर आपके पास पार्किंग ही नहीं है तो फिर नो पार्किंग के बोर्ड लगाना भी बेमानी है। आधे से ज्यादा ये बोर्ड टूट भी चुके हैं। पंकज डावर ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा जब बेवजह सरकार लुटती है तो उसे बड़ा दर्द होता है। उन्होंने कहा कि जनता पार्किंग शुल्क देने को तैयार है। नो पार्किंग का शुल्क लेने वाली पुलिस और नगर निगम यह तो बताए कि जनता ऐसे कौन से स्थान पर अपने वाहन को खड़ा करे, जहां उसे ऐसे शुल्क देने से बचाव हो सके।

पंकज डावर ने कहा कि पुलिस हो या नगर निगम या कोई अन्य विभाग इन विभागों का कार्य जनता को सहूलियत पहुंचाने का है, लेकिन इस सरकार में सभी विभाग जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने में जुटे हुए हैं। पंकज डावर ने दावा किया कि सरकार बनते ही सबसे पहले गुरुग्राम में बहुमंजिला पार्किंग निर्माण का कार्य शुरू कराया जाएगा। बस स्टैंड का नवीनीकरण, शहर वासियों को सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

## लेखक एवं उद्यमी कपिल पठारे की किताब 'मेडेन इनिंग्स' है महिला क्रिकेट का उत्सव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**महिलाओं** के क्रिकेट की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों के दौरान काफी बढ़ी है। भारतीय महिलाओं की टीम द्वारा हासिल की गई सफलताएं और उपलब्धियां बहुत ही शानदार हैं। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में भारत में महिलाओं के क्रिकेट ने एक शानदार सफर की शुरुआत की, जब देश भर की युवतियां रोमांच और दृढ़ निष्ठा की भावना के साथ एकजुट हुईं। उनके सामने आने वाली तमाम बाधाओं के बावजूद इन खिलाड़ियों ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए जिनमें उनका पहला विदेश दौरा, पहला विश्व कप और कई पहले विवाद शामिल थे। फिर भी उनकी जीतों पर लोगों ने ज़्यादा ध्यान नहीं दिया।

कपिल पठारे की 'मेडेन इनिंग्स' क्रिकेट में भारतीय महिलाओं के सशक्तिकरण की कई अनकही कहानियों पर रोशनी डालती है। नोशन प्रेस द्वारा प्रकाशित इस किताब में दुनिया भर की महिलाओं के लिए आदर्श के तौर पर टीम के मजबूत चरित्र को दिखाया गया है और इसका उद्देश्य क्रिकेट के खेल में महिलाओं की उपलब्धियों को नजरअंदाज करने की आदत को बदलना है। यह किताब



भारतीय महिला क्रिकेट के अनजान नायकों के प्रति सम्मान व्यक्त करती है। हालांकि भारतीय महिला क्रिकेटरों को पिछले एक दशक के दौरान ही कुछ लोकप्रियता मिली है, लेकिन इससे काफी पहले से ही वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त प्रदर्शन करती आई हैं। यह किताब भले ही महिला क्रिकेट के सितारों की नई पीढ़ी पर केंद्रित हो, लेकिन लेखक ने भारतीय महिला क्रिकेट की छह स्वर्णिम महिलाओं के सफर पर प्रकाश डाला है। इनमें डायना फ्राम एडुलजी, शांता रंगास्वामी, शुभांगी कुलकर्णी, पूर्णिमा राव, अंजू जैन और अंजुम चोपड़ा शामिल हैं।

ये सभी महिलाएं पूर्व में भारत में महिलाओं के लिए क्रिकेट की दुनिया में क्रांति लाने में अग्रणी भूमिका निभा चुकी हैं, इनमें से कुछ महिलाएं हमारे पुरुष प्रधान समाज में हर तरह की विपरीत परिस्थिति का सामना भी कर चुकी हैं। किताब का आधे से ज़्यादा हिस्सा 'इंडियाज़ फाइनल फैबुलस फिफ्टिन' यानी 'भारत की अंतिम शानदार पंद्रह महिलाएं' को समर्पित है जिसमें यह प्रेरणादायक कहानी बताई गई है कि किस तरह भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट की दुनिया में इतिहास रचा है। इसमें उन असाधारण युवतियों की कहानियों के बारे में जानकारी मिलती है जो अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों और अजेय भावनाओं के दम पर देश भर की युवतियों के लिए आदर्श बन गईं। इन हस्तियों में मिताली राज, झूलन गोस्वामी, हरमनप्रीत कौर भुल्लर, दीप्ति शर्मा, स्मृति मंधाना, पूनम राउत, पूनम यादव, वेद कृष्णमूर्ति, एकता बिष्ट, राजेश्वरी गायकवाड़, मोना मेश्राम, शिखा पांडेय, सुषमा वर्मा, मानसी जोशी और नुज़हत परवीन शामिल हैं। कपिल पठारे ने कहा, महिला क्रिकेट पर लिखी गई इस किताब मेडेन इनिंग्स में उन खिलाड़ियों की प्रेरणादायक कहानियां हैं, जिन्होंने हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया है। यह ऐसा विषय है जो मेरे दिल के बहुत करीब है और मुझे गर्व है कि मैं उन शानदार महिलाओं की कहानियां साझा कर पाया हूं जिन्होंने अपने सपने पूरे करने और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए असीम बाधाओं को पार किया है।

## सीएम उड़नदस्ता टीम ने डिपो धारक की दुकान पर मारा छापा



सोहना में गुरुवार को सीएम उड़नदस्ता टीम द्वारा डिपो धारक के पास मारा गया छापा।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता टीम ने वार्ड 10 में सरकारी राशन की दुकान पर मारा छापा के दौरान गेहूं और चीनी क्षमता के अनुसार कम पाया गया। आरोपी डिपोधारक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया।

शुक्रवार को शहर के वार्ड 10 में सरकारी राशन दुकान धारक मलखान द्वारा आज उपभोक्ताओं को राशन वितरण कर रहा था। जिसके पास वार्ड 12, 13 और 15 का भी राशन वितरण करने की जिम्मेवारी है। सीएम उड़नदस्ता टीम द्वारा मौके पर मौजूद राशन की जांच रिकार्ड के अनुसार जांच की गई। रिकार्ड में डिपोधारक के पास कुल गेहूं 33053-29 किलोग्राम तथा चीनी 1183 किलोग्राम होनी चाहिए थी। लेकिन डिपोधारक के पास 5253-29 किलोग्राम गेहूं और 83 किलोग्राम चीनो कम मिली।

सीएम उड़नदस्ता टीम मौके पर आरोपी राशन तैरने वाले उपकरण से लेकर रिकार्ड रजिस्टर और राशन को कब्जे में लेने के बाद शहर थाना पुलिस को सौंप दिया। आरोपी मलखान के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए मामला दर्ज कराया गया।

## सोहना की पंचायतों को गंदगी मुक्त बनाने की कवायद शुरू, डोर टु डोर अभियान शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की ग्राम पंचायतों को गंदगी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके लिए अब ग्राम पंचायतों में भी कूड़े के ढेर नजर नहीं आएंगे। शहरों की भांति खंड की 35 में से 25 ग्राम पंचायतों में डोर टु डोर कूड़ा उठाया की कवायद शुरु की गई है। जहां सूखा व गिला कचरा को अलग-अलग करके उठाया जा रहा है।

पंचायत विभाग ने खंड की 35 में से 25 ग्राम पंचायतों में भी अब शहरों की भांति डोर टु डोर कूड़ा उठाने की कवायद शुरु की गई है। यह जिम्मेदारी पंचायत विभाग ने अरावली कंश्यूलेशन एजेंसी को सौंपी है। डोर टु डोर कूड़ा उठाने में प्रत्येक ग्राम पंचायत में अरावली कंश्यूलेशन एजेंसी का वाहन पहुंच रहा है।

### खुले में कचरा न डालने के आदेश

**ग्राम** पंचायतों में मुनादी कराके ग्रामीणों को अपने घरों का गिला व सूखा कूड़े को खुले में न डालने के निर्देश जारी कर दिए है। ग्रामीणों को कूड़ा उठाने वाले वाहन में ही अपने



कचरा को डालने के कहा गया है। ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा के सरपंच रामपाल ने बताया कि डोर टु डोर कूड़ा सर्विस से गांव गंदगी मुक्त हो रहे है। गंदगी न होने से मक्खी व मच्छरों का आतंक समाप्त होगा। जिससे ग्रामीण हैजा, उल्टी, दस्त, मलेरिया व डेंगू जैसी जान लेवा बीमारी से सुरक्षित रहेंगे।

### योजना से जुड़ी 12 पंचायतें

**वर्तमान** समय में खंड की 35 में से 25 पंचायतों में यह योजना पिछले करीब एक साल से डोर टु डोर कूड़ा उठाया जा रहा है। जिन पंचायतों में कूड़ा उठाया जा रहा है। उनमें बादशाहुपर टैठड़, मंडावर, खेड़लीलाला, अलीपुर, दौला, खरौदा, खेड़ला, राहाका, महेन्द्रवाड़ा और हरचंदपुर, घामडौज, गढ़ीबाजीदपुर, अभयपुर, हाजिपुर, सिलानी, नूनेरा, चूहड़पुर, राहाका-सतलाका, खूटपुरी, मंडावर, दमदमा, खेड़ला समेत अन्य पंचायत शामिल है।

“ खंड के सभी ग्राम पंचायतों को डोर टु डोर योजना से जोड़ना जरुरी है। ताकि गांवों को शहरों से बहत्तर सफाई के क्षेत्र में बनाया जाएगा। जिस भी ग्रम पंचायत में कूड़ा सेड के लिए जमीन है। अभी 12 ग्राम पंचायतों में बनें कूड़ा शेड में कचरा डाला जा रहा है। वहीं पर कचरे की छटनी की जाती है।

**( हितेश कुमार-बीडीपीओ सोहना )**

# खट्टर सरकार ने हरियाणा में किया शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल : डॉ. अशोक तंवर

### होडल और हथीन में कार्यकर्ताओं के साथ आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने शुक्रवार को हल्का हथीन के गांव अहरवा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद होडल में कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की जा रही है।

खट्टर सरकार में किसान, मजदूर, महिला और युवा हर वर्ग परेशान है। उनके लिए केवल आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प बचा है। इसलिए अब बदलाव होगा, प्रदेश की जनता मौके के इंतजार में है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों ने नीट की परीक्षा पास की और खट्टर सरकार ने हरियाणा में शिक्षा व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर रखा है कि बच्चों से दसवीं तक पास नहीं होती।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता आम आदमी पार्टी लगातार जुड़ रही है और आम आदमी पार्टी का प्रत्येक सदस्या जमीनी स्तर पर सक्रिय है। एक महीने के अंदर आम आदमी पार्टी और मजबूती से उभर कर सामने आएगी। उन्होंने कहा कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र कॉपी किया है। लेकिन आम आदमी पार्टी ओरिजिनल पार्टी है जो कहती है, वही करती है। राजस्थान में जब तीन महीने बचे तो कांग्रेस को याद आया की बिजली फ्री देनी है। पौने पांच साल उनको कुछ याद नहीं आया। नकल भी उनसे ढंग से नहीं की गई, अब भी 100 यूनिट ही बिजली फ्री दी। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा के किसान, नौजवान, पहलवान, माताएं और बहनें किसी न किसी मुद्दे को लेकर सड़कों पर हैं।

सरकार की ज्यादतियों से आज समाज का हर वर्ग सड़कों पर निकलने को मजबूर हैं। डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार का काम अभी जारी है। जल्द ही ब्लॉक स्तर, सर्कल और ग्राम स्तर के संगठन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 में आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों की लड़ाई लड़ेगी। किसान, मजदूर और आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर आम आदमी पार्टी चुनाव के मैदान में उतरेगी। हर वर्ग को आम आदमी पार्टी की नीतियों से जोड़ने का काम करेंगे। 2024 में प्रदेश की जनता बीजेपी जेजेपी सरकार को सबक सिखाते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएगी। इस मौके पर रवि तेवतिया, राजेंद्र शर्मा, सूरज नेहरा, बसंत कर्दम, चंचल तंवर, रवींद्र, संतराम मेघवाल, राजीव लांबा सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

# नौ साल के विकास और पिछली सरकार का काला चिट्ठा जनता को बताएंगे : चतुर्वेदी

### 30 जून तक भाजपा चला रही है महासंपर्क अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**वर्तमान** सरकार द्वारा नौ साल का कार्यकाल पूर्ण करने के उपरांत पार्टी की ओर से नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत महासंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं और नौ साल में वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में जो भी उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके अनुभवों को लोगों के साथ सांझा किया जा रहा है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भाजपा पूर्व मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान अरुण चतुर्वेदी विश्राम गृह में प्रेस वार्ता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल, विधायक दीपक मंगला, हरेंद्रपाल राणा, मेहरचंद गहलौत, वीरपाल दीक्षित, मुकेश सिंगला, हरेंद्र तेवतिया मौजूद रहे। उन्होंने बीजेपी सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में की गई अनेक



योजनाओं, परियोजनाओं, नीतियों की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार 30 जून तक नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके अंतर्गत महासंपर्क अभियान चलाया गया है। वरिष्ठ नेताओं, एमपी, विधायकों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की जा रहीं हैं। इस अभियान के तहत प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में काला दिवस मनाकर रैली निकाली जाएंगी, जिसमें पूर्व की सरकारों के काले चिट्ठे पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि 30 जून को हर परिवार तक पहुंचकर महासंपर्क किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, वे जो कहते हैं वह करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंत्योदय की भावना के साथ कार्य किया है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को सरकारी की योजनाओं के साथ जोड़ने तथा उसे सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया है। वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री आवासीय योजना, हर घर नल से जल तथा देश के हर एक गांव तक बिजली पहुंचाने का कार्य किया है। गांव-गांव में सडकें पहुंच रहीं है। सड़कों व पुलों का जाल बिछाया, रेल कोरिडोर तथा जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए एलिवेटिड पुल का निर्माण आदि विकास कार्य करवाए गए हैं। इसके अलावा देश की आंतरिक सुरक्षा के मद्देनजर गत वर्ष 2014 के बाद सिरियल ब्लास्ट जैसी आतंकी घटनाओं पर प्रतिबंध लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में लोगों द्वारा कानून की पालना सुनिश्चित करवाई गई है।

श्री अरूण ने कहा कि कोरोना काल में देशवासियों के साथ-साथ अन्य देशों को भी कोविड वैक्सीनेशन उपलब्ध करवाई गईं। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोरोना काल में जरूरतमंदों के घर-घर जाकर दवा, भोजन उपलब्ध करवाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश की ख्याति और अधिक बढ़ी है। आज विश्व के कई देश भारत को आशा की नजर से देख रहे हैं। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने नई शिक्षा नीति, एक देश एक कर, रोजगार उन्मुखता को बढावा दिया गया है। कश्मीर जैसी समस्या का निराकरण कर धारा 370 हटा कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत किया गया है। रक्षा क्षेत्र में आज हम करीब 20 देशों को हथियार निर्यात कर रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना लाकर गरीबों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# अवैध पानी के कनेक्शन काटेगा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

### विभाग की ओर से अभियान चलाकर किया जा रहा है चिन्हित

**पलवल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से जिला में अवैध पानी के कनेक्शनों को काटने के लिए मुहिम की शुरुआत की गई है। जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा ने बताया कि जिला के खंड हथीन के गांव मोहदमका में ऐसे लोगों को चिन्हित करने का काम किया गया, जिन्होंने अपने घरों में पानी के अवेध कनैक्शन लगाए हुए हैं या फिर जिन्होंने नलों पर टूटी नहीं लगाई हुई है। इसके अलावा जो भी जन पानी के नलों को खुला छोड़कर जल को बर्बाद कर रहे हैं, जल जीवन मिशन के इस विभागीय अभियान के तहत गांवों में घर-घर जाकर ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है तथा जिन्होंने पेयजल कनेक्शनों की विभाग की तरफ से मंजूरी नहीं ली है, ऐसे पानी के कनैक्शनों को दुरुस्त कराने के लिए मौखिक रूप से पहले चेतावनी दी गई थी। ताकि लोगों को जल जीवन मिशन के तहत साफ और स्वच्छ पेयजल मिल सके। इसके बावजूद लोगों ने ऐसे पानी के कनेक्शनों को वैध नहीं करवाया। इसी के तहत विभागीय कार्रवाई की गई। जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा



अवैध कनेक्शन काटती जेसीबी मशीन

ने बताया कि गर्मी के समय में सबको पीने का पानी प्राप्त हो सके। इसलिए अवैध कनेक्शनों को काटने की मुहिम चलाई गई है। गांव मोहदमका में उपमंडल अभियंता सुमित कुमार की अध्यक्षता में पानी के अवैध कनेक्शन काटे गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिला के अन्य गांवों के सभी ग्रामीणों से आग्रह किया है कि या तो वे अपने अवैध कनेक्शनों को बंद कर दे या फिर उन्हें विभाग से वैध करवाए। इस मौके पर खंड हथीन से कनिष्ठ अभियंता महबूब खान, विभागीय कर्मचारी ऋषि, संदीप, कहलिल, विश्वेंद्र, जयदीप, हरण, ईरशाद, ताहिर मजीद शोराब, जाफर, जहीर, खलिद, इब्राहिम और ग्राम पंचायत के सदस्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# मरीज की वसीयत अपने नाम करने पर मामा भांजा नामजद

**फरीदाबाद।** अस्पताल के दाखिल मरीज के वसीयत अपने नाम करने पर पुलिस ने मामा भांजा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के अनुसार फरीदाबाद के गांव कोराली निवासी भगवती ने सूरजकुंड थाने में दी अपनी शिकायत में बताया कि उनके पति किरणपाल पति मार्च 2021 में फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित अराइस अस्पताल में भर्ती हुए थे।

जहां आरोपी कमल सिंह और उसके भांजे अमित कुमार ने किरण पाल का फर्जी वसीयतनामा तैयार करके उनकी वसीयत कमल के नाम करवा दी थी और भांजे ने उसके ऊपर बतौर गवाह हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने बताया इसके बाद पांच मार्च को एशियन अस्पताल में किरणपाल की मृत्यु हो गई थी। मृतक किरणपाल की पत्नी भगवती ने अपनी शिकायत में कहा ने कि किरणपाल पढ़े लिखे व्यक्ति थे, जबकि वसीयतनामा पर उनके अंगूठे के निशान लगाए गए हैं। जिससे यह पता चलता है कि यह अंगूठे के निशान उनका हाथ पकड़कर जबरदस्ती लगवाए गए हैं। दूसरी बात यह है कि जब उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो उनके सोचने समझने की इतनी शक्ति नहीं थी, इसलिए आरोपियों ने इसका फायदा उठाया और उनकी वसीयत अपने नाम करवा ली। पीड़िता ने यह भी बताया कि अराइज अस्पताल का एक डॉक्टर आरोपी कमल का जानकार है इसलिए हो सकता है अस्पताल प्रबंधन का भी इसमें हाथ हो।

# आगरा केनाल में पैर फिसलने से गिरी महिला की जान बचाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**यातायात** पुलिस ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आगरा केनाल में पैर फिसलने से गिरी महिला की जान बचाई। शनिवार को करीब 12.30 बजे खेड़ीपुल के नजदीक आगरा केनाल में एक महिला उम्र लगभग 70 वर्ष है, नहर में पैर फिसलने से गिर गई थी। जो पानी ज्यादा होने पर महिला नहर में तैरते हुए जा रही थी। अचानक वहां पर तैनात यातायात पुलिस के जवानों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला आगरा नहर में बचाव के लिए हाथ पैर फेंक रही है। जैसे ही उन्हें सूचना मिली तो तत्परता से यातायात पुलिस में तैनात उप



निरीक्षक कृष्ण, होमगार्ड कृष्ण और प्रदीप के साथ मौके पर पहुंचे। महिला नहर के पानी के बहाव के साथ जा रही थी। महिला की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम बीपीटीपी पुल के पास महिला के पास पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने आव देखा न ताव और महिला की जान बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। वहां मौजूद सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र व मुन्ना नाम के व्यक्ति की सहायता से महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। प्राथमिक उपचार देने के बाद महिला को तुरंत बीके अस्पताल के लिए ले गए, जहां उसकी हालत ठीक हो गई। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने उसका नाम पता पूछा जिस पर महिला ने बताया कि वह ठाकुरवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद की रहने वाली है। पुलिसकर्मियों ने जब उसके नहर में कूदने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसका पेट खराब हो गया था जो शौच के लिए आई थी। अचानक उसका पैर फिसल गया था। जिसके कारण वह नहर में गिर गई और पानी के बाहव के साथ नहर में चली गई। यह अक्सर देखा गया है कि ऐसी गंभीर दुर्घटना को लेकर आम आदमी जागरूक नहीं हैं। चाहे सड़क दुर्घटना का मामला हो या फिर बिजली के करंट का मामला हो या ऐसी वर्तमान जैसी परिस्थिति हो।

# अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**पलवल।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयुष विभाग तथा खेल विभाग और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 19 जून को खंड स्तर पर व 21 जून को जिला स्तर पर योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इसके लिए जिला स्तर के पंजीकरण आयुष विभाग व खेल विभाग पलवल में जमा किए जाएंगे और खंड स्तर के पंजीकरण संबंधित ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालय में होंगे। प्रतियोगिता हरियाणा योग आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार होगी।

# शिविर लगाकर महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर से बचने के लिए जागरूक किया

### डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने चलाया जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएलएफ** इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति महिलाओं में जागरूकता लाने व कैंसर की जांच करने के लिये मीमोग्राफी कैंप का आयोजन आशियाना अपार्टमेंट, सेक्टर 56ए में किया गया। रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन और ईएनडी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कैंसर डिटेक्शन एंड अवेयरनेस कैंप में 25 महिलाओं का निरीक्षण व स्क्रीनिंग की गई।

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने बताया कि कैंप में महिलाओं को जानकारी दी गई कि ब्रेस्ट कैंसर के क्या-क्या लक्षण हैं और उन्हें प्राथमिक स्टेज पर ही किस प्रकार डाइग्रोस किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित इस मीमोग्राफी कैंप में महिलाओं को जानकारी दी गई कि वे किसी भी लक्षण पर किस प्रकार चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करें और इस




जानलेवा बीमारी से बचें। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की रेडियोलाजिस्ट मोनिका भारद्वाज ने उपस्थित प्रतिभागियों को सेल्फ एग्जामिनेशन की जानकारी से रूबरू किया और बताया कि किसी भी प्रकार की गांठ, दर्द, आकार में परिवर्तन, ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण हो सकते हैं और यह प्राय: 35 वर्ष आयु उपरांत विवाहित महिलाओं में दिखाई देते हैं। नेहा ने स्ट्राइव प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत महिलाओं व युवतियों को एनएपीएस व डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पास स्वयं को रजिस्टर्ड कराना चाहिए, जिससे उन्हें विभिन्न कंपनियों में सीखने का मौका मिलेगा, जहां एक वर्ष तक 8500 रूपये प्रतिमाह के साथ सरकारी एड भी दी जाएगी। ईएनडी फाउंडेशन के प्रवीण तेवतिया ने डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन और कैंसर फाउंडेशन की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि इस कैंप के परिणाम सकारात्मक रूप से सामने आएंगे। प्रवीण ने सहयोग के लिये जेपी मल्होत्रा व उनकी टीम की सराहना की। कैंप में 25 महिलाओं का चैकअप किया गया और रिपोर्ट उपरांत आवश्यकता पड़ने पर एम्स नई दिल्ली में रैफर किया जाएगा, जबकि पूरा इलाज निशुल्क होगा। मल्होत्रा ने कैंप के आयोजन में योगदान के लिये सोनिया चौहान के प्रयासों की सराहना की। रोटरी कैंसर फाउंडेशन के सचिव जनरल अजय नारायण की विशेष रूप से सराहना करते मल्होत्रा ने कहा कि रोटरी ने इस संबंध में जो मुहिम आरंभ की है, वह वास्तव में मानव सेवा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

# पलवल में 10 साल के बच्चे से कुकर्म

**पलवल।** 10 साल के बच्चे को खेलने के बहाने जंगल में ले जाकर कुकर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। उटावड़ थाना पुलिस ने बच्चे के दादा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

उटावड़ थाना प्रभारी टेक सिंह के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि उसका पोता घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान हासिम नामक युवक उसके पोते को बहला-फुसलाकर खेल के बहाने जंगल में ले गया। हासिम ने उसे जंगल में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया।

बच्चे ने जंगल से लौटने के बाद अपने दादा को आपबीती बताई। इसके बाद वह भाइयों के साथ आरोपी हासिम के पिता के पास गए और शिकायत की तो उसके पिता ने कहा कि जो तुम्हें करना है कर लो और धमकी देकर भगा दिया। जिसके बाद इसकी शिकायत लेकर उटावड़ थाना पहुंचे। उटावड़ थाना पुलिस ने दादा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड परिसर में लगा रक्तदान शिविर

**पलवल।** विश्व रक्तदाता सप्ताह में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज ने हर घर रक्तदाता अभियान के अंतर्गत हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड पलवल पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



का आयोजन किया। शिविर में भयंकर गर्मी के बावजूद 64 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का संयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य और क्लब के संयोजक विकास मित्तल, हरियाणा रोडवेज पलवल के अधीक्षक राजेश और क्लब की सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड पलवल के जीएम नवनीत सिंह एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सौरोत ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है, जो भी व्यक्ति रक्तदान करता है, वह अपने शरीर के अंश से किसी दूसरे को नया जीवन देता है। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम तरक्की के बावजूद रक्त को किसी लैब, फैक्टरी या संस्थान में तैयार नहीं किया जा सकता है और न ही मनुष्य को जानवर का खून दिया जा सकता है। रक्तदान करने से लोग कुछ हिचकते हैं, जो गलत है। रक्तदान करना एक उत्तम कार्य है। इस अवसर पर हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड पलवल के अधीक्षक राजेश, राजसिंह, समाजसेवी हेमराज डागर, डॉ. नरेश डागर, नेपाल सिंह, संजीव, मनोज, भूषण, कमलेश, ललिता, मनीषा, पूजा, बबली, रुद्र मित्तल, विकल्प आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### योग प्रशिक्षण में अधिकारियों व कर्मचारियों को कराया अभ्यास



**फरीदाबाद।** तीन दिवसीय अधिकारीगणों का योग शिविर का समापन राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बाल आगरा चौक पलवल में हुआ। जिसमें लगभग सभी विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारी, योग विशेषज्ञ, योग सहायक आयुष विभाग, जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। योग विशेषज्ञों ने सामान्य योग अभ्यासक्रम प्रोटोकॉल अनुसार प्रार्थना के उपरांत शुभारंभ कराया गया। जिसमें समस्थिति खड़े होकर गिरवा चालन, स्कंद चालन, कटी चालन, घुटना चालन, खड़े होने वाले आसन ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन और अर्थउष्ट्रासन उष्ट्रासन, शषकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, उदर के बल लेटने वाले आसनों में मकरासन, भुजंगासन, शलभासन पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाति। प्राणायाम में नाड़ी शोधन, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रमरी प्राणायाम, अंत में ध्यान कराया गया। संकल्प दोहराने के उपरांत शांति पाठ करके समापन के दौरान पांच मिनट का म्यूजिकल संगीत पर योगासन कराए गए। जिसमें बाल योगियों व योगाचार्य गुरमेश सिंह तथा डॉक्टर रामजीत आर्य द्वारा प्रदर्शन किया गया। आयुष विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर सतीश शर्मा ने सबका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, बच्ची सहित दो घायल

**पलवल।** हाइवे पर बंचारी गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में उसका भाई व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती किया गया है। मुंडकटी थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन कुमार के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के लक्ष्मी नगर निवासी उदयवीर ने दी शिकायत में कहा है कि वह फरीदाबाद आया हुआ था। उसका मामा 40 वर्षीय श्याम सुंदर परिवार सहित फरीदाबाद के पल्ला में रहता था। वह फरीदाबाद की किसी निजी कंपनी में काम करता था। शुक्रवार को उसका मामा अपने चचेरे भाई संतोष व बेटी सात वर्षीय किंजल के साथ बाइक पर उसके भाई की सगाई के सिलसिले में मथुरा जा रहा था और वह भी दूसरी बाइक पर मथुरा जा रहा था। उसकी बाइक पीछे चल रही थी। रास्ते में नेशनल हाईवे पर बंचारी गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया, जबकि संतोष व किंजल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि ट्रक चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 10 लाख लेकर भागा अकाउंटेंट गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फर्वेंट ग्लोबल एलएलपी कंपनी का अकाउंटेंट 10 लाख रुपए कैश को लेकर फरार हो गया। सूचना के बाद हरकत में आयी पुलिस ने अकाउंटेंट को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कन्हैया लाल निवासी गांव अहवरनपुर हाथरस, यूपी के तौर पर हुई है। कन्हैया फिलहाल फरीदाबाद के सेक्टर-55 की राजीव कॉलोनी में रह रहा था। वह करीब दो वर्ष से फर्वेंट ग्लोबल एलएलपी कंपनी सी सेक्टर 81 में बतौर अकाउंटेंट काम करता था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 11 जून को कंपनी के पैसे बदरपुर बॉर्डर से लेने के लिए गया था। वहां से उसे 10 लाख रुपए मिले। इतने रुपए देखकर आरोपी की नीयत खराब हो गई ओर वह कैश लेकर फरार हो गया था। थाना बीपीटीपी पुलिस ने कंपनी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कन्हैया को बीपीटीपी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उससे 10 लाख रुपए बरामद कर लिए गए हैं।

### औद्योगिकरण से सिकुड़ रहे हैं गांव और जंगल : मनचंदा




**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व मरुस्थलीकरण व सूखा रोकथाम दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य ने कहा कि शहरों और औद्योगीकरण के विस्तार के चलते आज जंगल सिकुड़ रहे हैं, ऐसे में मैदानी क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाने का रिस्क भी बढ़ा है। प्राकृतिक, अंधाधुंध तरीके से लकड़ियों का ईंधन के लिये प्रयोग करना, दावानल आदि भूमिक्षरण के अन्य कारण रहे हैं। प्राचार्य ने कहा कि मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखा बड़े खतरे हैं, जिनसे विश्वभर में लाखों लोगों विशेषकर महिलाएं और बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। इस तरह के रुझानों को तत्काल बदलने की आवश्यकता है, क्योंकि इससे मजबूरी में होने वाले विस्थापन में कमी आ सकती है। खाद्य सुरक्षा सुधर सकती है और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। साथ ही यह वैश्विक जलवायु इमरजेंसी को दूर करने में भी मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार 2025 तक विश्व के दो तिहाई लोग जल संकट की परिस्थितियों में रहने को मजबूर होंगे। उन्हें कुछ ऐसे दिनों का भी सामना करना पड़ेगा, जब जल की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर होगा। मरुस्थलीकरण के परिणामस्वरूप विस्थापन और भी बढ़ने की संभावना है और 2045 तक लगभग 13 करोड़ से अधिक लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ सकता है।

### पाइप लाइन डालने के कार्य के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए जिला पलवल के खंड बडौली के गांव टीकरी गुर्जर में तथा टिकरी गुर्जर/सुल्तानपुर गांव के नजदीक पलवल-हसनपुर रोड पर पाइप लाइन डालने के कार्य के दौरान जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग पलवल के कार्यकारी अभियंता अमित कुमार शांडिल्य को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेगा। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संदर्भित भूमि एवं उपरोक्त कार्रवाई पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा कार्य नियमानुसार हो और धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

### ई-पेंशन सिस्टम में अपना पैन व आधार नंबर अपडेट करवाएं

**पलवल।** जिला खजाना के इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार से सेवानिवृत्त सभी पेंशनर्स जोकि खजाना कार्यालय पलवल से अपनी पैंशन प्राप्त कर रहे हैं। वह सभी अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड की फोटो प्रति के साथ खजाना कार्यालय में पीपीओ बुक के साथ किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर ई-पेंशन सिस्टम में अपडेट करवाएं। इसके साथ ही जो भी पैंशनर पुरानी टैक्स व्यवस्था में रहना चाहते हैं तो वे स्वयं ई-पैंशन में ई-पेंशनर लॉगिन कर एंट्री करके अपना डाटा अपडेट कर सकते हैं।

### प्रतापगढ़ में अनियंत्रित कार की टक्कर से हुआ भीषण हादसा

# महिला और दो बेटों की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर सांगीपुर थाना क्षेत्र में गोठवा ईंट भट्ठे के पास शुक्रवार रात अनियंत्रित कार की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने बताया कि गोठवा गांव निवासी मीनू (35) अपने दो बेटों-ऋतिक (5) और कार्तिक (3) के साथ सड़क के किनारे ईंट भट्ठे के पास बैठी थी, तभी एक तेज रफ्तार कार तीनों को कुचलती हुई पेड़ से जा टकराई। मिश्रा के मुताबिक, हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने तीनों को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सांगीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मीनू और कार्तिक को मृत घोषित कर दिया, जबकि ऋतिक को अमेठी के एक अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मिश्रा के अनुसार, पुलिस ने कार चालक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**रोडवेज बस और ट्रक के बीच भिड़ंत में 30 यात्री घायल**

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के अलापुर थाना क्षेत्र में एमएफ हाइवे पर हयातनगर पुलिया के पास शुक्रवार देर रात दिल्ली जा रही हरदोई डिपो की रोडवेज बस और एक ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिससे करीब 30 यात्री घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव के मुताबिक, अलापुर थाना क्षेत्र के हयातनगर गांव में शुक्रवार देर रात दो बजे के आसपास एक रोडवेज बस पुलिया पास सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। श्रीवास्तव ने बताया कि हरदोई डिपो की बस दिल्ली जा रही थी और इसमें लगभग 50 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। श्रीवास्तव के अनुसार, हादसे में बस में सवार लगभग 30 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 20 की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल और बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## सहारनपुर में यमुना नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से गई जान

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के थाना गंगोह क्षेत्र में शनिवार को यमुना नदी में नहाने गए दो चचेरे भाइयों की डूब जाने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बेहट थाना के खालिदपुर गांव के दर्पण (19) और उसके चचेरा भाई सागर (20) शनिवार को दौलतपुर गांव में घाट पर नहाने गए थे तभी अचानक दोनों भाई यमुना नदी में डूब गए और उनकी मौत हो गई।जैन ने बताया कि दोनों भाइयों के डूबते ही वहां मौजूद कुछ युवक नदी में कूद गए और भारी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को पानी से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतकों के परिजनों को सूचित किया। उन्होंने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्वाई की जा रही है।

# बृजभूषण के कार्यक्रम में बवाल, चले ईंट-पत्थर



**गोंडा।** कैसरगंज संसदीय क्षेत्र स्थित कटरा बाजार के बरबट गांव में आयोजित बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल होने गए सांसद बृजभूषण शरण सिंह के काफिले पर दो प्रधानों के समर्थकों ने मामली विवाद में पथराव कर दिया। गुस्साए लोगों ने जमकर ईंट-पत्थर चलाए। पथराव व बवाल से कार्यक्रम स्थल पर अफरा तफरी मच गयी। हालात बिगड़ते देख सांसद को कार्यक्रम स्थल से खिसकना पड़ गया। पथराव और भगदड़ में कई लोगों को चोटे आई हैं। इनमे आम लोगों के अलावा लखनऊ से कार्यक्रम की कवरेज करने आए कुछ पत्रकार भी शामिल हैं। इस हंगामे और बवाल के बीच पुलिस असहाय हालत में मूकदर्शक बनकर खड़ी रही। घटना का कारण सांसद के साथ सेल्फी लेना बताया जा रहा है। सांसद के साथ पहले सेल्फी लेने को लेकर मंच पर ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते दोनों के बीच मारपीट होने लगी। फिलहाल घटना की सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई है और पूरे मामले की जांच कर रही है। मामले में एसपी आकाश तोमर ने पुलिस मीडिया के हवाट्सप ग्रुप पर जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बरबटपुर में सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह भ्रमण पर आए थे। जहां सेल्फी लेने में आपस में मामूली कहासुनी हुई फिर सांसद के प्रस्थान कर जाने के बाद पानी के टैंकर से पानी पीने की बात को लेकर ग्राम सभा बिराहिमपुर बिलहरा थाना हुजूरपुर जनपद बहराइच के वर्तमान प्रधान फक्ररु पुत्र मुजम्मिल व पूर्व प्रधान आफत पुत्र मुजफ्फर के समर्थक आपस में विवाद कर लिए। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है।

## मां-बेटी की हत्या में पूर्व जिला पंचायत सदस्य को आजीवन कारावास की सजा

**मुजफ्फरनगर।** शामली जिले की एक अदालत ने एक महिला और उसकी 22 वर्ष की बेटी की हत्या के करीब चार साल पुराने मामले में जिला पंचायत के एक पूर्व सदस्य को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सजा सुनाई है और उसपर 15 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार शामली के अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने शनिवार को एक महिला और उसकी 22 वर्षीय बेटी की हत्या के मामले में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य डॉ. सुधीर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने डॉक्टर सुधीर पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।जिला शासकीय अधिवक्ता संजय चौहान ने बताया कि जिले के झींझाना थाना क्षेत्र में जनवरी 2019 में हरिनगर बिडौली में एक महिला कमला (50) और उसकी 22 वर्षीय बेटी सोनू की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में डॉक्टर सुधीर और सुनील को गिरफ्तार किया और जांच के बाद अदालत में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान ही सुनील की मौत हो गई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुधीर को दोषी ठहराया और उसे सजा सुनाई।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के जनकपुरी थानाक्षेत्र में एक युवक ने कथित तौर पर शादी का झांसा देकर 12 वीं की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जनकपुरी थानाक्षेत्र में एक युवक ने कक्षा 12 की नाबालिग छात्रा को अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का वादा करते हुए उससे कथित दुष्कर्म किया लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया।मांगलिक ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी अभय को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्वाई कर रही है।

## दलित किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

**बलिया।** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय दलित किशोरी को शादी का झांसा देकर उससे एक साल तक दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दलित किशोरी से दलपतपुर गांव का आशीष यादव पिछले एक साल से शादी का झांसा देकर उससे कथित तौर पर दुष्कर्म कर रहा था। बैरिया के थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि किशोरी की मां की शिकायत पर आशीष यादव के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और अनूसचित जातिअनुसूचिति जनजाति अत्याचार निवारण कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारणः डीएम

# सेक्रेट्री व लेखपाल को सस्पेंड करने के निर्देश

**गोडा।** समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील करनैलगंज में कुल 106 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफीध्वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने की बड़ी कार्रवाई

**गोंडा।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील करनैलगंज में जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान ग्राम चकसेनिया विकासखंड हलधरमऊ शिकायतकर्ता वंशीलाल पुत्र गुल्ले ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा को अवगत कराया कि मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर नकल के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शिकायतकर्ता को मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर नकल उपलब्ध कराते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी रविनन्दन को निलंबित करने के डीपीआरओ को निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही लेखपाल जयप्रकाश को पूर्व में उच्च अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे जो संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया की लेखपाल के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिसे संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने लेखपाल जयप्रकाश को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी करनैलगंज हीरालाल, प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज नवीना शुक्ल, तहसीलदार करनैलगंज नरसिंह नरायन, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला कृषि अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, धर्मेंद्र गौतम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एक्सईएन निर्माण खंड 2 बीके त्रिपाठी, एसओ करनैलगंज, कटरा बाजार, परसपुर, कौड़िया बाजार सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिले शव की शिनाख्त

**ऊंचाहार।** रविवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे मिले शव की शिनाख्त मृतक की बहन ने कपड़े व तस्वीर से कोतवाली पहुंचकर की है,पुलिस द्वारा मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।गौरतलब है कि बीती 11 तारीख को रामचन्द्रपुर रेलवे क्रासिंग के निकट केवलनयन पुर गाँव के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे युवक का शव पड़ा हुआ मिला था, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का भरसक प्रयास किया था लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी, पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया था।शनिवार को नरेंद्र नगर मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी सुशीला ने कोतवाली पहुंचकर तस्वीर व कपड़े के माध्यम से शव की शिनाख्त अपने 30 वर्षीय भाई मनोज कुमार के रूप में करके फफक कर रोने लगी।सुशीला का कहना है कि उसके पिता रामेश्वर रोजी रोटी के लिए परदेस में रहते हैं और एक वर्ष पूर्व उसकी मां की बीमारी के कारण मौत हो गई है, घर में वो अपने भाई मनोज कुमार के अलावा बहन सुनीला व शीला के साथ रहती है, 10 तारीख की सुबह भाई मनोज कुमार मतरौली गाँव में अंतिम संस्कार में शामिल होने घर से निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा और दूसरे दिन उसका शव केवलनयन गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था।

## सड़क हादसे में युवक की जान गई

**श्रावस्ती।** भिनगा . जिले में वाहन दुर्घटना की घटनायें बढ़ रही है जिसके चलते फिर युवक की जान चली गई। मामला भिनगा बहराइच मार्ग स्थित भिनगा पावर हाउस के सामने की है जहां शुक्रवार की रात किसी अज्ञात वाहन ने भिनगा निवासी बाइक सवार युवक को टक्कर मार मौके से वाहन समेत फरार हो गया जिससे बाईक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भिनगा नगर के मोहल्ला शिवाजीपुरम निवासी 30 वर्षीय प्रमोद पांडेय शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे किसी काम से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा गए थे। वहां से वापस लौटते समय भिनगा पावर हाउस के सामने सिरसिया की तरफसे आ रहे किसी तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानिए लोगो ने घटना की जानकारी कोतवाली भिनगा पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

### सीएम के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण

**अंबेडकर नगर।** आयुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या गौरव दयाल तथा पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या मंडल अयोध्या प्रवीण कुमार द्वारा जिलाधिकारी अविनाश सिंहए पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हाए मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन के साथ जनपद अंबेडकर नगर के राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का संभावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। अवगत कराना है कि जनपद अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का संभावित भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 20 जून 2023 को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर अंबेडकर नगर में जनपद की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास तथा उसके उपरांत जनसभा को संबोधित किया जाना प्रस्तावित है।इस दौरान आयुक्त द्वारा कार्यक्रम के तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने शांतिए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु मजिस्ट्रेटएअधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### नीट में होनहारों ने लहराया परचम

**कानपुर ।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट .2023 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के छात्रों ने एक बार फिर शानदार कामयाबी प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। मोशन के 3 विद्यार्थियों ने आल इंडिया रैंक के टॉप 100 में जगह बनाई हैं। इसमें वैभव सिन्हा ने 30वीं, नव्या मिश्रा ने 71वीं और पलक निशांत शाह ने 94 वीं रैंक हासिल की है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने इस मौके पर कहा कि परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मोशन की टीम और सिस्टम में कुछ खास है। वैभव सिन्हा ने 720 में से 710ए पलक निशांत शाह और नव्या मिश्रा ने 705.705 अंक हासिल किए। मोशन के टॉप 1000 में मोशन के 28 और टॉप 10 हजार में 435 स्टूडेंट्स रहे। मोशन के ज्वाइंट डायरेक्टर और नीट डिविजन के हेड अमित वर्मा ने बताया कि मोशन के 7 हजार 84 विद्यार्थियों में से 6 हजार 492 ने नीट क्वालीफाई किया है। सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और संस्था के शिक्षकों को दिया।

### घर से हजारों की चोरी

**ऊंचाहार।** गदागंज थाना क्षेत्र के मखदुमपुर चौकी के अंतर्गत गढ़ी मनिहर गाँव के एक घर में कुंडी काटकर नकदी समेत हजारों कीमत के जेवरात चोरी किये जाने का मामला सामने आया है, गाँव के व्यक्ति को नामजद करते हुए महिला ने चौकी में मामले की तहरीर दी है।गाँव की रहने वाली पुष्पा देवी का कहना है कि उसके पति राजेंद्र रोजी रोटी के लिए परदेस में रहते हैं और वो बच्चों के साथ घर में रहती है, शुक्रवार की रात वो प्रतिदिन की भांति बच्चों के साथ खा पीकर घर में सो गई और शनिवार की सुबह जब सोकर उठी थी तो घर के एक कमरे में रखा सामान बिखरा हुआ था और कटी हुई कुंडी पड़ी हुई थी और घर से कुछ दूरी पर एक बक्सा पड़ा हुआ था, जिसके बाद उसने मखदुमपुर चौकी पहुंचकर गाँव के ही एक व्यक्ति को नामज़द करते हुए उसके विरुद्ध तहरीर दी है,पीड़िता का कहना है कि 5 हजार रुपये नकद व हजारों कीमत के जेवरात चोरी हुए हैं।

### समाधान दिवस में एक मामला भी नहीं निपटा

**ऊंचाहार।** शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, इस दौरान कुल 37 शिकायती पत्र आये जिसमें एक भी शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका, सभी शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है।एसडीएम सिदार्थ चौधरी ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी।गोकना गाँव निवासी रामगोपाल ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध स्थगन आदेश के बावजूद भी भूमिधरी जमीन पर निर्माण करने की शिकायत की,खिरोधरपुर निवासी रोहित ने भूमि चिन्हांकन कराये जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

## कृषि यंत्र कारोबारी की हत्या

**बागपत।** बागपत जिले के थाना खेकड़ा क्षेत्र में एक कृषि यंत्र कारोबारी की कथित रूप से हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बागपत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अर्पित विजयवर्गीय ने शनिवार को बताया कि संजीव वर्मा नाम के व्यक्ति ने सुबह पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता रमेश चन्द वर्मा (63) की देर रात किसी ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि यह सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और प्राथमिक छानबीन के बाद उसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव के पास से खून से सना लोहे का पाइप बरामद किया है। एसपी ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा। संजीव वर्मा ने बताया कि खेकड़ा में पाठशाला रोड पर उनके पिता रमेश वर्मा की कृषि यंत्र की फैक्ट्री है जहां शुक्रवार की रात रमेश वर्मा फैक्ट्री में अकेले थे।

### प्रतापगढ़ में महिला की गला रेत कर हत्या

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर थाना बाघराय क्षेत्र के देवर पट्टी गांव में शुक्रवार की रात एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बाघराय के थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकीनाथ पांडेय ने शनिवार को बताया कि देवर पट्टी गांव के निवासी बाबर अली कि पत्नी रोजनबानो (45) घर के बगल में अपने आम के बाग की रखवाली के लिए बीती रात को वहां सो रही थी। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति ने रोजनबानो की गला रेत कर हत्या कर दी। सुबह लोगों ने उनका रक्त रंजित शव पड़ा देखा। घटना के वक्त रोजनबानो के पति घर पर नहीं थे। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना कि जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

## सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

**अंबेडकर नगर।** जनसमस्याओं के निराकरण हेतु कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थीएनागरिक आए उन से अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 170 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 10 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 160 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी जलालपुरए क्षेत्राधिकारी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष कुल 62 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमे से 06 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष 56 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर के समक्ष 122 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए । जिसमें से 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष 117 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष कुल 124 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष 119 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया। तहसील आलापुर मे संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष कुल 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 30 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

## ईंट भट्ठे पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या का आरोप

**सतांव**-गुरुबख्शगंज थाने के पोरई गाँव निवासी एक युवक की जनपद जौनपुर के एक ईंट भट्ठे में बृहस्पतिवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी बीती देर रात को उसका शव गाँव आया तो परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की बहन ने पूरे मामले को लेकर गाँव के ही तीन युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया।आरोपी सभी युवक मृतक के साथ ईंट भट्ठे पर काम करते थे।पुलिस ने जब परिजनों को यह भी समझाने की कोशिश की कि मामला जिस जनपद का है कार्यवाई वहीं होगी इस पर नाराज परिजनों ने लाश का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी लालगंज के समझाने के बाद शाम को शव अंतिम संस्कार कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के पोरई गाँव निवासी मेड़ी लाल 35 वर्ष पुत्र स्व श्रीकेशन जौनपुर के एक ईंट भट्ठे में काम करता था।बताते हैं कि बृहस्पतिवार की शाम उसका कुछ मजदूरों से विवाद हुआ जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसकी मौत हो गयी।शुक्रवार की देर रात उसका शव गाँव लाया गया जहाँ परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी व छोटे छोटे बच्चे बिलख रहे थे।थोड़ी देर बाद मृतक की बहन नन्हा देवी ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके भाई के साथ भट्ठे पर गाँव के ही तीन लोग काम करते थे उन्होंने ही उसकी हत्या की है।नन्हा देवी के मुताबिक जिस दिन उसका भाई अस्पताल में भर्ती था उसी दिन उसने फोन के जरिए उसे पूरी बात बताई थी।नन्हा देवी की मांग थी कि सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए और गिरफ्तारी हो तभी शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।मौके पर मौजूद पुलिस परिजनों को यह समझाने में जुटी रही कि मामला दूसरे जनपद का इसलिए कोई भी कार्यवाई वहीं पर होगी लेकिन परिजन कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे।मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी लालगंज महिपाल पाठक थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम के समझाने के बाद शाम को शव का अंतिम संस्कार करवा दिया गया तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# भाजपा ने नफरत फैलाई और लोगों को बांटा

**भाषा।** इटावा/आजमगढ़



**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने भगवान राम के आदर्शों के विपरीत समाज में नफरत फैलाकर लोगों को बांटने का कार्य किया है।

इसके पहले आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि यह निर्णय पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।शिवपाल सिंह यादव ने शुक्रवार को आजमगढ़ जिले के अपने दौरे के बाद पत्रकारों से कहा था, ''यह राष्ट्रीय नेतृत्व को तय करना है कि आजमगढ़ से कौन चुनाव लड़ेगा। लेकिन अगर उन्हें आजमगढ़ से चुनाव लड़ने के लिए कहा जाएगा तो पार्टी के फैसले का सम्मान करेंगे'' उन्होंने शनिवार को अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जसवंतनगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर प्रहार किया।शिवपाल सिंह यादव ने जसवंतनगर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा, भगवान श्रीराम कण-कण और जन-जन के मन में बसे हैं, लोग श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानते हैं क्योंकि श्री रामचंद्र जी समाज में सभी को साथ लेकर चले थे, किंतु भाजपा के लोगों ने उनके आदर्शों के विपरीत समाज में नफरत फैला कर लोगों को बाँटने का काम किया। सपा महासचिव ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता की लालच में झूठ, फरेब, बेईमानी से भगवान राम की महिमा को सीमित करना चाहती है। उन्होंने कहा, भाजपा समझती है भगवान राम उसी के हैं, लेकिन श्री राम सभी के हैं, हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। भाजपा को निशाना बनाते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि राम के नाम पर उत्तर प्रदेश में भाजपा वाले केवल समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं, जबकि मर्यादा पुरुषोत्तम राम सभी को साथ लेकर चले थे। उन्होंने कहा, भगवान राम को मानने वाले भाजपा के लोग सबको साथ लेकर तो चल नहीं रहे हैं, बल्कि भगवान राम को सीमित करना चाहते हैं, भ्रमित करना चाहते हैं, इसलिए भाजपा के इस भ्रमित मकडज़ाल में न फंसे। तीखा प्रहार करते हुए यादव ने कहा , भाजपा के लोग ठग हैं। प्रदेश और देश की जनता भाजपा राज से अत्यंत परेशान है, इसलिए जनता ने अपना मन भाजपा के विरोध में और सपा के पक्ष में बना लिया है। उन्होंने दावा किया , लोग आगे आने वाले चुनाव में सपा के पक्ष मतदान करके प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय दिलाऐंगे। हम लोग भगवान राम के आदर्शों पर चलने का काम करेंगे।

## भगवान श्रीराम की लीलाओं का बखान

ऊंचाहार। सांवापुर नेवादा गांव स्थित संतरी माता प्राचीन मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीरामचरितमानस कथा के अंतिम दिन कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की लीलाओं का बखान किया। कथा सुनकर श्रोता गांव भाव विभोर हो गए। श्रीराम कथा से पूर्व कथा आयोजक अभिलाष चंद्र कौशल ने 201 जरूरतमंद महिलाओं को भोजन कराकर वस्त्र वस्त्र वितरित किया। इसके बाद कथा की शुरुआत करते हुए आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिए उन्हें अंतरात्मा से पुकारना पड़ता है। और प्रतीक्षा करो मैया शबरी, अहिल्या ने पूरे जीवन भगवान की प्रतीक्षा की। अंततः भगवान स्वयं उनके पास जाकर दर्शन देकर उन्हें उद्धार किया है। आचार्य ने कहा कि हम सब की भी भगवान के प्रति अटूट आस्था, मन में ललक, प्यास होनी चाहिए। तभी हम उनके दर्शन पाकर भवसागर को पार कर सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 18 जून, 2023




## फिर चला नया पैतरा

सूबे में पैर जमाने के लिए देश की सबसे पुरानी पार्टी सारे हथकंडे अपना रही है लेकिन लाख कोशिशों के बाद भी उसके हाथ कुछ नहीं लग रहा। विधानसभा चुनावों में बुरी तरह परास्त होने के बाद निकाय चुनाव में भी पार्टी चारों खाने चित्त हो चुकी है। पार्टी के बड़के वाले नेता ने पिछले दिनों भारत जोड़ो यात्रा देशभर में निकाली थी। शायद इस यात्रा से कोई भला नहीं हो पाया तो अब सूबाई इकाई ने इसी संविधान की दुहाई देते हुए चार की दुकानों पर चर्चा का नया अभियान शुरू किया है। चाय पर चर्चा तो देश के प्रधानमंत्री करते हैं और उनका यह कार्यक्रम सुपरहिट साबित हुआ है। अब उन्हीं की देखा देशी इस पार्टी ने भी दलित आबादी की तीन हजार चाय की दुकानों पर संविधान की चर्चा का कार्यक्रम रखा है। अब देखना यह है कि पार्टी के इस नए पैतरे से उसे कोई लाभ होता है या फिर वही ढ़ाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होगी।



## चल गया साहब का हंटर

एलडीए में बड़े साहब संपत्तियों की बिक्री में इजाफा न होने से बड़ी असमंजस में फंस गए हैं। संपत्तियों को सेल करने के लिए इंवेस्टर समिट से लेकर आम जनता तक सूचना पहुंचाने के लिए विज्ञापनों का भी सहारा लिया लेकिन फ्लैट हो या कामर्शियल संपत्तियां कोई खास बिक्री नहीं हो पायी। ऐसे में बड़े साहब ने अपने कुछ विश्वसनीय अफसरों से इस पर चर्चा की, और कारण पता लगाने के निर्देश दिए। बारीकी से नजर रखने पर पता चला कि विभाग के ही जयचंदों ने बड़ा खेल किया है, जिसके कारण संपत्तियां बिक्री नहीं हो पा रही है। फिर क्या था बड़े साहब ने निरीक्षण के बहाने अचानक अधिकारियों से लेकर बाबुओं की सीट पर छापेमारी शुरू कर दी। कई फर्जी दलालों के माध्यम से विभाग के ही कुछ कर्मी चोरी छुपे संपत्तियों को मार्केट रेट से कम दामों में निकालकर मुनाफा कमाने में जुटे हुए थे। प्रापर्टी डीलर, दलाल सहित विभाग के कर्मियों पर कड़ा एक्शन लेकर बड़ा संदेश कर्मियों में पहुंचाया कि यदि विभाग को नुकसान हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में फर्जी रजिस्ट्री करने वाले बाबू को बर्खास्त कर कड़ा संदेश दिया। कुछ भी हो साहब के रौद्र रूप ने अधिकारियों एवं कर्मियों में खलबली मच गयी है, जिससे फर्जी काम करने वाले अज्ञातवास में चले गए हैं।




## जोश में खो चुके होश

समाजवादी गढ़ में इस समय एक बयान बहादुर काफी सर्ष्टिय हो गए हैं। बात-बात पर अपना बयान जारी कर रहे हैं। कभी उनको बिजली की कमी दिखती है, कभी पानी की कमी दिखती है। उन्हें प्रदेश भर में समस्या ही दिखाई पड़ने लगी है। यह वही महोदय हैं जो कभी समाजवाद में समाजवादियों से ही दुखी थे, घर छोड़ कर प्रगति करने चले गए थे। उस दौरान इन महोदय ने बड़े-बड़े सपने देखे और लोगों को दिखाए भी, फिर इन्हें पता नहीं क्यों घर का मोह जागा, सबको रास्ते में ही बेसहारा छोड़कर घर वापसी ले ली। इन महोदय को घर वापसी पर राष्ट्रीय स्तर का पद दे दिया गया है। बस यही पद पाकर इन महोदय का नशा चरम पर पहुंच गया है। जितना समाजवादी मुखिया नहीं बोलते हैं, उससे कहीं ज्यादा अब यह महोदय बयान देंगे लगे हैं। महोदय शायद इस बात को भूल गए हैं कि उनका खुद का घर शीशे का बना हुआ है, और कहा गया है कि जिसका खुद का घर शीशे का हो वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंका करते। ऐसी स्थिति में पता नहीं क्यों यह बयान बहादुर बड़े महाराज की सरकार के खिलाफ बयान पर बयान जारी किए जा रहे हैं। शायद इसी को कहते हैं जोश में होश खो देना।



## सांप भी मर गया, लाठी भी न टूटी

तकनीकी विश्वविद्यालय में छह माह पूर्व जिस कुर्सी को लेकर लड़ाई शुरू हुई थी, उसे पांडेय जी ने ऐसा सम्भाला की सांप भी मर गया और लाठी भी न टूटी। हालांकि इस लड़ाई में बनारस वाले मिश्रा जी की बलि जरूर चढ़ गई। मामला आईईटी से जुड़ा है। मिश्रा जी ने अपने कार्यकाल में कंसल साहब की गलत नियुक्ति बताते हुए उन्हें प्राचार्य के पद से हटा दिया था। कंसल को हटाने का मतलब राजदरबार से पंगा लेना था। हुआ भी यही। फाइलों की लड़ाई में मिश्रा जी हार गए। मिश्रा जी के जाते ही पांडेय जी आ गए। पांडेय जी ने सूझबूझ से जिम्मेदारी संभाली। इस बीच कंसल साहब को आरोपो से बरी कर दिया गया, सो उन्होंने चार्ज भी ले लिया। अभी हाल ही में तकनीकी विश्वविद्यालय की सुप्रीम संस्था की हुई मैराथन बैठक में दूसरे संस्थानों की आड़ में यह भी मसला बड़ी साफगोई के साथ रखा गया। जिस पर कार्य परिषद ने आईईटी को फैकल्टी घोषित कर दिया। अब फैकल्टी घोषित होने के बाद कालेज का दर्जा जब नही रहा तो काहे के प्राचार्य। मतलब डीन ही सब कुछ हो गया। अब सुनने में आ रहा है कि सीनियर को चार्ज देने की तैयारी चल रही है। इसे कहते हैं सांप भी मर गया, लाठी भी न टूटी।

# सरकार व उद्यमियों के बीच सेतु के रूप में कार्य करें उद्यमी मित्र: योगी

● मुख्यमंत्री ने 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र के साथ ही वितरित की 232 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच उद्यमी मित्र सेतु की तरह काम करेंगे। वो उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे और यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर देंगे। जिस तरह सीएम फेलोशिप से जुड़े युवा आकांक्षात्मक विकासखंडों में शासन की तीसरी आंख की तरह कार्य करते हैं, उद्यमी मित्रों को भी उसी तरह काम करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लोकभवन में 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र व 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण करने के बाद उन्हें संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने उद्यमियों से न सिर्फ प्रदेश में और अधिक निवेश की अपील की, बल्कि अपने सीएसआर फंड से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्यमियों ने भी प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार के साथ सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी निवेश फ्रेंडली सुविधाओं की सराहना की और अपने अनुभव के साथ-साथ सुझाव भी प्रदान किए। वहीं शीर्ष उद्यमी मित्रों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव सीएम के साथ साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे 100 से अधिक उद्यमी मित्र यहां चयनित हुए हैं, आपने 14 दिन की ट्रेनिंग के साथ ही कुछ औद्योगिक स्थलों का भी निरीक्षण किया है। आप जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। अगले तीन वर्ष के अंदर आप अपने इन कार्यक्रमों के अंदर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने में पूरी मजबूती से योगदान देंगे। प्रत्येक माह आपके कार्यों का मूल्यांकन होगा। तीन वर्ष के सफलतम कार्यकाल के बाद जो भी उद्यमी मित्र औद्योगिक विकास से जुड़े हुए या विभिन्न अथॉरिटी या शासन की किसी भी सर्विस से जुड़ने के लिए इच्छुक होगा तो एज रिलैक्सेशन के साथ ही स्पेशल वेटेज भी प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आपको देखना होगा कि कहीं भी आप पर कोई उंगली न उठा सके। आपको लालच देने का प्रयास होगा, आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास होगा। इन दोनों परिस्थितियों में बिना डिगे, बिना झुके, बिना बहके आपको 25 करोड़ जनता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और प्रदेश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए अपने योगदान को रेखांकित करते हुए कार्य करना होगा। वही आपके मूल्यांकन का सबसे बड़ा आधार होगा। उन्होंने सीएम फेलोशिप में चयनित युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम फेलोशिप योजना के तहत चयनित विकासखंडों में जाकर उन्हें आकांक्षी विकासखंड से उभारकर सामान्य विकास की प्रक्रिया से जोड़ने वाले विकासखंड के रूप में स्थापित करने में योगदान दे रहे हैं। इसके परिणाम अच्छे और सकारात्मक रहे हैं।

उद्यमी मित्रों की योग्यता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1500 लोगों ने आवेदन किया थाए जिसमें 105 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनमें 87 पुरुष व 18 महिलाएं हैं। इस सूची में 15 को हमने वेटिंग में भी रखा है। यहां पर जो अभ्यर्थी चुने गए हैं, वो सभी सम्मानित यूनिवर्सिटी से आए हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वेल्स, यूके, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम इंदौर, बीएचयू, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज, एनआईटी प्रयागराज समेत शीर्ष शिक्षण संस्थानों से ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट अभ्यर्थियों ने आवेदन किया।

# यूपी में जनांदोलन बन गया है पौधरोपण अभियान: मुख्यमंत्री

● पहली से सात जुलाई तक चलेगा प्रदेशव्यापी अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जनांदोलन का स्वरूप ले चुका है। विगत 06 वर्षों में 131 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है। इस कार्य में व्यापक जनसहयोग प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पौधरोपण अभियान जनांदोलन बन गया है। इस वर्ष एक जुलाई से सात जुलाई तक प्रदेशव्यापी पौधरोपण का अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत इस वर्ष 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे जिसके तहत 15 अगस्त को पांच करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 में 5.72 करोड़, 2018-19 में 11.77 करोड़, 2019-20 में 22.60 करोड़, 2020-21 में 25.87 करोड़, 2021-22 में 30.53 करोड़ और 2022-23 में 35.49 करोड़ पौधे लगाए गए। यह सुखद है कि पौधे लगाने के साथ-साथ इनके संरक्षण का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात शनिवार की एक उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2023-24 के वृहद पौधारोपण अभियान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्टेट ऑफ फरेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2015 से 2021 की अवधि में प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र में 794 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के कुल हरित क्षेत्र को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 प्रतिशत तक ले जाने का है। इस लक्ष्य के अनुरूप में अगले 05 वर्ष में 175 करोड़ पौधे लगाने और संरक्षित करने होंगे। इस लक्ष्य के अनुरूप सभी को प्रयास करना होगा। इस वर्ष वृहद पौधारोपण अभियान में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य लेकर हर विभाग, हर संस्थान हर नागरिक को प्रयास करना होगा। वन विभाग द्वारा विभागवार पौधारोपण का लक्ष्य दिया जाएए इसी के अनुरूप मंडलवार लक्ष्य भी तय किया जाना चाहिए। 15 अगस्त के दिन एक साथ 05 करोड़ पौधे लगाए जाने की तैयारी करें।

आगामी 1 से 7 जुलाई की अवधि में प्रदेशव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान संचालित किया जाए। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग न करनेए स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करने, वेस्ट मैनेजमेंट के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित हों। निबंध लेखनए प्रभात फेरीए नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रमों से आम जन को पर्यावरण संरक्षण की मुहिम से जोड़ें। इस एक सप्ताह के जागरूकता अभियान के उपरांत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान के चारों ओर पौधारोपण किया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में कार्यवाही की जाए। इसके अलावा इस वर्ष अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर न्यूनतम 01 हजार पौधे लगाए जाएं। शहरी वार्डों में भी पौधारोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। प्रदेश में हरित आवरण में वृद्धि के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने तथा व्यापक स्तर पर जन सामान्य के सहयोग से वानिकी को जन आन्दोलन बनाये जाने के लिए ग्रामीण व शहरी माइक्रोप्लान तैयार करें। वन क्षेत्र को सघन बनाने के लिए हरीतिमा बढ़ाने के लिए हमें शहरों में विशेष प्रयास करना होगा। 2 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले सभी नगरीय निकायों में सिटी फारेस्ट का विकास किया जाए। निजी क्षेत्रों, एनजीओ, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं को जोडें। उन्होंने कहा कि कृषि वानिकी आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने की नीति के अच्छे परिणाम मिले हैं। यह किसानों की आय को बढ़ाने में सहायक तो है ही नवीन रोजगार सृजन में भी सहायक होगा। इस संबंध में आवश्यक प्रयास तेज किये जाने चाहिए।

# आज देश में हो रही नफरत व विघटन की राजनीति: सलमान खुर्शीद

## पूर्व कानून मंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के लिए पार्टी नेताओं से की चर्चा, दिए सुझाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा है कि आगामी दिनों में सभी विपक्षी दलों की बैठक होनी है उसमें विपक्षी दलों की एकजुटता का मुद्दा हल हो जायेगा। उन्होंने समान नागरिक संहिता पर कहा कि 2018 में जब लॉ कमीशन का गठन हो चुका था तो अब पुन: इसके गठन की आवश्यकता क्यों है। उन्होंने मणिपुर हिंसा पर कहा कि इसके लिए पूरी तौर से केन्द्र की मोदी सरकार जिम्मेदार है।

खुर्शीद शनिवार को अपने एक दिवसीय दौरे के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ पहुंचे। खुर्शीद ने प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित लखनऊ के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, लखनऊ की मेयर प्रत्याशी रही संगीता जायसवाल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे के समक्ष संगीता जायसवाल के साथ आये हुए लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बृजलाल खाबरी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को कांग्रेस तिरंगा पट्टी पहनाकर सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया तथा सभी को बधाई दी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत किस प्रकार से सुनिश्चित हो इस पर सलमान खुर्शीद ने अपने सुझाव दिए तथा उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि हम उप्र में लगभग 33 वर्षों से सत्ता से दूर हैं लेकिन अब कुछ बदलाव होना चाहिए। 2009 के लोकसभा चुनाव में हमने सभी राजनैतिक दलों को करारी शिकस्त देते हुए प्रदेश में 22 सीटों पर जीत हासिल की थी आज फिर हमें उसी ताकत से खड़े होना होगा और यदि हम नहीं खड़े हो पाये तो यह प्रदेश कहां जायेगा इसका अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए आगे आकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि आज देश में नफरत एवं विघटन की राजनीति हो रही है। हिन्दू और मुस्लमान को आपस में लड़ाने की साजिशें रची जा रही हैं लेकिन जो लोग ऐसा कर रहे हैं वह शायद यह जानते हैं कि हमारा देश गंगा जमुनी तहजीब का देश है। जहां प्रकृति भी हमें आपस में भाईचारे के साथ रहने का संदेश देती है। ऐसे में हमें एक साथ मिलकर काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। अगर हम एक साथ मिलकर काम करेंगे तो अवश्य ही हम फिरकापरस्त ताकतों को हराकर देश, संविधान और लोकतंत्र को बचा सकते हैं तथा कांग्रेस पार्टी को फिर से सत्ता में वापस ला सकते हैं। बृजलाल खाबरी ने कहा कि हमारा लक्ष्य देश, संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा करना है। अगर हम सभी मिलकर काम करेंगे तो यह लक्ष्य जरूर प्राप्त करेंगे। आज देश की विरासत को बेचा जा रहा है सभी सरकारी उपक्रमों को निजी हाथों में बेचा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते आज लाखों बेरोजगार शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में दर-दर की ठोंकरे खाने को मजबूर हैं, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। महंगाई आसमान छू रही है, किसान आत्महत्या को मजबूर हैं। अगर हमने इन मुद्दों पर आगे आकर संघर्ष नहीं किया तो हमारा लोकतंत्र एवं संविधान समाप्त हो जायेगा। हमें इसके लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करना होगा। हम निश्चित रूप से अपने लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने में कामयाब होंगे।

# 2024 में भाजपा की यूपी से होगी विदाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सपा का नारा, 80 हराओ, बीजेपी हटाओ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सन् 2014 में सत्ता में जैसे आई थी सन् 2024 में उसकी वैसे ही यूपी से विदाई होगी। हमारा नारा है 80 हराओं-भाजपा हटाओ। इसलिए सन् 2024 में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों की एकता भाजपा गठबंधन पर भारी पड़ेगी। सन् 2024 में महंगाई, बेरोजगारी, गरीब का सम्मान और उसे न्याय तथा सुविधाएं दिलाना बड़ा मुद्दा होगा। गरीब, किसान, नौजवान भाजपा के खिलाफ वोट करेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्षी एकता का फार्मूला यही हो सकता है कि जो दल जिस प्रदेश में मजबूत हो उसको आगे करके ही बाकी दल चुनाव लड़े। चुनाव और एकता के लिए बड़े दिल की जरूरत होती है। जो दल भाजपा को हराना चाहते है वे समाजवादी पार्टी का साथ देने में बड़ा दिल दिखाएं। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा को प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हराना है। जनता बदलाव चाहती है। अखिलेश ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार से क्या उम्मीद की जा सकती है। उनके 6 साल के कार्यकाल में न एक जिला चिकित्सालय बनाए नहीं एक एयरपोर्ट बना। प्रदेश में निवेश आने की बड़ी उम्मीदें थीए हकीकत में निवेशक ढूंढ़े नहीं मिल रहे हैं। समाजवादी सरकार में बिना इन्वेस्टमेंट मीट किए यूपी में एचसीएल आया, सैमसंग का प्लांट लगा।


अखिलेश ने कहा कि जिसकी तैयारी जमीन पर होगी वही लड़ पायेगा। भाजपा बड़ी-बड़ी कम्पनियों को हायर कर, पैसों से चुनाव लड़ती है। भाजपा से लड़ने के लिए समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को जमीन पर तैयार कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी को बड़े पैमाने पर वोट दिया था। उन्होंने कहा कि आज महंगाई चरम पर है। किसान को फसल की कीमत नहीं मिली। भाजपा ने स्वास्थ्य, पुलिस सेवाएं सब खराब कर दी। समाजवादी पार्टी भाजपा को हरायेगी। जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने मंडी नहीं बनायी।

किसानों को उनकी फसल की कीमत नहीं मिल रही है। पिछड़े, दलितों को नौकरियां नहीं मिल रही है। आउटसोर्स पर और कांटेक्ट पर काम कराए जा रहे हैं। निजी क्षेत्र में आरक्षण मिलना चाहिए। भाजपा सरकार क्यों निजीकरण की तरफ जा रही है, आउटसोर्स कर रही है, जातीय जनगणना जरूरी है। जातीय जनगणना के बाद ही सामाजिक न्याय मिल पाएगा। आबादी के हिसाब से हक और सम्मान देना है तो जातीय जनगणना जरूरी है। जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो जातीय जनगणना कराई जाएगी। भाजपा समाज को तोड़ने और लड़ाने का काम करती है। वह सामाजिक न्याय की विरोधी है।

# यूपी में सुचारू बिजली व्यवस्था के लिए हर जोन को एक करोड़ रुपए आवंटित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम के निर्देश के बाद यूपीपीसीएल ने उठाया कदम, आवश्यक कार्यों के लिए धन की नहीं होगी कमी



**प्रदेश** में भयंकर गर्मी और विद्युत की मांग को देखते हुए प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुचारू और बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार ने हर जोन को एक करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। धन आवंटित होने से अब आवश्यक कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होगी। सीएम योगी ने शुक्रवार को ही प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए ऊर्जा मंत्री और यूपीपीसीएल के अध्यक्ष व अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त बिजली खरीदकर आम जनमानस को उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि भीषण गर्मी के बीच हर गांव-हर शहर तक पर्याप्त बिजली मिलनी चाहिए। जरूरत पड़े तो बिजली खरीदकर आपूर्ति की जाए। सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है। सीएम के निर्देश के बाद यूपीपीसीएल ने यह कदम उठाया है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने पूर्वांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचाल विद्युत वितरण निगम को इस संबंध में पत्र भेजकर सूचित किया है। निर्देशों के साथ पत्र में लिखा गया है कि वर्ष 2022-23 के अंतर्गत बिजनेस प्लान के तहत विभिन्न कार्यों के लिए आपके निदेशक मंडल द्वारा बहुत पहले ही अनुमोदन दिया जा चुका है। इसी क्रम में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

वर्तमान ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजनेस प्लान के अंतर्गत विभिन्न आवश्यक कार्यों को करने के लिए आपके वितरण निगम के प्रत्येक जोनल मुख्य अभियंता को एक करोड़ रुपए तक व्यय करने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि इसका कार्योत्तर अनुमोदन निदेशक मंडल से बिना विलंब प्राप्त कर लिया जाए। कार्य संपादन के क्रम में समस्त नियमों का अनुपालन अवश्य सुनिश्चित किया जाए। इससे पहले मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे की विद्युत शिडयूल के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित हो इसके लिए यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने सभी प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया है। यदि कहीं किसी कारण से 18 घंटे की विद्युत आपूर्ति न हो पाए तो उसकी पूर्ति दूसरी पारी में सुनिश्चित की जाए। अध्यक्ष ने लो वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए निर्देश देते हुए कहा है कि ग्रीष्म काल में आद्रता की कमी के कारण उपभोक्ताओं को लो.वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ता है जिसके निदान के लिए पारेषण उपकेन्द्रों से वोल्टेज बढ़ाएं। उपभोक्ताओं को लो.वोल्टेज को दूर करने के तकनीकी उपाय से अवगत कराया जाए।

प्रत्येक फीडर की आपूर्ति वितरण हानि, राजस्व फीडर संबंधी समस्त कार्य की मॉनिटरिंग के लिए अवर अभियंता स्तरीय कार्मिकों को समर्पित रूप से फीडर मैनेजर नियुक्त किया गया है। वर्तमान गर्मी के मौसम और बढ़ती हुई विद्युत मांग को देखते हुए यह आवश्यक है कि फीडर मैनेजरों द्वारा उन्हें सौंपी गई फीडर एवं फीडरों की आपूर्ति में यदि कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए और प्रत्येक दशा में आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखा जाए। लोकल फाल्ट आता है तो इसे तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी फीडर मैनेजर एवं अवर अभियन्ता द्वारा जिम्मेदारी का ठीक से निर्वहन नहीं किया जाता तो तत्काल उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया है कि विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु विद्युत वितरण निगम मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रभावी निगरानी व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। कंट्रोल रूम के कांटेक्ट नंबर को स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं उपभोक्ताओं के साथ अवश्य साक्षा किया जाए। विद्युत वितरण निगम के स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा प्रत्येक घंटे पर हर जनपद की सप्लाई की सूचना को यूपीपीसीएल के स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम (0522-2288737, 0522-2288738 एवं 0522-2287747) से साझा किया जाए।

# बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल

- कारोबार से लेकर खेती किसानी पर भी संकट
- सीएम की फटकार भी नहीं सुधार पा रही विद्युत आपूर्ति
- सीतापुर की तहसीलों पर विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल
- कहीं ट्रांसफार्मर जलने से गुल हो रही बिजली, तो कहीं लो वोल्टेज बना समस्या

**संवाददाता।** सीतापुर

**जैसे-जैसे** गर्मी का तापमान बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे बिजली की सप्लाई बेपटरी होती जा रही है। राजधानी से सटे सीतापुर जनपद में बिजली की व्यवस्था दिनोदिन लड़खड़ाती जा रही है। शहरी इलाके में बिजली की अघोषित कटौती होने से पेयजल संकट जहां खड़ा हो रहा है , वहीं व्यापार पर इसका बड़ा असर पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में बिजली सप्लाई की व्यवस्था और भी ज्यादा खराब होती जा रही है। किसानों के सामने उनके खून पसीने की फसल सूखने लगी है। बेचारा किसान बिन बिजली निजी नलकूपों से फसल की सिचाई कैसे करे कोई बताने वाला नहीं है। गांव में अगर ट्रांसफार्मर फुक जा रहे है, तो कई-कई दिनों तक बदले नहीं जा रहे है, जिससे कई दिन बिन बिजली के ही गांव के वाशिंदे रात-दिन गुजारने को मजबूर है। ऐसा भी नहीं कि इसको लेकर विरोध न शुरू हुआ है, बल्कि गोंदलामऊ इलाके में तो आत्मदाह करने की चेतावनी दे डाली गई। धरने पर किसान बैठ गए, मामले की गूंज प्रदेश तक पहुंची बिजली व्यवस्था फिर भी बेपटरी बनी हुई है। हद तो तब हो गई, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को बिजली कटौती मुफ्त करने का आदेश दिया, जब उसका भी असर नहीं हुआ तब उन्हें ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा से लेकर पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज को तलब करना पड़ा, इसके बाद जागे ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा को विद्युत अधिकारियों की आपात बैठक बुलानी पड़ी है। सवाल इस बात का है कि यह सब आखिर पहले से ही क्यों दुरूस्त नहीं किया गया। फिलहाल बिजली की व्यवस्था ऐसे समय में बेपटरी हुई है, जब मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को मंत्री और जनप्रतिनिधि गिनाते घूम रहे है। परेशान लोगों को वह कितना राश आ रही होंगी, यह हर कोई समझ सकता हैं। आई इंडिया आपको राजधानी से सटे उस सीतापुर जनपद की बिजली व्यवस्था का हाल बताएगा जहां की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के 4 सांसदों, 8 विधायकों और तीन एमएलसी चुनने का काम किया, जिनमें दो प्रदेश सरकार में मंत्री है, और सांसद भी बड़े-बड़े ओहदों पर है। आई इंडिया आपको 7 तहसीलों का हाल बताएगा। सदर तहसील का हाल हम खुद आपको बताते है। जिला मुख्यालय पर स्थित सदर तहसील इलाके के कई मोहल्ले और कालोनी अक्सर अंधेरे में डूबे रहते है। बिजली की अघोषित कटौती होने से शहर में पेयजल की दिक्कतों का भी आमजन को सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती की मार व्यापार पर भी बड़े पैमाने पर पड़ रही है और सरकारी कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। कुछ इलाकों में इतना कम वोल्टज आ रहा है कि पंखे भी सही से घूम नहीं पा रहे हैं, कूलर चलना तो दूर की बात रही।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर चौपाल का आयोजन



**ओयलखीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश शाह के निर्देशानुसार आज थाना खीरी क्षेत्र की रिपोर्टिंग चौकी ओयल की सीमा में पड़ने वाले गांव बनिका में आज महिला सशक्तिकरण चौपाल आयोजित की गयी। ओयल चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सरोजए थाना खीरी से आई हुई सीतू वर्माए अंजू चाहर ने महिलाओं के साथ में सीधा संवाद करते हुए उनको जो महिला सशक्तिकरण के लिए कानून बनाए गए हैं उनकी जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस स्टाफ में विवेक यादवए धीरज कुमारए शिवा सिंह ए प्रधान बनिका मनोज आदि गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कैमरे में कैद हो गई मौत

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**मौत** तो हर शख्स को एक ना एक दिन आना ही है,मगर कुछ ऐसी मौत होती हैं जो यादगार बन जाती हैं। जिनको देखकर एहसास होता है कि जिंदगी की हकीकत क्या है। खुशियों के माहौल में आपके साथ मौजूद व्यक्ति खुशियों को सेलिब्रेट करते करते अचानक ही जब कैमरे के सामने ही लाइव मौत से दो चार होता है तो मरने वाले के साथ ही मौजूदा लोग भी जिंदगी की हकीकत को देखकर घबरा जाते हैं। ऐसी ही एक मौत का लाइव वीडियो शाहजहांपुर के कलान से सामने आया। बता दें कि एटा के राजा कस्बा के रामपुर गांव के रहने वाले 24 वर्षीय संजू पुत्र श्री कृष्ण शुक्रवार को शाहजहांपुर के थाना कलान अंतर्गत गांव ग्राम गोकुलपुरा गया था। इस गांव में उसके भाई रंजीत की साली की शादी थी। परिवार के लोग भी साथ थे। इस दौरान कई लोग गाने पर डांस कर रहे थे। संजय भी अपने मित्रों के साथ डांस कर रहा था। लेकिन अचानक वह नाचते-नाचते जमीन पर गिर जाता है। वहां मौजूद लोग इसे युवक का डांस स्टेप समझ रहे थे। जब कुछ देर बाद लोगों ने उसे छुआ तो वह जमीन पर अचेत होकर गिर पड़ा। शादी की महफिल में नाचते हुए युवक कि कैमरे के सामने लाइव मौत हो गई । शादी में खुशियों को सेलिब्रेट कर रहा युवक अपने साथी के साथ डांस करते करते काल के गाल में समा गया । मगर शादी के माहौल में डांस के सेलिब्रेशन डांस करने वाले लोगों को देर तक इस बात का इल्म नहीं हुआ कि वह जिसके साथ डांस कर रहे थे, अब इस दुनिया से कूच कर गया। डांस करते समय मौत की घटना कैमरे में हुई कैद हो गई और जिसने भी इस वीडियो को देखा उसने हैरत के साथ इस सच को भी कबूल किया कि मौत और जिंदगी के बीच एक सांस के सोसे की कहानी है। इस संबंध में चिकित्सकों की मानें तो डांस करते समय तेज आवाज से किशोर के दिल की धड़कन बढ़ जाती है और शरीर में थकावट भी महसूस होती है जिसको लेकर जोश में इंसान होश खो देता है और जब तक उसको इस बात का एहसास होता है तब तक सीवियर हार्ट अटैक के कारण उसकी मौत हो जाती है

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए समय से तैयारियां पूर्ण करने के अधिकारियो को निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**नवम** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री संजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूरी भव्यता के साथ जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिए गए दायित्वों का पालन सुनिश्चित किया जाये। समस्त आयोजन के फोटो व वीडियो आयुष कवच एप व सम्बन्धित वेबसाइट पर भी अपलोड कराये जाने के निर्देश भी अपर जिलाधिकारी ने दिए। उन्होने कहा कि आयोजन स्थल पर समय से समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाये। जी.एफ कॉलेज के मैदान में 21 जून को नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 6:00 बजे किया जाएगा। एडीएम ई ने सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने हेतु भी निर्देशित किया, जिससे कि उक्त आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग प्रतिभाग कर सकें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने नगर निगम के अधिकारियों को सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को फर्स्ट एड तथा इमरजेंसी चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने पार्किंग व्यवस्था तथा ट्रैफिक नियंत्रण हेतु भी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें जिससे कि योगा के सकारात्मक परिणामों का संचार हो सके। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सुधीर जायसवाल, जिला आयूर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 राजीव कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जन** शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले में शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एसडीएम श्रद्धा सिंह व अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम.एसपी ने समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग.दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ.साथ पात्र एवं जरूरत लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रभी करें। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में हैए इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 82 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत कियेए जिसमें 14 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 35ए पुलिस 19ए विकास 08ए नगर निकाय 05ए डूडा 05ए विधुत 04ए कृषि 05ए स्टांप से 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंहए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ताए पीडी केके पांडेयए डीडीओ अरविंद कुमारए एसडीएम श्रद्धा सिंहए सीओ संदीप सिंहए तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### संपूर्ण समाधान दिवस में आईं तीन शिकायतें

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिला अधिकारी रत्नाकर मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमे 64 शिकायते प्राप्त हुई तीन शिकायतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष 61 शिकायते निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को भेजी गई। इस अवसर पर तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेंद्र प्रसाद मौजूद। संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो में राजस्व की 40 शिकायते , पुलिस की 14, विद्युत की 03, ग्राम्य विकास की 02 खाद्य विकास विभाग 02, नगर विकास की 02, समाज कल्याण की 01 शिकायत दर्ज हुई जिसमे राजस्व एवं आपदा की 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### कुएं में गिरकर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** रात के समय खेत में पानी लगाने गए एक युवक की खेत के पास स्थित कुएं में गिरने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।सिरौली थाने के गांव में मेन गोटिया निवासी प्रेमपाल पुत्र धर्मपाल की बीती रात अपने खेत के पास स्थित कुएं में गिरकर मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रेमपाल बीती रात लगभग 9 बजे अपने खेत में पानी लगाने के लिए गया था जहां वह खेत के पास स्थित कुएं में गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई सुबह होने पर जब वह अपने घर वापस नहीं लौटा तो घर के लोग उसे तलाशते हुए खेत पर पहुंचे जहां उन्होंने प्रेमपाल की लाश को कुएं में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई लेकिन किसी भी रंजिश से इनकार किया समझा जाता है कि ट्यूबवेल की आई खराबी को ठीक करते समय प्रेमपाल कुएं में गिर गया और उसकी मौत हो गई पुलिस मामले की जांच शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जल जीवन मिशन के तहत बनेगी टंकी

**सीतापुर ।** शहर में एक बार फिर सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए बुलडोजर चला है। इस बार यह कार्रवाई उस पर की गई है जिनके कंधों पर ग्राम समाज की जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने की जिम्मेदारी रही है। दरअसल शनिवार को ब्लाक खैराबाद क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर स्थित गाटा संख्या 70 नवीन परती भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इसी भूमि पर से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इस भूमि पर कब्जा किसी और ने नहीं पूर्व प्रधान जाहिद ने कर रखा था। सरकारी भूमि पर उन्होंने चारों तरफमेड़बंदी करवाने के साथ पिलर भी खड़े करवा दिए थे। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में इस अवैध कब्जेदारी को लेकर शिकायत की गई थी। क्योंकि इसी जमीन पर जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जाना है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए डीएम अनुज सिंह ने बीडीओ खैराबाद को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इसके बाद मौके पर पहुंचे आर आई सदर सतीश वर्मा, लेखपाल अभिषेक मिश्रा, लेखपाल हरिकरन सिंह सहित अन्य राजस्व कर्मियों ने बुल्डोजर की मदद से अवैध निर्माण को ढहा दिया।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली।** ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाकरगंज निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद खां पुत्र मुबारिक खा की बीती रात घर से कुछ ही दूरी पर स्थित बाकरगंज रेलवे फाटक पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मोहम्म खा कल रात में अपने किसी काम से घर से बाहर गया था जब वह बाकरगंज रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी अचानक ट्रेन आ गई और वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।

### गेहूं खरीद की मात्रा में जिले को मिला पहला स्थान

**सीतापुर।** गेहूं खरीद के लिए सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों को पुरस्कृत किए जाने का लालच भी सीतापुर में गेहूं खरीद के लक्ष्य को हासिल कराने में मददगार साबित नहीं हुआ। यही नहीं सरकार द्वारा निर्धारित किया गया समर्थन मूल्य भी किसानों को लुभा नहीं सका। जिसके चलते निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष केवल 1.08 प्रतिशत ही खरीद हो पाई। विभाग के आंकड़ों में शायद यह पहला मौका होगा जब वर्ष 2023 में गेहूं की खरीद इतनी कम हुई। बताते चले की सीतापुर को इस वर्ष गेहूं खरीद के लिए 1 लाख 50 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था।। 1 अप्रैल 2023 से शुरू हुई खरीद 15 जून 2023 तक चालू रही। लेकिन इस दौरान सिर्फ1 हजार 681 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद ही हो पाई। इस दौरान लक्ष्य हासिल करने के लिए खाद्य एंव रसद विभाग ने ग्राम प्रधानों का सहारा लिया। ग्राम प्रधान गेहूं बिक्री कराने में भरपूर सहयोग करे इसके लिए यह लालच भी दिया गया की सरकारी क्रय केंद्रों पर सबसे अधिक गेहूं खरीद करवाने वाले प्रधानों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत की एजेंसी पर खरीदा गया गेहूं सीधे तौर पर भारतीय खाद्य निगम गोदाम में भेजे जाने पर ग्राम पंचायत की क्रय एजेंसी को भारत सरकार के नियमानुसार प्रतिकुंटल 27 रुपये कमीशन देने की बात भी कही गई थी। बावजूद इसके खरीद का लक्ष्य कोसो दूर रहा। यही नहीं किसानों का गेहूं सरकारी मूल्य पर बिक्री कराने में ग्राम प्रधानों ने कोई रुचि नहीं ली। जिसका नतीजा यह रहा कि इस योजना में खरीद का खाता ही नहीं खुला। जबकि गंहू खरीद के लिए सीतापुर में 113 क्रय केंद्र खोले गए थे, और समर्थन मूल्य 2 हजार 125 रुपया प्रति कुंटल के भाव पर गेहूं खरीदने कि जिम्मेदारी यूपी एसएस, एफसीआई, खाद्य विभाग, पीसीएफ और पीसीयू आदि खरीद एजेंसियों को दी गई थी। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविंद कुमार दुबे ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि गेहूं का मूल्य मंडी में अधिक होने के कारण किसानों ने अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर ले जाना मुनासिब नहीं समझा। इसी वजह से काफी कम मात्रा में गेंहू की खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि वह विगत चार वर्षो से सीतापुर में है इस अंतराल में यह पहला मौका है जब लक्ष्य के सापेक्ष इतनी कम खरीद हुई है। इससे पहले क्या स्थिति रही यह हम नहीं बता सकते फिर भी इस वर्ष सीतापुर का स्थान मंडल में गेहूं की खरीद मात्रा में पहला आया है जबकि खरीद प्रतिशत मंडल में दूसरा स्थान जिले का रहा है।

### सांड के हमले से घायल युवक की मौत

**बरेली।** खेत पर जाते समय एक युवक पर आवारा सांड ने हमला कर दिया वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । अलीगंज थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गोटिया निवासी 35 वर्षीय मेवाराम पुत्र सोहनलाल की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मेवाराम 13 जून को अपने घर से खेत पर जाने के लिए चला था लेकिन रास्ते में गायों के एक झुंड के साथ आवारा सांड भी चल रहा था जैसे ही सेवाराम सांड के पास से गुजरा उसने मेवाराम पर हमला कर दिया और जमीन पर गिरा कर सींग से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और सांड को भगाकर उसके घरवालों को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन कई दिनों तक चले इलाज के बाद बीती रात उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# विकास प्राधिकरण का अवैध कालोनियों पर चला बुल्डोजर

**संवाददाता।** बरेली



**प्राधिकरण** की प्रवर्तन टीम द्वारा अब्दुल्ला पुर रोड ग्राम खजुरिया जुल्फिकार पर कई अवैध कालोनियों पर चला प्राधिकरण को बुल्डोजर। बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा गुरुवार को अवैध कई कालोनियों के विरूद्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी जिसमे अर्जुन पाल पटेल द्वारा अब्दुल्लापुर रोड ग्राम खजुरिया जुल्फिकार पर लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए सड़क, नाली, साईट ऑफिस एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। राकेश पटेल द्वारा अब्दुल्लापुर रोड ग्राम खजुरिया जुल्फिकार पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए सड़क, साईट ऑफिस एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। चन्द्र पाल आदि द्वारा अब्दुल्लापुर रोड ग्राम खजुरिया जुल्फिकार पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए सड़क, साईट ऑफिस एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। उक्त अवैध कालोनियों के विरूद्व उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुंसगत धाराओं के अन्तर्गत प्राधिकरण के अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा जन सामान्य को सचेत किया जाता है कि किसी भी प्रकार की सम्पत्ति खरीदते समय विक्रेता से मानचित्र स्वीकृति सम्बन्धी अभिलेख मॉग कर यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा खरीदी जा रही सम्पत्ति नियमानुसार प्राधिकरण से स्वीकृत है। बरेली विकास क्षेत्र के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा अनाधिकृत निर्माणोंध्अवैध कालोनियों आदि पर प्रभावी रूप से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# गरमाया अधिवक्ताओं और उप निबंधक के बीच का मामला

**संवाददाता।** सीतापुर

तहसील के अधिवक्ताओं और उपनिबंधक के बीच मामला लगातार गरमाता जा रहा है नाराज अधिवक्ताओं ने उपनिबंधक के खिलाफ जमकर हंगामा काटा और विरोध में नारेबाजी भी की। अधिवक्ताओं का आरोप है की प्रभारी उप निबंधक सिधौली राकेश शर्मा द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है। रजिस्ट्रेशन के लिए आने वाले दस्तावेजों में अनावश्यक कमियां निकालकर रिश्वत के तौर पर पैसे देने का दबाव बनाया जाता है। यहीं नहीं अधिवक्तागणों के साथ अपमानित भाषा का प्रयोग भी किया जाता है। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। जिसमें प्रभारी उपनिबंधक सिधौली की परिसम्पतियों की जांच के लिए डीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजे जाने पर सहमति बनी। वीडियो को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि उपनिबंधक के खिलाफ अधिवक्ताओं में किस कदर आक्रोश है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में बार एसोसिएशन सिधौली अध्यक्ष जयकरण सिंह यादव, महामंत्री मुनीन्द्र चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता एसपी मिश्रा, शिव शंकर गिरि, रामपाल भार्गव संजय सिंह, जीवन पांडेय, एच एन सिंह, संजय दीक्षित,आर पी गौतम, चित्रकेश यादव सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे। मामले में रजिस्टार राकेश कुमार शर्मा ने आई इंडिया को फोन पर बताया कि उनके द्वारा स्थलीय निरीक्षण किए जाने के बाद जब चोरियां पकड़ी गई तो अधिवक्ता विरोध पर उतर आए है। उनके ऊपर जो भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है वह गलत है। उन्होंन कहा चोरी वह करते है और आरोप हम पर लगाते है।

# अफीम तस्कर गिरफ्तार, साढ़े तीन करोड़ की अफीम बरामद

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**एसओजी** और कोतवाली पुलिस ने बिहार के रहने वाले अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से साढ़े तीन किलो अफीम बरामद की है। बिहार और झारखंड के घने जंगलों से सस्ते दाम पर अफीम खरीदकर तस्कर यूपी, हरियाणा और पंजाब में महंगे दामों पर बेचता था। शाहजहांपुर में बरेली मोड़ के पास तस्कर ग्राहक का इंतजार कर रहा था कि पुलिस ने उसको दबोच लिया। पुलिस ने उससे अफीम, एटीएम और मोबाइल बरामद किया। आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी गई है। सूचना मिली थी कि, बिहार का रहने वाला तस्कर अफीम की खेप लेकर उसको बेचने के लिए आने वाला है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया। तभी एक युवक बरेली मोड़ के पास आकर खड़ा हो गया। उसके पास एक बैग भी था। पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए युवक और उसके बैग की तलाशी लेना शुरू कर दी जिसमें से 3.5 किलो अफीम बरामद की है। पकड़ा गया अफीम तस्कर बैजू शाह बिहार का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि, बिहार और झारखंड के घने जंगलों में अफीम की बड़े पैमाने पर खेती होती है। कुछ लोग सस्ते दामों पर चोरी छुपे बेच देते हैं। उसी को खरीदकर यूपी, पंजाब और हरियाणा में महंगे दामों पर बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेता है। एसपी एस आनंद ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बिहार का रहने वाला आरोपी अफीम की तस्करी करने के लिए शाहजहांपुर आया था। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नरमू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**पुरानी** पेंशन बहाली की मांग को लेकर नरमू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से इस अभियान में साथ मांगा है। 27 जून को लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी मांग को लेकर नरमू पदाधिकारियों ने कहा कि विधायक और सांसद को पेंशन दी जा सकती है, तो फिर सरकारी कर्मचारियों को क्यों नहीं दी सकती है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की है। नरमू के शाखा सचिव नरेंद्र त्यागी ने बताया कि भारत के सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस का मुद्दा बन चुका है। राज्य कर्मचारी, शिक्षक, और केंद्रीय कर्मचारी सभी के लिए ये मुद्दा है और सभी इस मांग को लेकर एक मंच पर आ गए हैं। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया है। इस संगठन में सभी मान्यता प्राप्त संगठन शामिल हुए हैं। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 27 जून को लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पुरानी पेंशन बहाली का निस्तारण अधिकारियों के स्तर का नही है। इससे खुद अधिकारी भी पीड़ित हैं। सभी अधिकारी भी हमारे साथ हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। उन्होंने कहा कि देश में एक अन्याय हो रहा है। संगठन का किसी विधायक और सांसद से कोई नाराजगी नहीं हैं। लेकिन विधायक और सांसद एक बार जीते या पांच बार जीते उनको पेंशन का लाभ मिलता है। अगर उनको पेंशन दी जा सकती है, तो फिर हमारे कर्मचारियों को पेंशन क्यों नहीं दी जा सकती है। जबकि सरकारी कर्मचारी सरकार की नींव का काम करते हैं।

## नगरों की सवारें सूरत, स्वच्छता पर फोकस करें ईओ : डीएम



**लखीमपुर खीरी।** शनिवार की देर शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने नगरीय निकायों के अफसरों संग बैठक कीए जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने अधिशासी अधिकारियों से नगरीय क्षेत्रों की सूरत बदलने के लिए बेहतर प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में साफसफाई के मुकम्मल इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर सफाई देखने हेतु मुस्तैदी से काम करें। प्रत्येक ईओ सुबह व शाम नगरीय क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था का नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करें। ईओ सभी विकास कार्यों में विभागीय व वित्तीय नियमों का शत.प्रतिशत अनुपालन किया जाए।

# शिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : एडीएम

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)




**संपूर्ण** समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी ने कहा कि समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जिससे लोगों को यह प्रतीत हो कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई ही गई है। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं ने अपनी अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रार्थना पत्र प्रेषित किए। इन प्रार्थना पत्रों में से अधिकांश भूमि संबंधी विवादों के थे। इसके अलावा खाद्यापूर्ति विभाग से संबंधित कई शिकायतें लोगों द्वारा प्रस्तुत की गयीं। इन शिकायतों में कोटेदारों द्वारा खाद्यान के उचित वितरण न किए जाने के संबंध में थीं। इन शिकायतों पर अपर जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस अवसर पर उन्होंनें उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गंभीरतापूर्ण ढंग से कार्रवाई की जानी चाहिए जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान हो सके और उसे बार बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अपर पुलिस अधीक्षक हरदोई ने विशेष रूप से पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे राजस्वकर्मियों के साथ बेहतर समनवय स्थापित कर भूमि संबंधी विवादों पर बारीक निगाह रखें क्योंकि अक्सर छोटी छोटी घटनाएं ही कानून व्यवस्था के लिए समस्या बन जाती हैं। समाधान दिवस में एसडीएम डॉ0 दिव्या मिश्रा, पुलिसउपाधीक्षक अमित कुमार के अलावा विभिन्न विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। इस समाधान दिवस में कुल 138 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 16 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया और शेष प्रार्थना पत्रों पर एक सप्ताह में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# पुतिन पर दबाव बनाए अफ्रीकी नेता : जेलेंस्की





भाषा। कीव

**यूक्रेन के राष्ट्रपति** वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अफ्रीकी नेताओं के एक समूह से आग्रह किया कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर क्रीमिया और अन्य क्षेत्रों में बंदी बनाए गए राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा शनिवार को होने वाली अफ्रीकी नेताओं की रूस यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। लगभग 16 महीने पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में रूस और यूक्रेन की मदद करने के लिए शुरू किए गए शांति मिशन के तहत सात अफ्रीकी नेताओं-कोमोरोस, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका और जाम्बिया के राष्ट्रपति, मिस्र के प्रधानमंत्री और कांगो गणराज्य एवं युगांडा के शीर्ष दूतों ने शुक्रवार को कीव का दौरा किया था। अफ्रीकी नेता शनिवार को रूसी शहर सेंट पीटर्सबर्ग की यात्रा करेंगे, जहां वे पुतिन से मिलेंगे। यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए शुरू किया गया यह शांति मिशन अफ्रीकी नेताओं की ओर से किया गया अपनी तरह का पहला प्रयास है। इससे पहले, चीन भी इस तरह की शांति पहल कर चुका है। अफ्रीकी देशों के लिए यह मिशन अतिरिक्त महत्व रखता है, क्योंकि वे खाद्यान्न और उर्वरक की आपूर्ति के लिए रूस और यूक्रेन पर निर्भर हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति और अफ्रीकी देशों के नेताओं ने बंद दरवाजे के भीतर बैठक की। इसके बाद, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने जेलेंस्की और चार अफ्रीकी देशों के प्रमुखों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह संघर्ष अफ्रीका को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। मैं समझता हूं कि यूक्रेन के लोगों को लगता है कि उन्हें हार नहीं माननी चाहिए और लड़ाई जारी रखनी चाहिए। शांति की राह बहुत मुश्किल है। अफ्रीकी नेताओं का यह प्रतिनिधिमंडल युद्ध को लेकर अफ्रीकी देशों के भिन्न रुख का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल और युगांडा ने जहां युद्ध को लेकर मॉस्को की निंदा करने

● राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए आग्रह किया

से परहेज किया है। वहीं, मिस्र, जाम्बिया और कोमोरोस ने पिछले साले संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मॉस्को के आक्रमण की निंदा करते हुए रूस के खिलाफ मतदान किया था। संवाददाता सम्मेलन के दौरान माहौल उस समय गरमा गया, जब कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने शांति के लिए एक रोडमैप का विचार पेश किया, जिस पर जेलेंस्की ने स्पष्टीकरण मांगा और जोर देकर कहा कि वह अफ्रीकी नेताओं की रूस यात्रा से पुतिन द्वारा कोई आश्चर्यजनक कदम उठाने की उम्मीद नहीं करते हैं। जेलेंस्की ने प्रतिनिधिमंडल से क्रीमिया में राजनीतिक बंदियों को मुक्त कराने में मदद देने का आग्रह किया, जिस पर रूस ने 2014 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा, क्या आप उनसे राजनीतिक बंदियों को मुक्त करने के लिए कहेंगे? संभवतः यह आपके मिशन, आपके रोडमैप का एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष हो।

### यूक्रेन यात्रा के बाद पुतिन के साथ शांति योजना पर चर्चा के लिए अफ्रीकी नेता रूस गए

**कीव।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अफ्रीकी नेताओं के एक समूह की शनिवार को मेजबानी करेंगे, जो यूक्रेन की यात्रा के बाद शांति मिशन पर रूस गया है। लगभग 16 महीने पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में रूस और यूक्रेन की मदद करने के लिए सात अफ्रीकी नेताओं-कोमोरोस, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका और जाम्बिया के राष्ट्रपतियों, मिस्र के प्रधानमंत्री और कांगो गणराज्य एवं युगांडा के शीर्ष दूतों ने शुक्रवार को यूक्रेन की यात्रा की थी। इसके बाद अफ्रीकी नेताओं ने पुतिन से मिलने के लिए शनिवार को सेंट पीटर्सबर्ग की यात्रा की। यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति के लिए शुरू किया गया यह शांति मिशन अफ्रीकी नेताओं की ओर से किया गया अपनी तरह का पहला प्रयास है। इससे पहले, चीन भी इस तरह की शांति पहल कर चुका है। अफ्रीकी देशों के लिए यह मिशन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि खाद्यान्न और उर्वरक की आपूर्ति के लिए रूस और यूक्रेन पर निर्भर है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने जेलेंस्की और चार अफ्रीकी देशों के प्रमुखों के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह संघर्ष अफ्रीका को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि यूक्रेन के लोगों को लगता है कि उन्हें हार नहीं माननी चाहिए और लड़ाई जारी रखनी चाहिए। शांति की राह बहुत मुश्किल है। अफ्रीकी नेताओं का यह प्रतिनिधिमंडल युद्ध को लेकर अफ्रीकी देशों के भिन्न रुख का प्रतिनिधित्व करता है। दक्षिण अफ्रीका, सेनेगल और युगांडा ने जहां युद्ध को लेकर मॉस्को की निंदा करने से परहेज किया है। वहीं मिस्र, जाम्बिया और कोमोरोस ने पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मॉस्को के आक्रमण की निंदा करते हुए रूस के खिलाफ मतदान किया था। कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान शांति के लिए एक रोडमैप का विचार पेश किया, जिस पर जेलेंस्की ने स्पष्टीकरण मांगा और जोर देकर कहा कि वह अफ्रीकी नेताओं की यात्रा के बाद पुतिन से कोई आश्चर्यजनक कदम नहीं चाहते।

## क्विक न्यूज

### दक्षिणी ब्राजील में तूफान से तीन लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में आए शीतकालीन तूफान के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लापता हैं। क्षेत्र के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा कि साओ लियोपोल्डो शहर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि राज्य के तटीय क्षेत्र माक्विन में एक व्यक्ति की जान जाने की खबर है। लेइट ने ट्विटर पर कहा, फिलहाल हमारी प्राथमिकता लापता लोगों को ढूंढना और उन लोगों को बचाना है, जो बाढ़ के कारण मुश्किल में है और मदद का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने संकट से निपटने के लिए संघीय मदद की पेशकश की है। रियो ग्रांडे डो सुल में कई सड़क और पुल भी अवरुद्ध हैं। वहीं, राज्य के मुख्य शहरों के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी गई है, जबकि पूरे क्षेत्र में बिजली भी गुल है।

### बिपारजॉय का प्रकोप टलने के बाद पाकिस्तान के सिंध प्रांत में प्रशासन ने सारे प्रतिबंध हटाए

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत और उसकी राजधानी कराची में चक्रवात बिपारजॉय का प्रकोप टलने के बाद प्रशासन ने शनिवार को खुले समुद्र में जाने पर रोक समेत सारे प्रतिबंध हटा लिए। सिंध सरकार ने इस प्रांत के तटीय क्षेत्रों से करीब 80000 लोगों को इस चक्रवात के मद्देनजर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था। यह चक्रवात शुक्रवार को गुजरात तट से टकराया था और पाकिस्तान इसके प्रकोप से बच गया था। हालांकि कैटी बंदर जैसे तटीय क्षेत्रों में जलभराव हुआ, लेकिन यहां जानमाल का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कैटी बंदर से ही सबसे अधिक लोगों को हटाया गया था। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने शुक्रवार सुबह ट्वीट कर लिखा, पाकिस्तान पूरी तरह तैयार था लेकिन काफी हद तक वह उसके प्रकोप से बच गया। शनिवार को प्रशासन ने कराची में समुद्र में जाने पर रोक समेत सारे आपात प्रतिबंध हटा लिए।

### नाटो ने समुद्र के नीचे बिछाई गई पाइपलाइन, तारों की सुरक्षा की कवायद तेज की

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने समुद्र के नीचे बिछाई गई पाइपलाइन और तारों की सुरक्षा के लिए एक नया केंद्र स्थापित किया है। नाटो ने नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन पर हुए हमले और रूस द्वारा यूरोप के समुद्री क्षेत्र में पश्चिमी देशों के ऊर्जा एवं इंटरनेट सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का मानचित्रण करने संबंधी चिंताओं के बीच यह कदम उठाया है। नाटो देशों के रक्षा मंत्रियों द्वारा उत्तर-पश्चिम लंदन के नॉर्थवुड में इस नए केंद्र की स्थापना संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद केंद्र के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हैंस वर्नर विएरमान ने कहा, खतरा लगातार बढ़ रहा है। ब्रसेल्स स्थित नाटो मुख्यालय में संवाददाताओं से मुखातिब विएरमान ने कहा, रूसी जहाजों ने समुद्र के नीचे मौजूद हमारे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का सक्रिय रूप से मानचित्रण किया है। इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि पश्चिमी देशों में आम जनजीवन को बाधित करने की कोशिशों के तहत रूस समुद्र के नीचे बिछाई गई पाइपलाइन और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बना सकता है।

### नॉटिंघम हमलाः भारतीय मूल की युवती की हत्या के आरोपी को ब्रिटिश अदालत में पेश किया गया

**लंदन।** ब्रिटेन के नॉटिंघम में भारतीय मूल की छात्रा ग्रेसी ओमाले कुमार समेत तीन लोगों की छुरा घोंपकर हत्या करने के मामले में आरोपी व्यक्ति को शनिवार को नॉटिंघम मजिस्ट्रेट की अदालत मे पेश किया गया। आरोपी वाल्डो अमीसाओ मेंडेस कैलोकेन ने अदालत में खुद का परियच वाल्डो मेंडेस के रूप में दिया। उसे कड़ी सुरक्षा में अदालत में लाया गया। मेंडेस पर 19 वर्षीय ग्रेसी ओमाले कुमार, उनके दोस्त बरनबी वेबर (19) तथा 65 वर्षीय इयान कोट्स की हत्या का आरोप है। ग्रेसी प्रतिभाशाली क्रिकेटर एवं हॉकी खिलाड़ी थी। पुलिस के मुताबिक, ग्रेसी नॉटिंघम विश्वविद्यालय में सहपाठी एवं क्रिकेटर दोस्त बरनबी वेबर के साथ थी, जब हमलावर ने मंगलवार तड़के उन दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने कोट्स की भी चाकू घोंपकर हत्या कर दी और उनकी वैन चुराकर तीन लोगो को कुचलने की कोशिश की। ग्रेसी लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के डॉक्टर संजॉय कुमार की बेटी थी।

### पाक में बस दुर्घटना में कम से कम 10 व्यक्तियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक राजमार्ग पर एक बस के पलट जाने से पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियो ने दी।बचाव सेवा के अनुसार, बस इस्लामाबाद से लाहौर जा रही थी। उसके अनुसार यह पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में कल्लार कहार के पास एम-। पर पलट गई।अधिकारियों ने कहा, पांच महिलाओं और तीन बच्चों सहित कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना संभवतः बस के ब्रेक फेल होने के कारण हुई। अधिकारियो ने कहा कि मृतक संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर है।

### भारत को अमेरिका नीत अर्टेमिस संधि में शामिल होने की जरूरत : नासा की अधिकारी

**वाशिंगटन।** नासा की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अंतरिक्ष में स्वतंत्र पहुंच रखने वाले कुछ देशो मे शामिल और एक वैश्विक शक्ति माने जाने वाले भारत को अर्टेमिस टीम का हिस्सा होने की जरूरत है। यह टीम असैन्य अंतरिक्ष अन्वेषण पर समान विचार वाले देशों को एक मंच पर लाता है। अर्टेमिस संधि, 2025 तक फिर से मानव को चंद्रमा पर भेजने की अमेरिका नीत कोशिश है, जिसका लक्ष्य मंगल तक और उससे आगे अंतरिक्ष अन्वेषण का विस्तार करना है। उल्लेखनीय है कि 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि (अर्टेमिस संधि) असैन्य अंतरिक्ष अन्वेषण को दिशानिर्देशित करने के लिए तैयार गैर-बाध्यकारी सिद्धांतो का एक समूह है और इसका उपयोग 21वी सदी मे किया जा रहा। नासा प्रशासक के कार्यालय में प्रौद्योगिकी, नीति एवं रणनीति के लिए सहायक प्रशासक भव्या लाल ने पीटीआई-भाषा से शुक्रवार को कहा कि मई 2023 तक अर्टेमिस संधि के 25 हस्ताक्षरकर्ता थे और उम्मीद जताई कि भारत 26वां देश बन जाएगा। मुझे लगता है कि अर्टेमिस संधि पर हस्ताक्षर करना (भारत के लिए) प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरा मतलब यह है कि नासा भारत को मजबूत समझता है, यह एक वैश्विक शक्ति है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भाई नवाज शरीफ से लंदन से वापस आने का आग्रह किया

इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ से लंदन से पाकिस्तान लौटने और आम चुनाव में पार्टी के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री पद संभालने का आग्रह किया है। शनिवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, शुक्रवार को पार्टी की केंद्रीय आम परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए 71 वर्षीय शहबाज ने संकेत दिया कि नवाज शरीफ जल्द ही देश लौटेंगे। बैठक के दौरान शहबाज को दोबारा पीएमएल-एन का अध्यक्ष चुना गया।

### सऊदी के विदेशमंत्री सात साल के बाद तेहरान पहुंचे

**तेहरान।** सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक संबंधों की पुनःबहाली के शनिवार को तेहरान पहुंचे। ईरान की सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की खबर के अनुसार, सऊदी के विदेश मंत्री शाहजादा फैसल बिन फरहान तेहरान मे है और वह अपने ईरानी समकक्ष हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन से मिलेंगे। शाहजादा फैसल के शनिवार को तेहरान मे सऊदी अरब के दूतावास का उद्घाटन करने की संभावना है। हाल के सप्ताह मे दोनो देशो ने एक-दूसरे के यहां दूतावास खोले है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन चीन यात्रा के लिए रवाना

**बीजिंग।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन चीन राजनयिक यात्रा पर रवाना हुए। दोनो वैश्विक शक्तियों के बीच बढ़ते तनाव को शांत करने की कोशिश के लिहाज से उनकी इस यात्रा को अहम माना जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन के पदभार ग्रहण करने के बाद से ब्लिंकन चीन का दौरा करने वाले सर्वोच्च स्तर के अमेरिकी अधिकारी है और पांच वर्षो मे बीजिंग की यात्रा करने वाले पहले विदेश मंत्री होंगे। इस हाईप्रोफाइल दौरे के बावजूद दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओ के सामने आने वाले सबसे जटिल मुद्दो पर किसी भी महत्वपूर्ण सफलता की संभावना कम ही है, क्योंकि हाल के वर्षो मे दोनो के रिश्तो मे खाई और बढ़ी है। वैश्विक सुरक्षा और स्थायित्व पर प्रभाव डालने वाली असहमतियों वाले कई मुद्दो को लेकर दोनो के बीच शत्रुता और आरोप-प्रत्यारोप तेजी से बढ़े है।

### इमरान खान की अहम भूमिका नहीं : गृह मंत्री

**इस्लामाबाद।** गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने संकटग्रस्त पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अयोग्यता की ओर संकेत करते हुए कहा है कि वह पाकिस्तान की राष्ट्रीय राजनीति मे फिर से एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी नही बन पाएंगे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान पर पिछले साल अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से हटाए जाने के बाद आतंकवाद से लेकर हत्या तक के कई मामले दर्ज है। वह एक उपद्रवी है। वह राजनीति मे अभद्रता लेकर आए। उन्होंने कहा कि 70 वर्षीय विपक्षी नेता फिर कभी पाकिस्तान के राजनीतिक परिदृश्य मे एक प्रमुख खिलाड़ी नही होंगे। संघीय सरकार ने बार-बार संकेत दिया है कि नौ मई को खान की गिरफ्तारी के बाद प्रमुख सैन्य व सरकारी भवनों पर हमलों मे उनकी कथित भूमिका के लिए उन्हें अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

### नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सहित 16 लोग हिरासत में भेजे गए

***काठमांडू।*** भूटानी शरणार्थी घोटाले की आगे की जांच के लिए नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री सहित 16 लोगों को शुक्रवार को हिरासत मे भेज दिया गया है। हिरासत मे भेजे गए इन लोगों ने कथित रूप से नेपाली नागरिकों से भारी मात्रा मे धन लेकर उन्हें भूटानी शरणार्थियो के रूप मे विदेश भेजने का वादा किया था। अधिकारियों के अनुसार, काठमांडू जिला अदालत ने शुक्रवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री तोप बहादुर रायमांझी, पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खांड, सरकार के सचिव (निलंबित) टेक नारायण पांडे, पूर्व गृहमंत्री राम बहादुर थापा के सुरक्षा सलाहकार डॉक्टर इन्द्रजीत राय और भूटान के शरणार्थी नेता टेकनाथ रिजाल को घोटाले मे आगे की जांच के लिए हिरासत मे भेजा है। इन सभी पर धोखाधड़ी, ठगी और संगठित अपराध का आरोप है। न्यायमूर्ति प्रेम प्रसाद नुपाने की पीठ ने हालांकि दो आरोपियों टंका गुरुंग और लक्ष्मी महाराजन को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# मोदी-बाइडन वार्ता में व्यापक महत्व के पांच महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी चर्चा :भारतीय राजदूत संधू



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** नियुक्त भारत के राजदूत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की अगले हफ्ते होने वाली बैठक में पांच व्यापक महत्व के क्षेत्रों--स्वास्थ्य देखभाल, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और रक्षा--पर चर्चा होने की उम्मीद है, जो संयुक्त बयान में प्रदर्शित होगा। भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा से एक दिन पहले आई है। मोदी 20 जून को न्यूयॉर्क पहुंचेंगे और 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री वाशिंगटन डीसी जाएंगे, जहां उनकी अगवानी राष्ट्रपति बाइडन और प्रथम महिला (उनकी पत्नी) जिल बाइडन करेंगी। वहां मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे और ऐतिहासिक रात्रिभोज में शामिल होंगे। संधू ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा, इस साल की शुरूआत में दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों--अजीत डोभाल और जेक सुविलन--ने महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक पहल की शुरूआत की। सुविलन, डोभाल के साथ वार्ता के लिए भारत आए थे। भारतीय राजदूत ने कहा, प्रौद्योगिकी का न केवल एक वाणिज्यिक पहलू है बल्कि यह एक बहुत मजबूत रणनीतिक पक्ष भी है। प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए विश्वास महत्वपूर्ण आधार है। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान चर्चा किए जाने वाले पांच बड़े मुद्दों में स्वास्थ्य देखभाल, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और रक्षा शामिल हैं। उन्होंने कहा, वहनीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधा, वहनीय दवाइयां, वहनीय टीके, और प्रशिक्षण, शोध आदि इसका हिस्सा होंगे। दूसरे स्थान पर प्रौद्योगिकी है जो आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी), डिजिटल स्टार्टअप नवाचार है। ए सभी एक समूह में हैं।

### संरा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग दिवस समारोह में 180 देशों के लोग हो सकते हैं शामिल

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह मे दुनिया के 180 देशो के लोगो के शामिल होने की संभावना है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि उत्सव मे राजनयिको, कलाकारों, शिक्षाविदो और उद्यमियो सहित समाज के विभिन्न वर्गो के हिस्सा लेने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र ने प्रधानमंत्री मोदी के पहले कार्यकाल के पहले वर्ष 2014 मे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप मे घोषित किया था। यह विश्व मे मोदी नीत सरकार की सफलता और दुनिया मे भारत की साख को बढ़ाने मे मददगार रहा। भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र में 21 जून को योग दिवस समारोह को सफल बनाने मे जुटी हुई है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि 180 देशो से ज्यादा के लोग इस समारोह मे हिस्सा लेंगे और समाज के विभिन्न हिस्सो का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमे राजनयिक, नेता, कलाकार, सांस्कृतिक क्षेत्र की विभिन्न हस्तियां, शिक्षाविद और उद्यमी हिस्सा लेंगे। मोदी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के उत्तरी उद्यान मे सुबह आठ से नौ बजे के बीच नौवी वार्षीक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को लेकर कहा था, योग मन और शरीर की एकात्मकता का प्रतीक हैअ विचार और क्रियाअ संयम और पूर्तिअ मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्यअ स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण। यह व्यायाम के बारे मे नही है बल्कि स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकात्म के भाव को खोजने की प्रक्रिया है।

### भारत के वरिष्ठ अधिवक्ता संयुक्त राष्ट्र वकालत निकाय के उपाध्यक्ष चुने गए

**न्यूयॉर्क।** भारत के एक वरिष्ठ अधिवक्ता को आम सहमति से वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन (डब्ल्यूएफयूएनए) का उपायुक्त चुना गया है। यह संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक वकालत निकाय है। डब्ल्यूएफयूएनए एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है जो 100 से अधिक राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र संघो (यूएनए) और उनके हजारो घटको की सदस्यता का प्रतिनिधित्व और समन्वय करता है। यूएनए द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुरेश श्रीवास्तव, एक वरिष्ठ अधिवक्ता और इंडियन फेडरेशन ऑफ यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन (आईएफयूएनए) (डब्ल्यूएफयूएनए से जुड़ी संस्था) के महासचिव को बृहस्पतिवार को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विश्व निकाय का उपाध्यक्ष चुना गया। डब्ल्यूएफयूएनए के नए उपाध्यक्ष के रूप मे श्रीवास्तव संगठन की नीतियों और प्राथमिकताओ को आकार देने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# उत्तर कोरिया की पार्टी की अहम बैठक शुरू

● देश की संघर्षरत अर्थव्यवस्था व रक्षा रणनीतियों पर चर्चा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की मौजूदगी में देश का अहम राजनीतिक सम्मेलन शुरू हुआ, जिसमें संघर्षरत उत्तर कोरियाई अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों और प्रतिद्वंद्वियों के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर रक्षा रणनीतियों की समीक्षा की गई। सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति की पूर्ण बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका ने करीब 150 टॉमहॉक मिसाइलों को ले जाने में सक्षम परमाणु शक्ति से लैस पनडुब्बी को शुक्रवार को दक्षिण कोरिया में तैनात किया। उत्तर कोरिया ने भी हालिया महीनों में परमाणु सक्षम मिसाइलों के परीक्षणों की गति तेज कर दी है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार को बैठक के पहले दिन पार्टी के अधिकारियों ने 2023 की पहली छमाही के लिए देश के आर्थिक अभियानों की समीक्षा की, और बदली हुई अंतरराष्ट्रीय स्थिति से निपटने के लिए विदेश नीति और रक्षा रणनीतियों पर चर्चा की। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि बैठक में क्या चर्चा की गई थी और उसने न ही किम द्वारा की गई किसी भी टिप्पणी का उल्लेख किया। बैठक कम से कम एक और दिन जारी रहेगी। यूएसएस मिशिगन के शुक्रवार को दक्षिण कोरिया पहुंचने से एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने पूर्वी समुद्र में कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं।

# आव्रजकों पर छापों में शामिल हुए ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक

● 105 लोग गिरफ्तार

भाषा। लंदन



**अवैध** आव्रजकों के खिलाफ जारी देश व्यापी अभियान के तहत ब्रिटेन के गृह विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी छापेमारी की कार्वाई में शामिल हुए। अभियान के तहत 20 अलग-अलग देशों के 105 नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने 43 वर्षीय सुनक ने उत्तरी लंदन के ब्रेंट में इस सप्ताह की शुरुआत में ऐसे अभियान में हिस्सा लिया और आव्रजन अधिकारियों को कार्वाई करते हुए देखा। ब्रिटिश नेता ने अगले साल संभावित आम चुनावों से पहले अवैध आव्रजकों के खिलाफ कार्वाई को अपनी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में जगह दी है। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएल्ला ब्रावेरमैन ने कहा, अवैध कामगारों से हमारे समुदायों को नुकसान हो रहा है, इससे ईमानदार कामगारों को बेरोजगारी झेलनी पड़ रही है और लोगों की जेबों पर यह भारी पड़ रहा है क्योंकि ए लोग कर नहीं भरते हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम अपने कनूनों और सीमाओं का दुरुपयोग रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जानते हैं कि रोजगार की कालाबाजारी आव्रजकों के लिए लुभावनी है जो ब्रिटेन की अवैध और खतरनाक यात्राओं को प्रोत्साहित करता है।

# जलवायु परिवर्तन से पेड़ों की विकास दर में इजाफा

● लेकिन यह इसे कमजोर बना रहा

भाषा। सेग्युने (कनाडा)



**वैश्विक तापमान** में जैसे-जैसे वृद्धि हो रही है, ठंडे क्षेत्रों में वृक्षों को इस विस्तारित मौसम से फायदा मिल रहा है। इस विस्तारित मौसम में पेड़ों के छल्ले (ट्री रिंग्स) और विकसित होते हैं तथा परिणामस्वरूप, अधिक लकड़ी का उत्पादन होता है।

हालांकि, अध्ययनों से पता चलता है कि मौसम का अधिक विस्तार लकड़ी को कमजोर बनाता है, जिससे पेड़ संरचनात्मक रूप से कमजोर हो जाते हैं। लकड़ी की खराब गुणवत्ता का मतलब है कि पेड़ों के तने अधिक आसानी से टूट जाते हैं। हम वन पारिस्थितिकीविद हैं, जो लकड़ी की संरचना और इसके विकास चरण के विशेषज्ञ हैं। आइए, हमारे जंगलों के भविष्य को समझने की कोशिश करने के लिए उपलब्ध सबसे हालिया वैज्ञानिक अध्ययनों की पड़ताल करें और विश्लेषण करें कि बदल रहे इस विकास परक मौसम से उत्पादित लकड़ी की गुणवत्ता का निर्धारण कैसे हो रहा है। वसंत ऋतु में, पेड़ एक पतली कोशिका भित्ति के साथ कई बड़ी, हल्के रंग की कोशिकाओं का निर्माण करता है। वार्षिक छल्ले के इस भाग को अर्ली वुड (शुरुआती दौर में विकसित लकड़ी) कहा जाता है। वहीं, गर्मियों में इनका विकास धीमा हो जाता है। कोशिकाएं छोटी हो जाती हैं, लेकिन उनका बाहरी हिस्सा मोटा हो जाता है। इस वार्षिक छल्ले को लेट वुड कहा जाता है, जिसका रंग गहरा होता है। लकड़ी की कोशिकाओं की विशेषताएं विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और पारिस्थितिक एवं आर्थिक दृष्टि से अहमियत रखती हैं। सबसे पहले, लकड़ी की कोशिका भित्ति अधिकांश कार्बन को पेड़ों द्वारा वातावरण से ग्रहण करती है, जिसका मतलब है कि लकड़ी के छल्ले जितने मोटे हैं, वह पेड़ उतना ही कार्बन ग्रहण कर रहा है। दूसरे, अर्लीवुड और लेटवुड कोशिकाओं की संख्या का अनुपात लकड़ी के घनत्व को निर्धारित करता है, जिससे इसका संभावित उपयोग और मूल्य तय होता है। पेड़ अधिक तेजी से बढ़ रहे- पिछली शताब्दी में, उत्तरी अमेरिका और यूरोप के समशीतोष्ण क्षेत्रों में पेड़ों की विकास दर में तेजी दिखाई दी है, जो पिछली सदी की तुलना में 77 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि पेड़ों के मोटे छल्ले बनने से संबंधित है। पहली नजर में, पेड़ों की तेज विकास दर को उच्च बायोमास उत्पादन के रूप में दर्शाया जा सकता है, जिससे उच्च कार्बन भंडारण क्षमता होगी और इसलिए, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में हमारे वनों का अधिक योगदान होगा। दूसरे शब्दों में, पेड़ों की उच्च विकास दर का अर्थ यह हो सकता है कि हमारी विभिन्न आवश्यकताओं के लिए अधिक लकड़ी उपलब्ध होगी।

**लकड़ी :** यह क्या है? लकड़ी पेड़ों मे कोशिकाओं (जाइलम कोशिकाओं) के प्रगतिशील संचय का उत्पाद है। इस संचयन का उद्देश्य तने, शाखाओं और पत्तियों के लिए यांत्रिक सहायता प्रदान करना है। विस्तारित मौसम के कारण एक पेड़ के छल्लो की संख्या मे बढ़ोत्तरी होती है और यह प्रक्रिया वसंत से शरद ऋतु तक चलती है। हर साल एक नया छल्ला विकसित होता है। एक छल्ले की मोटाई पेड़ (इसकी प्रजातियों और अनुवांशिक कारको) और पर्यावरणीय कारको (जैसे मिट्टी के प्रकार, सूर्य के संपर्क, जलवायु और पड़ोसी पेड़ो के बीच प्रतिस्पर्धा) के निहित कारको के संयोजन पर निर्भर होती है। कुछ प्रजातियों मे, विशेष रूप से शंकुधर वृक्ष मे, छल्ले को एक-दूसरे से अलग करके देखना काफी आसान हो सकता है। यह इस तथ्य के कारण है कि विस्तारित मौसम के दौरान पेड़ दो प्रकार की लकड़ी का उत्पादन करता है, जिसमे विभिन्न रूपो और कार्यों वाली कोशिकाओ की विशेषता होती है।

# लोक नीति बनाने वालों के लिए भी क्यों पूरी तरह से विज्ञान पर निर्भर रहना असंभव

भाषा। टोरंटो

**कोविड**-19 महामारी हमारे लिए एक अनिवार्य सबक यह दे गई कि हम उस स्तर के संकट से निपटने के मामले मे कितने कम तैयार हैं। स्वाभाविक है कि नेताओं ने भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए बेहतर रणनीति बनाने का वादा किया है लेकिन अब तक यह वादा पूरा नहीं हुआ है।हालांकि, आश्चर्यजक रूप से एक अपवाद अलबर्टा प्रांत (कनाडा) से आया है। जनवरी में यूनाइटेड कंजर्वेटिव पार्टी (यूसीपी) की सरकार ने पार्टी संस्थापक प्रिस्टन मैनिंग के नेतृत्व में उच्च स्तर के विशेषज्ञों की समिति यह जांच करने के लिए बनाई है कि क्या कोविड-19 से निपटने की कनाडा की रणनीति से सबक सीखा जा सकता है ताकि भविष्य की आपात स्थितियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। यूसीपी पार्टी ने दोबारा चुनाव में जीत दर्ज की है।

# पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को पार्टी अध्यक्ष चुना

**इस्लामाबाद।** सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पार्टी का अध्यक्ष निर्वाचित किया है, जबकि पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना है। शुक्रवार को पीएमएल-एन की आम परिषद की बैठक मे यह निर्णय लिया गया। इस बैठक मे अहसान इकबाल को महासचिव चुना गया। बैठक में इनके अलावा कई अन्य पदाधिकारी भी चुने गए।अन्य पार्टी नेताओ मे मरयम औरंगजेब को सचिव (सूचना), अताउल्लाह तरार को उप सचिव और इसहाक डार को सचिव (वित्त एवं विदेश मामले) चुना गया। ए सभी इन पदो के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए, जो एक प्रकार से पीएमएल-एन में एकता को दर्शाता है, लेकिन वास्तव मे पार्टी पर शरीफ परिवार की पकड़ का स्पष्ट संकेत मिलता है।

LOST AND FOUND

I, SUDESH KOHLI W/o Late SHRI C.K. KOHLI R/O FLAT NO.205, POCKET-D, MAYUR VIHAR PHASE-II, DELHI-110091 inform That I am the owner and in possession of BUILT-UP PROPERTY BEARING No.23-B (PART OF PLOT No.23). Land Measuring Area 72.4 Sq.Yds. i.e. 60.53 Sq.Mtrs. (Size : 42.9 Ft. x 14.11 Ft. and Front 15.9 Ft.). alongwith its whole of structure consisting of Ground Floor, First Floor, Second Floor and Third Floor with roof rights, with the rights to further & upper construction upto the last storey, out of Khasra No.490/106, Situated at the abadi of DEH LAL DORA, VILLAGE PATPARGANJ, Illaqa Shahdara, Delhi-110091. Some previous original title documents related to the above said property has been lost/misplaced Agreement to Sell, Receipt, Will and other transfer documents dated 25.01.1975 & 06.02.1975. documents dated 12.10.1970. GPA Registration No.380. in book No.4. Volume No.7, on Pages 116 to 117, Dated 12.10.1970 in the office of Sub-Registrar IV Delhi executed by Smt Ram Devi W/o Shri Attar Chand in favour of Shri Attar Chand. I have lodge a lost report in this regarding, Vide LR No.552111/2023, Dated 14.06.2023. I have not mortage aforesaid original documents with any person, Bank or any other financial institution.

SUDESH KOHLI

CORRIGENDUM

ICICI Bank

**Regd. Office:** ICICI Bank Limited, ICICI Bank Tower, Near Chakli Circle, Old Padra Road, Vadodara, Gujarat. Pin- 390 007

**Corporate/Branch Office:** ICICI Bank Towers, Bandra- Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai- 400 051

**PUBLIC NOTICE-AUCTION OF FINANCIAL ASSET**

This is with reference to the Notice dated June16, 2023 (here in after referred to as 'the said Notice') for Auction of Financial Asset.

We wish to mention that, inadvertently and unintentionally, the date of submission of Expression of Interest is mentioned as June 08, 2023 in the paragraph section. The same should be read as June 17, 2023.

All other details mentioned in the said Notice will remain same.

We sincerely regret the inconvenience caused to you in this regard.

Date: June 17, 2023
Place: Delhi/NCR

Authorised Officer
ICICI Bank Limited

# पुरानी सरकारों ने सीमाक्षेत्रों का नहीं किया विकास

## कमजोर विदेश नीति बनाई : नड्डा

**भाषा।** नमसाई (अरुणाचल)



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल के नेतृत्व वाली सरकारें अपनी कमजोर विदेश नीति के कारण देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण नहीं करना चाहती हैं। नड्डा ने यहां अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कांग्रेस अपने लंबे शासन के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का निर्माण कर पड़ोसी देशों को परेशान नहीं करना चाहती थी। नड्डा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने लद्दाख गतिरोध को मजबूती से संभाला और चीन को स्पष्ट संकेत दिया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया अब मोदी को उनकी मजबूत विदेश नीति के कारण एक शक्तिशाली नेता के रूप में स्वीकार करती है। रैली का आयोजन केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने और राज्य में पेमा खांडू सरकार के सात वर्ष पूरे होने के मौके पर किया गया था। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ देश को कड़ा संदेश दिया। अरुणाचल प्रदेश के अपने पहले दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने हमेशा उन्हें प्रेरित किया है क्योंकि राज्य के लोग देशभक्त हैं और सीमा के प्रहरी के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा, लोग सभी लोगों को जय हिंद कहकर अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करते हैं जिसके लिए मैं उन्हें सलाम करता हूं। नड्डा ने कहा कि हालांकि वह अरुणाचल प्रदेश में विकास की योजनाओं को देखकर खुश हैं, लेकिन साथ ही इस बात का दुख भी हैं कि दशकों से कांग्रेस इस रणनीतिक राज्य की उपेक्षा कर रही थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अटल बिहारी वाजपेई के देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्वोत्तर को महत्व मिला। क्षेत्र के लिए वाजपेई द्वारा शुरू किए गए कार्यों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरा किया गया, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि यह क्षेत्र नई दिल्ली से दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में मोदी ने 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर और पांच से अधिक बार अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया और ऐसा देश के किसी अन्य प्रधानमंत्री ने कभी नहीं किया। नड्डा ने कहा कि 1947 से 2013 तक, अरुणाचल प्रदेश में केवल 30,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया था, लेकिन मोदी सरकार ने राज्य में 20,000 किलोमीटर से अधिक सड़कें बनाईं। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में, सात नए हवाई अड्डों पर काम जारी है और पिछले नौ वर्षों में इस क्षेत्र में 54,000 किलोमीटर से अधिक सड़क का निर्माण किया गया है। देश में महंगाई बढ़ने के आरोप लगाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नड्डा ने स्पष्ट किया कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.7 प्रतिशत है, जो विभिन्न विकसित देशों की तुलना में बहुत अधिक है।

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सांसद बेटे ने शिवसेना भाजपा के बीच विज्ञापन विवाद को तवज्जो नहीं दी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे एवं कल्याण से लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे ने अपनी पार्टी शिवसेना और गठबंधन सहयोगी भाजपा के बीच विज्ञापन विवाद को शनिवार को तवज्जो नहीं दी। शिवसेना के एक विज्ञापन में, एक सर्वे के आधार पर मुख्यमंत्री शिंदे को उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस से अधिक लोकप्रिय बताए जाने के बाद राज्य में सत्तारूढ़ सहयोगी दलों के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की अटकलों को बल मिला।मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य के कई समाचार पत्रों में मंगलवार को प्रकाशित विज्ञापन एक अत्यधिक उत्साही पार्टी कार्यकर्ता का कार्य है। श्रीकांत ने कल्याण में एक कार्यक्रम में कहा कि (एकनाथ)शिंदे-फडणवीस की जोड़ी अटूट है और इस तरह के दुष्प्रचार से उस पर प्रभाव नहीं पड़ने वाला है।



बिपरजय चक्रवात से हुए तबाही का हवाई दौरे से अवलोकन करते गृहमंत्री अमित शाह

# कांग्रेस में शामिल होने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा : गडकरी



**भाषा** नागपुर

**केंद्रीय** मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने कहा है कि एक नेता ने उन्हें एक बार कांग्रेस में शामिल होने की सलाह दी थी, जिसके जवाब में उन्होंने कहा था कि वह उस पार्टी का सदस्य बनने के बजाय कुएं में कूद जाएंगे।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के 60 साल के शासन में हुए कार्यों की तुलना में भाजपा की सरकार ने पिछले नौ साल में देश में दोगुना काम किया है।

गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को महाराष्ट्र के भंडारा में एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा में अपने कार्य के शुरुआती दिनों को याद किया और पार्टी के अब तक के सफर को लेकर बात की। उन्होंने कांग्रेस के दिवंगत नेता श्रीकांत जिचकर द्वारा एक बार उन्हें दी गई सलाह को भी याद किया। गडकरी ने कहा, जिचकर ने एक बार मुझसे कहा था- आप एक बहुत अच्छे पार्टी कार्यकर्ता और नेता हैं। यदि आप कांग्रेस में शामिल हो जाते हैं, तो आपका भविष्य बहुत उज्ज्वल रहेगा , लेकिन मैंने उनसे कहा था कि मैं कांग्रेस में शामिल होने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा, क्योंकि मेरा भाजपा और उसकी विचारधारा में मजबूत भरोसा है तथा मैं इसके लिए काम करना जारी रखूंगा। गडकरी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के लिए काम करते समय युवावस्था में उनमें मूल्यों को स्थापित करने के लिए संघ की भी सराहना की। मंत्री ने कांग्रेस के बारे में कहा कि पार्टी बनने के बाद से कई बार टूट चुकी है।उन्होंने कहा, हमें अपने देश के लोकतंत्र के इतिहास को नहीं भूलना चाहिए। हमें भविष्य के लिए अतीत से सीखना चाहिए।

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने राज्य निर्वाचन आयोग के प्रमुख को बुलाया

**कोलकाता,।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी वी आनंद बोस ने राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) राजीव सिन्हा को शनिवार को राजभवन में बुलाया। हालांकि, सिन्हा ने पंचायत चुनाव संबंधी पूर्व निर्धारित व्यस्तताओं का हवाला देते हुए राजभवन आने में असमर्थता जताई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिन्हा ने बोस से अनुरोध किया कि उन्हें आज दिन में उपस्थित होने से छूट दी जाए और किसी अन्य दिन बैठक का समय तय किया जाए। सिन्हा बच नहीं रहे हैं। उन्होंने आज के लिए छूट मांगी है। उन्होंने राज्यपाल से किसी अन्य दिन मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया है। बोस ने सिन्हा को हिंसा के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाए गए कदमों की ताजा जानकारी देने के लिए अपराह्न दो बजे राजभवन बुलाया था। इस हिंसा में राज्य में चार लोगों की मौत हो गई। राज्यपाल ने शुक्रवार को भांगोर का दौरा करने के बाद कहा कि राजनीतिक हिंसा को समाप्त करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने अपराधियों को न्याय के दायरे में लाए जाने का आश्वासन दिया। बोस ने वहां के स्थानीय निवासियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से बात करने के बाद कहा कि हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों में लगभग 74,000 उम्मीदवारों का चुनाव करने के लिए राज्य में होने वाले पंचायत चुनावों में पांच करोड़ से अधिक मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं।

# भाजपा ने चंबा हत्याकांड की जांच एनआईए से कराने की मांग की

## पूरे राज्य में किया प्रदर्शन

**भाषा।** धर्मशाला

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने चंबा जिले में एक व्यक्ति की हत्या के मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराने की मांग को लेकर शनिवार को पूरे हिमाचल प्रदेश में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। मारे गए व्यक्ति के शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे जिन्हें एक नाले से बरामद किया गया था। भाजपा ने राज्य के सभी 12 जिले में से प्रत्एक में उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदाल ने सिरमौर जिला में ज्ञापन सौंपा और लापता हो रहे लोगों का पता लगाने के लिए विशेष कार्यबल गठित करने की मांग की। भाजपा ने मुख्य आरोपी द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण और उसे वित्तीय सहायता प्रदान करने के मामले में विभागीय जांच कराने की मांग की है। सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए भाजपा नेताओं ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह मारे गए व्यक्ति के परिवार से मिलने जा रहे नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर समेत विपक्षी दलों के अन्य नेताओं को चंबा के सलूनी कस्बे में प्रवेश करने से रोक रहा है। लापता होने के दो दिन बाद आठ जून को भंडाल गांव निवासी मनोहर के शव के टुकड़े सलूनी के बांदल पंचायत के एक नाले में मिले थे। 13 जून को मुसाफिर हुसैन समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। हुसैन की पत्नी और शाबिर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि हुसैन पर आरोप है कि उसने अनुसूचित जाति के 28 वर्षीय युवक मनोहर लाल की अपनी भतीजी से प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या कर दी थी।

## क्विक न्यूज

### पंजाब में किसानों की दो बेटियां वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनी

**चंडीगढ़।** पंजाब के दो किसानों की दो बेटियां शनिवार को वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में शामिल हुईं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, लड़कियों के लिए मोहाली स्थित माई भागो सशस्त्र बल तैयारी संस्थान (एएफपीआई) की पूर्व छात्रा इवराज कौर और प्रभसिमरन कौर को डुंडीगल और हैदराबाद की वायुसेना अकादमी से फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में शामिल किया गया है। इवराज के पिता जसप्रीत सिंह एक किसान हैं जो रूपनगर जिले के निवासी हैं। इवराज हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में फ्लाइंग शाखा में शामिल होंगी। इसी तरह फ्लाइंग ऑफिसर प्रभसिमरन के पिता परमजीत सिंह गुरदासपुर जिले के एक किसान हैं। बयान में कहा गया कि प्रभसिमरन वायुसेना की शैक्षिक शाखा में शामिल होंगी। पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा ने राज्य की बेटियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि वायुसेना में शामिल दोनों फ्लाइंग ऑफिसर के पिता गौरवशाली किसान हैं। मंत्री ने कहा कि इन दोनों बेटियों की सफलता छोटे कस्बों और गांवों के बच्चों को सेना में कमिशन अधिकारी के रूप में शामिल होकर देश की सेवा करने की खातिर अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### दो हजार के नोटों से नक्सलियों के लिए ट्रैक्टर खरीदने के दौरान नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में दो हजार रुपए के नोटों से माओवादियों के लिए ट्रैक्टर खरीदने की कोशिश कर रहे एक नक्सली सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उसके पास से 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने ट्रैक्टर के शोरूम से नक्सली सहयोगी दिनेश ताती (23) को गिरफ्तार किया और उसके पास से दो हजार रुपए के नोटों से भरा एक थैला बरामद किया है। थैले में कुल 10 लाख रुपए थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि गंगालूर एरिया कमेटी ने दो हजार रुपए मूल्य के नोटों को खपाने के लिए गंगालूर क्षेत्र के कुछ लोगों को ट्रैक्टर खरीदने के लिए शो रूम भेजा है, ट्रैक्टर का उपयोग माओवादी करने वाले थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना के बाद कोतवाली थाने के दल ने बीजापुर शहर के अलग-अलग ट्रैक्टर शो रूम में दबिश दी तथा जब शहर में जॉन डीयर ट्रैक्टर के शो रूम में दबिश दी गई तब एक व्यक्ति पुलिस दल को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस दल ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि जब संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई तब उसने अपना नाम दिनेश ताती बताया।

### उत्तर बनाम दक्षिण के बीच होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** शॉर्ट वीडियो ऐप मौज पर उत्तर बनाम दक्षिण की बहस के बीच मतों की सबसे जोरदार टक्कर के लिये तैयार हो जाइये। 19 जून से लेकर 30 जून तक टीम डोसा और टीम छोले भटूरे के कट्टर समर्थकों, अमिताभ बच्चन और रजनीकांत के समर्पित फॉलोअर्स, कांजीवरम के प्रेमियों व चिकनकारी के शौकीनों के बीच यादगार लड़ाई में खो जाइये। यह भारत के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों के बीच 11 दिन का एक बेजोड़ मुकाबला होगा, जिसमें प्रतिभाशाली क्रिएटर्स चार रोमांचक राउंड्स में अनोखे फ्लेवर्स और कल्चर्स के लिये अपना प्यार जताएंगे और 80,000 रूपये के आकर्षक इनाम जीतने की कोशिश करेंगे। फूड, मूवीज, फैशन और ट्रेवल जैसी दिलचस्प थीम मुकाबले को और बेहतरीन बनाएंगे। व्यूअर्स मौज लाइव स्ट्रीमिंग के जरिये सक्रियता से इसमें भाग ले सकते हैं और अपने क्षेत्रों तथा चहेते क्रिएटर्स का समर्थन करने वाले वर्चुअल गिफ्ट भेज सकते हैं। हर राउंड में कम से कम 45 मिनट की गर्मजोशी से भरी चर्चाएं होंगी। सीनियर डायरेक्टर शशांक शेखर ने कहा किहम नॉर्दन विंड्स वर्सेस सदर्न फायर की शानदार टक्कर की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं!

### भायंदर में बस स्टॉप का नाम बांग्लादेश रखा

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के मीरा भायंदर में एक बस स्टॉप का नाम बांग्लादेश रखा गया है। यह बस स्टॉप भायंदर पश्चिम स्थित उत्तान चौक में है और शुक्रवार को नगर निकाय द्वारा बांग्लादेश नाम का बोर्ड लगाए जाने के बाद से निवासियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। एक निवासी ने कहा, इलाके में पश्चिम बंगाल से आए लोग रहते है, जो सालो पहले नौकरी और सस्ते आवास की तलाश में यहां पहुंचे थे। इस क्षेत्र को मूल रूप से इंदिरा नगर के नाम से जाना जाता है, लेकिन बंगालियो की उपस्थिति के कारण इसे बांग्लादेश भी कह देते है।

### मेघालय में भारी बारिश से लोगों की मौत, भूस्खलन

**शिलांग।** मेघालय मे भारी बारिश और भूस्खलन के कारण शनिवार को राज्य के पश्चिमी खासी हिल्स जिला स्थित अपने घर मे फंसी दो लड़कियो के शव परिवार के सदस्यो और पड़ोसियो की मदद से बरामद कर लिए गए।उन्होंने बताया कि यह घटना नोंगस्टोइन के मावियोंग-पाइनडेनग्रेई इलाके मे सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मृत लड़कियो की उम्र 10 साल और 15 साल थी। वही, एक अन्य घटना मे दो दिन पहले पूर्वी खासी हिल्स जिले के मौसीनराम मे एक ट्रक गहरी खाई मे गिर गया था। पुलिस ने ट्रक मे मौजूद छह लोगो मे से चार लोगो के शव बरामद कर लिए है। घटना के समय यह ट्रक थिएडडिएंग गांव जा रहा था।

### एनएमसी की समीक्षा की समान अंक होने पर भौतिकी के अंकों को वरीयता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने भौतिकी के बाद रसायन विज्ञान और फिर जीव विज्ञान मे प्राप्त अंको को प्राथमिकता देते हुए समान नीट स्कोर वाले अभ्यर्थियो की रैंक निर्धारित करने की प्रक्रिया की समीक्षा करने का फैसला किया है। यह जीव विज्ञान के बाद रसायन विज्ञान और फिर भौतिकी मे प्राप्त अंको को प्राथमिकता देने की मौजूदा परंपरा के उलट है। हाल मे जारी स्नातक चिकित्सा शिक्षा नियमन-2023 के अनुसार, यदि विषय के अंक समान अंक का समाधान नही करते है, तब मेधा सूची के लिए कंप्यूटर के जरिए ड्रॉ निकाला जाएगा,जिसमे कोई मानवीय हस्तक्षेप नही होगा। नए नियमन दो जून को अधिसूचित किए गए है,जिन्हे अगले साल से लागू किए जाने की संभावना है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस होते तो बंटवारा न होता : डोभाल

## अंग्रेजों को निडर होकर चुनौती देने का साहस था

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार** (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस में अंग्रेजों को निडर होकर चुनौती देने का साहस था और अगर वह उस समय होते तो भारत का विभाजन नहीं होता। डोभाल ने कहा कि बोस भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ने के लिए दृढ़ थे और कभी भी आजादी की भीख नहीं मांगना चाहते थे। उन्होंने कहा कि वह न केवल राजनीतिक अधीनता को समाप्त करना चाहते थे बल्कि महसूस करते थे कि लोगों की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मानसिकता को बदलना होगा और उन्हें आकाश में मुक्त पक्षियों की तरह महसूस करना चाहिए। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित पहले नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मृति व्याख्यान में एनएसए ने यह बात कही। अपने संबोधन के दौरान, डोभाल ने बोस के जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की और कहा कि उनमें महात्मा गांधी को चुनौती देने का साहस भी था। लेकिन इसके साथ ही, डोभाल ने कहा कि बोस के मन में गांधी के लिए बहुत सम्मान था। डोभाल ने कहा, यह विचार उनके दिमाग में आया कि मैं अंग्रेजों से लड़ूंगा, मैं आजादी की भीख नहीं मांगूंगा। यह मेरा अधिकार है और मुझे इसे प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा, अगर सुभाष बोस होते तो भारत का विभाजन नहीं होता। जिन्ना ने कहा कि मैं केवल एक नेता को स्वीकार कर सकता हूं और वह सुभाष बोस हैं। डोभाल ने कहा कि भारत के लिए बोस का योगदान अनुकरणीय है। उन्होंने कहा, भारतीय इतिहास में, बहुत कम समानताएं हैं या वैश्विक इतिहास में जहां लोगों में धारा के खिलाफ बहने का साहस था - और यह आसान धारा नहीं थी। यह शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य की धारा थी। डोभाल ने कहा, नेताजी ने कहा कि मैं पूर्ण स्वतंत्रता और आजादी से कम पर समझौता नहीं करूंगा। एनएसए ने बताया कि नेताजी ने कहा में इस देश को न केवल राजनीतिक अधीनता से मुक्त करना चाहता हूं बल्कि उनका मानना था कि लोगों की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक मानसिकता को बदलना होगा, और उन्हें आकाश में स्वतंत्र पक्षियों की तरह महसूस करना चाहिए। डोभाल ने कहा, बोस के पास ऐसा साहस था जो किसी अन्य के पास नहीं था। परिणामों की परवाह किए बिना, उनके पास प्रचलित शक्तियों को चुनौती देने का साहस था। उन्होंने अद्वितीय बहादुरी और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया।

## गैस चूल्हे की लौ से उत्सर्जित बेंजीन का घर में स्तर परोक्ष धूम्रपान के स्तर से हो सकता है अधिक

**नई दिल्ली।** अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की अगुवाई में हुए एक नए अध्ययन में सामने आया है कि गैस चूल्हे की लौ से घरेलू स्तर पर अत्यधिक ज्वलनशील और कार्सिनोजेनिक (कैंसर पैदा करने की संभावना वाला) बेंजीन का उत्सर्जन होता है, जिसका स्तर परोक्ष धूम्रपान की तुलना में कहीं अधिक हो सकता है। इनवायरमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में शामिल वैज्ञानिकों ने कहा कि बेंजीन पूरे घर में फैल जाती है और यह हवा में घंटों तक बरकरार रहती है। बेंजीन आग की लौ और अन्य उच्च तापमान वाले वातावरण में बनती है। अब हम जानते हैं कि बेंजीन हमारे घरों में गैस चूल्हे की लौ में भी बनती है। जैकसन ने कहा, अच्छी हवादार परिस्थितियां प्रदूषक सांद्रता को कम करने में मदद करती है। हालांकि, हमने पाया कि एक्जॉस्ट फैन अक्सर बेंजीन के असर को खत्म करने में अप्रभावी होते हैं।

# गुजरात में दरगाह गिराने के नोटिस पर पथराव

## एक की मौत, पुलिसकर्मी घायल, 174 हिरासत में



**भाषा।** जूनागढ़

**गुजरात के** जूनागढ़ शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए एक दरगाह को गिराने की नगर निकाय की योजना के विरोध में लोगों के एक समूह ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और एक वाहन को आग लगा दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घटना शुक्रवार रात जूनागढ़ के मजेवाड़ी दरवाजा के पास हुई। इस दौरान पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया तथा बाद में 174 लोगों को हिरासत में ले लिया। व्यक्ति की मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद पता चलेगा, लेकिन पुलिस को संदेह है कि भीड़ द्वारा फेंके गए पत्थर के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वसमशेट्टी ने कहा, 14 जून को जूनागढ़ नगर निगम ने मजेवाड़ी दरवाजा के पास एक मस्जिद को जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज पेश करने के लिए नोटिस जारी किया। नोटिस से भड़के करीब 500-600 लोग शुक्रवार की रात धार्मिक ढांचे के पास जमा हो गए और सड़कों को जाम कर दिया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद जूनागढ़ के पुलिस उपाधीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों ने भीड़ को समझाने की कोशिश की तथा मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकालने एवं प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने के उद्देश्य से करीब एक घंटे तक विचार-विमर्श हुआ लेकिन इसके बाद रात करीब सवा दस बजे पुलिसकर्मियों पर कुछ पत्थर फेंके गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दरगाह को नोटिस दिए जाने से आक्रोशित कुछ लोग नारेबाजी करते हुए पुलिसकर्मियों की ओर आगे बढ़े और उन पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि बेकाबू भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया।

# हिंदू राष्ट्र के लिए लोग करें जोरदार प्रयास : कांग्रेस विधायक

## पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के जन्मदिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित एक सभा के दौरान यह अपील की

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** में सत्ताधारी कांग्रेस की एक विधायक ने हिन्दुओं से हिन्दू राष्ट्र के निर्माण के लिए एकजुट होने और इस दिशा में प्रयास करने की अपील की है। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली अनीता योगेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के जन्मदिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित एक सभा के दौरान यह अपील की। उनके बयान का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया वायरल हो गया। हालांकि कांग्रेस ने उनके बयान से खुद को अलग कर लिया है और कहा है कि यह महिला विधायक के निजी विचार हैं।अनिता योगेंद्र शर्मा ने एक कार्यक्रम में कहा था, हम जहां भी हों, चाहे गांव में हों या किसी भी स्थान पर, वहां हम हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित होकर करें, हम हिन्दू एक हों तभी हिंदू राष्ट्र बन सकता है। वह छत्तीसगढ़ी भाषा में बोल रही थीं।इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया क्योंकि वह केवल देश में रहने वाले लोगों की एकता के बारे में बात कर रही थीं। उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि यदि कांग्रेस समान नागरिक संहिता का समर्थन करती है, तब राम राज्य कायम होगा क्योंकि समान नागरिक संहिता तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त कर देगा।इस बीच प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, अनिता शर्मा का बयान उनका निजी वक्तव्य हो सकता है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से संविधान के साथ खड़ी है। डॉक्टर भीम राव अंबेडकर, पंडित नेहरू और डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जैसे मनीषियों ने भारत का जो संविधान बनाया था उस संविधान में धर्मनिरपेक्षता का उल्लेख है कांग्रेस पार्टी उस धर्मनिरपेक्षता के साथ पूरी तरह से खड़ी है। शुक्ला ने कहा, हर व्यक्ति की अपनी विचारधारा हो सकती है। कांग्रेस पार्टी मत भिन्नता का स्वागत करती है। पार्टी में विभिन्न धर्मावलंबी लोग हैं। हम हर धर्म का स्वागत करते हैं यह कांग्रेस पार्टी की खूबसूरती है। अनिता शर्मा जी ने जो कहा है वह उनका निजी विचार हो सकता है।

### कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून निरस्त करने के फैसले पर विहिप ने व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू किया

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में लाए गए धर्मांतरण विरोधी कानून को निरस्त करने के कर्नाटक सरकार के फैसले की निंदा की और इसके खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। विहिप महासचिव मिलिंद परांडे ने राज्य सरकार के फैसले को मुस्लिम और ईसाई तुष्टिकरण की पराकाष्ठा करार दिया और इसे हिंदू मूल्यों पर आघात बताया। उन्होंने कहा कि यदि कानून में कोई खामी है तो राज्य सरकार इसे संशोधित कर सकती है। विहिप नेता ने आरोप लगाते हुए कहा, लेकिन लगता है कि कांग्रेस सरकार ने गैर कानूनी धर्मांतरण गिरोह के आगे झुक गई है। इस फैसले से राज्य सरकार पर उनका दबाव स्पष्ट रूप से दिख रहा है। परांडे ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सख्ती के साथ कांग्रेस सरकार के फैसले की निंदा करता है और इस निर्णय के खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के खिलाफ राज्य में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किए गए और यह अभियान रुकने वाला नहीं है।

# इशान किशन एनसीए में हासिल करेंगे फिटनेस

● वेस्टइंडीज दौरे से पहले कोशिश करेंगे

भाषा। मुंबई



**भारत के** विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन और कुछ अन्य अनुबंधित खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के कैरेबियाई दौरे से पहले स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग (पूर्ण फिटनेस) से संबंधित काम के लिए अगले सप्ताह बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में जाएंगे। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के पूर्ण दौरे पर दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगीं। इस दौरे का आगाज 12 जुलाई को टेस्ट श्रृंखला से होगा, जिसके लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम तीन जुलाई को भारत से रवाना हो सकती है। आम तौर पर जब दो अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के बीच समय होता है तो बोर्ड के केंद्रीय अनुबंधित और राष्ट्रीय टीम में स्थान के दावेदार खिलाड़ियों (जो किसी भी घरेलू टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं हो) को उनकी फिटनेस के आकलन के लिए एनसीए बुलाया जाता है। भारतीय घरेलू सत्र का आगाज 28 जून से दलीप ट्रॉफी के साथ होगा। इसके सभी मुकाबले बेंगलुरु में खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी का फाइनल 12 से 16 जुलाई तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। पीटीआई-भाषा ने पहले ही खबर दी थी किशन ने इस टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। दलीप ट्रॉफी के शुरुआती मुकाबले में पूर्वी क्षेत्र का सामना मध्य क्षेत्र से अलूर में होगा। किशन के पास इस मैच के जरिए खुद को भारतीय टेस्ट टीम में विकेटकीपर के तौर पर स्थापित करने का मौका था। श्रीकर भरत अब तक मिले मौके को भुनाने में नाकाम रहे हैं लेकिन दलीप ट्रॉफी में किशन के नहीं खेलने के फैसले से यह सवाल उठ रहा है कि क्या वह देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने को लेकर गंभीर है? इशान से जुड़े एक करीबी सूत्र ने शनिवार को कहा, इशान पिछले दिसंबर से नियमित रूप से भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद इंग्लैंड से आने पर एक छोटा ब्रेक लिया था। उन्होंने बताया, वह अगले सप्ताह के शुरुआती दिनों में एनसीए जाएंगे। वह इस दौरान अपने प्रशिक्षण और वेस्टइंडीज दौरे की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अगर उन्हें मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला तो वह सीमित ओवर के मैचों (27 जुलाई को पहला एकदिवसीय) में लगभग दो महीने के बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेलेंगे। उन्होंने अपना पिछला मैच 26 मई को इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था।

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर: हरमीत सेमीफाइनल में पहुंचे

**लागोस।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई ने शनिवार को यहां चीन के पेंग जियांग को 3-। से हराकर डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के सेमीफाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट में बड़े खिलाड़ियों को शिकस्त देने का सिलसिला जारी रखते हुए हरमीत ने विश्व रैंकिंग में 26 वें स्थान पर काबिज जियांग को 11-7, 5-11, 11-7, 11-। से हराया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी ने इससे पहले कोरिया के जांग वूजिन को हराकर उलटफेर किया था। सेमीफाइनल में उनके सामने विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज जर्मनी के दिमित्रिज ओवचेरोव की चुनौती होगी। हरमीत ने कहा, मेरे लिए क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करना शानदार रहा। मैं अच्छी लय में हूं और उम्मीद है इसे सेमीफाइनल में भी जारी रखूंगा।

## खबरें स्टेडियम से

### श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए शाहीन की पाकिस्तान टीम में वापसी

**कराची।** तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को अगले महीने श्रीलंका में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए शनिवार को पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया जबकि मोहम्मद हुरैरा और आमिर जमाल को लंबे प्रारूप की टीम में पहली बार जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल को गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। पीसीबी ने उनके साथ छह महीने के अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। बाबर आजम की अगुआई में 16 सदस्ईय टीम श्रीलंका में दो टेस्ट खेलेगी। इस श्रृंखला से पाकिस्तान आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के तीसरे चक्र में अपने अभियान का आगाज करेगा। पाकिस्तान के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन की वापसी राहत देने वाली खबर है। शाहीन ने घुटने की चोट के कारण पिछले साल जुलाई से कोई टेस्ट क्रिकेट नही खेला है।

### टेरेन से जुड़े कुलदीप यादव

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख मेन्स हाईस्ट्रीट फैशन ब्राण्ड इंडियन टेरेन ने देश के तेजी से बढ़ रहे फैशन हब्स में से एक में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश में अपने 10वें स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की है। यह लखनऊ के लुलु मॉल में है। यह कलात्मक स्टोर है और प्रदेश में फैशन को लेकर सचेत उपभोक्ताओं को लगातार सेवा दे रहे इंडियन टेरेन के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस स्टोर का उद्घाटन भारत के लोकप्रिय क्रिकेटर कुलदीप यादव ने किया। अपने लॉन्च का जश्न मनाते हुए यह आउटलेट ग्राहकों के लिये कई रोमांचक शुरूआती ऑफर्स पेश कर रहा है। बेहतरीन सिलाई के साथ आराम देने के लिये बनाया गया है। नया लॉन्च हुआ आउटलेट ग्राहकों को खरीदारी का एक लक्जुरियस और शानदार अनुभव भी देता है। इंडियन टेरेन के प्रबंध निदेशक चरथ नरसिम्हन ने कहा उत्तर प्रदेश के लोगों से मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया ने हमें यह उपलब्धि हासिल करने में समर्थ बनाया है और लखनऊ हमेशा से इंडियन टेरेन का पसंदीदा बाजार रहा है। यह आरामदायक और स्टाइलिश क्लॉथिंग पर फोकस कर अपने ग्राहकों की फैशन से जुड़ी तरह.तरह की पसंद को पूरा करता है।

### सेमीफाइनल में ब्रिटेन के तीन खिलाड़ी

**नॉटिंघम।** ब्रिटेन की तीन महिला खिलाड़ी केटी बौल्टर, जोडी बुंेज और हीथर वॉटसन नॉटिघम ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे जिससे यह तय हो गया कि टूर्नामेंट के फाइनल में कोई स्थानीय खिलाड़ी होगा। विम्बलडन की तैयारियों से जोड़कर देखे जा रहे इस टूर्नामेंट में कई उलटफेर देखने को मिले जो क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भी जारी रहे। विश्व रैंकिंग में 131 स्थान पर काबिज बुंेज पोलैंड की मैग्डालेना फ्रेच को 6-2, 3-6, 7-5 से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीए स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंची।ब्रिटेन की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी बौल्टर (विश्व रैंकिंग 126) ने हमवतन हैरियट डार्ट को 6-3, 7-5 और विश्व रैंकिंग में 195 स्थान की खिलाड़ी वॉटसन ने स्विट्जरलैंड की विक्टोरिया गोलुबिच को 7-6, 7-5 से मात दी। फ्रांस की एलीज कॉर्नेट ने एक अन्य क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की एलिजाबेथ मैंडलिक को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इस टूर्नामेंट में आठ वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में से कोई भी दूसरे दौर से आगे नही बढ़ पाया।

### फुक्सोविच ने फ्रिट्ज को हराकर उलटफेर किया, टियाफो, हुर्काज और स्ट्रफ भी सेमीफाइनल में पहुंचे

**स्टटगार्ट।** मार्टन फुक्सोविच ने स्टटगार्ट ओपन के क्वार्टर फाइनल में टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर उलटफेर किया तो वही फ्रांसिस टियाफो भी अपना मैच जीत कर अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। अमेरिका के दो खिलाड़ियों की टक्कर में अनुभवी फ्रिट्ज मैच के शुरूआती सेट में लय हासिल करने के लिए जूझते रहे। दूसरे सेट में जब दोनों का स्कोर 5-5 की बराबरी पर था तब फुक्सोविच ने आठवी रैंकिंग के खिलाड़ी का सर्विस तोड़ा और अगले गेम में अपने चौथे मैच प्वाइंट को भुनाकर मुकाबला जीत लिया। फुक्सोविच के सामने सेमीफाइनल में अब टियाफो की चुनौती होगी। हंगरी के टियाफो 2021 के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचे है। तीसरी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने लोरेंजो मुसेटी को 6-7, 7-6, 6-2 से हराया। स्थानीय खिलाड़ी यान-लेनार्ड स्ट्रफ ने फ्रांस के अनुभवी रिचर्ड गैस्केट को 6-4, 7-5 से हराया।

## डाइमंड लीग के लुसाने चरण में हिस्सा लेंगे चोपड़ा

**नई दिल्ली।** मांसेशियो में खिंचाव से उबर रहे दुनिया के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के 30 जून को लुसाने में वांडा डाइमंड लीग के छठे चरण के साथ वापसी करने की संभावना है। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने अब तक आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नही की है लेकिन प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार इस महीने के अंत में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारतीय एथलीट प्रतिस्पर्धा पेश करता नजर आएगा।

## अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त छठे स्थान पर

**बेलमोंट।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मेजर एलपीजीए क्लासिक के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से छठे स्थान पर पहुंच गई। इस सत्र में शानदार लय में चल रही अदिति ने शुरुआती दौर में चार अंडर का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर नौ अंडर का है। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज जापान की अयाका फुरे से दो शॉट पीछे है। अयाका ने दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर 11 अंडर है।

## महिला राष्ट्रीय फुटबॉल: मणिपुर ने महाराष्ट्र को हराया

**अमृतसर।** हेइगुरुजम दया देवी के दो गोल की मदद से मणिपुर ने शनिवार को यहां सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप बी मैच में महाराष्ट्र को 3-। से हराया। डांगमेई ग्रेस के मणिपुर के लिए पहला गोल किया था जबकि दया देवी ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। महाराष्ट्र के लिए इकलौता गोल आर्या मोरे ने किया।ग्रुप के अन्य मैचों में बंगाल ने हिमाचल प्रदेश को 4-0 और हरियाणा ने रेलवे को 2-। से हराया।

## फ्रांस और इंग्लैंड जीते

**पेरिस।** स्ट्राइकर ओलिवियर गिरोड और हैरी केन ने अपनी राष्ट्रीय टीम के गोल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया जिससे फ्रांस और इंग्लैड ने यूरोपीय चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।फ्रांस ने ग्रुप बी के मैच में जिब्राल्टर को 3-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गिरोड ने देश के लिए अपना 54वां गोल किया। माल्टा पर 4-0 की जीत से इंग्लैड ग्रुप सी की तालिका में शीर्ष पर है। इस मुकाबले में केन ने पेनल्टी को गोल में बदला। राष्ट्रीय टीम के लिए यह उनका 56वां गोल है।फ्रांस और इंग्लैड अपने-अपने ग्रुप की तालिका में शीर्ष पर है।

## मिस्र ने स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीता

**चेन्नई।** शीर्ष रैंकिंग वाली टीम मिस्र ने शनिवार को यहां फाइनल में मलेशिया को 2-। से हराकर एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप का खिताब जीता। रोमांचक फाइनल में मिस्र ने 0-। से पिछड़ने के बाद युवा खिलाड़ियों अली अबोउ अलीनेन और फेरोज अबोलखोर की बदौलत वापसी करते हुए 2-। से जीत दर्ज की। दूसरा वरीय भारत सेमीफाइनल में मलेशिया के खिलाफ शिकस्त के बाद जापान के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। फाइनल में शिन यिंग ई ने केंजी ऐमान को 17 मिनट में सीधे गेम में 7-4, 7-5, 7-6 से हराकर चौथे वरीय मलेशिया को।-0 की बढ़त दिलाई।

## टीम को गोल करने के और मौके बनाने की जरूरत: हॉकी कप्तान हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शनिवार को स्वीकार किया कि भारत को एशियाई खेलो सहित आगामी चुनौतियों से निपटने के लिए टचलाइन से कम गोल गंवाने पर ध्यान देने के साथ सर्कल से गोल करने के अधिक मौके बनाने होंगे।भारत को एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय दौरे पर मिश्रित परिणाम मिला। टीम को यहां आठ मैचों में से चार सफलता मिली। बेल्जियम के खिलाफ भारत ने।-2 से हार के बाद 5-। से जीत दर्ज की। ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ भी टीम ने पहला मुकाबला 2-4 से गंवाया जबकि दूसरे में उसने 4-4 की बराबरी पर मैच छूटने के बाद शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की।

# ब्रॉड, स्टोक्स ने इंग्लैंड को सफलताएं दिलाई

● एशेज टेस्ट

भाषा। बर्मिंघम



**इंग्लैंड के** तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को पहली ही गेंद पर आउट किया जिससे इंग्लैंड ने पहले एशेज टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 78 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। मेजबान टीम ने सुबह के सत्र में गेंदबाजी की अनुकूल परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए तीन सफलताएं हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब भी इंग्लैंड से 315 रन से पीछे है जिसने पहली पारी आठ विकेट पर 393 रन बनाकर घोषित की थी। लंच के समय सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 40 जबकि विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर के बल्लेबाज ट्रेविस हेड आठ रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 14 रन से की। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (09) दिन के पारी के सातवें ओवर में ब्रॉड की ऑफ साइड से बाहर की गेंद को विकेटों पर खेल गए। अगली की गेंद पर लाबुशेन (00) ने विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो को कैच थमा दिया। ख्वाजा और दुनिया के दूसरे नंबर के टेस्ट बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (16) ने अगले एक घंटे से अधिक समय तक मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। स्टोक्स ने हालांकि अपने दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर स्मिथ को पगबाधा करके ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। स्मिथ ने डीआरएस लिया लेकिन फैसला मेजबान टीम के पक्ष में गया और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा।

# बांग्लादेश ने टेस्ट में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

भाषा। मीरपुर

● अफगानिस्तान को 546 रन से हराया

**बांग्लादेश ने** अफगानिस्तान को 546 रन के बड़े अंतर से हराकर शनिवार को यहां रनों के लिहाज से टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के लिहाज से यह तीसरी सबसे बड़ी जीत है। जीत के लिए 662 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 115 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 देकर चार विकेट लिए। नजमुल ने दोनों पारियों में शतक (146 और 124 रन) लगाकर बांग्लादेश की जीत की नींव रखी। वह मोमिनुल हक के बाद टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले बांग्लादेश के दूसरे बल्लेबाज बन गए। बांग्लादेश की पिछली सबसे बड़ी जीत 2005 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 226 रन से थी। टेस्ट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड ने नाम है जिसने 1928 में ऑस्ट्रेलिया को 675 रन से हराया था। इसके बाद 1934 में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 562 रन की जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 45 रन से की। दिन के तीसरे ओवर में ही इबादत हुसैन (एक विकेट) ने नासिर जमाल (छह रन) को विकेटकीपर के हाथों कैच करा दिया। रहमत शाह (30 रन) एक छोर पर डटे रहे तो वहीं दूसरे छोर से शरीफुल इस्लाम (तीन विकेट) ने अफसर जजाई (छह) और और बाहिर शाह (सात) को चलता किया।

# सात्विक और चिराग की जोड़ी फाइनल में




भाषा। जकार्ता

● इंडोनेशिया ओपन : प्रणय हारे

**सात्विकसाईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को यहां इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में कोरिया के मिन ह्युक कांग और सेउंग जे सेओ की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की लेकिन पुरुष एकल में एचएस प्रणय का अभियान सेमीफाइनल में हार के साथ खत्म हो गया। सातवीं वरीय भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में गैर वरीय कोरियाई जोड़ी के खिलाफ पहले गेम में हार के बाद शानदार वापसी की। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले को 17-21 21-19 21-18 से जीता। इन दोनों जोडि़यों के बीच पांच मैचों में सात्विक और चिराग की जोड़ी की यह तीसरी जीत है। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी पहली बार सुपर 1000 स्तर के स्पर्धा के फाइनल में पहुंची है। चिराग ने इस जीत के बाद कहा, हम आज जिस तरह से खेले उससे हमें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने तीसरे गेम में वापसी की लेकिन हम अंत तक डटे रहे और मुझे खुशी है कि हम अपनी रणनीति से पीछे नहीं हटे। पहली बार हम सुपर 1000 के फाइनल में हैं और इसलिए यह अच्छा लग रहा है। रविवार को खेले जाने वाले फाइनल के बारे में पूछे जाने पर सात्विक ने कहा, यह एक नया दिन होगा। हमें थोड़ा आराम कर के वापस आना होगा। मैं पहले गेम में 100 प्रतिशत महसूस नहीं कर रहा था। धीरे-धीरे मैंने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल कर ली। खिताबी मुकाबले में इस जोड़ी के सामने इंडोनेशिया के प्रमुद्या कुसुमवर्धना एवं एरेमिया एरिक योचे याकूब रामबिटान और दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। प्रणय शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन के खिलाफ अपने खेल का स्तर ऊपर उठाने में नाकाम रहे। डेनमार्क के खिलाड़ी ने इस मैच को 21-15 21-15 से जीत लिया। एक्सेलसेन ने दोनों गेम की शुरुआत में ही प्रणय पर बढ़त बना ली और भारतीय खिलाड़ी उनके स्कोर का पीछा करता रहा। अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में डेनमार्क के इस खिलाड़ी के खिलाफ प्रणय की यह छठी हार है। इससे पहले पुरुष युगल में मैच की शुरुआत में दोनों जोड़ियों ने बराबरी की टक्कर दी लेकिन कोरियाई जोड़ी ने 6-3 की बढ़त बना ली। कोरियाई जोड़ी के बढ़त हासिल करने बाद भारतीय जोड़ी बस उसका पीछा ही करती रही। सात्विक और चिराग ने आक्रामक खेल के दम पर बढ़त कम करने की कोशिश लेकिन 20-17 स्कोर होने के बाद कोरियाई जोड़ी ने उनकी गलती का फायदा उठा कर पहला गेम जीत लिया। पहला गेम गंवाने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए 6-3 और फिर 11-4 की बढ़त बना ली। कांग और सेओ की जोड़ी ने इसके बाद अच्छी वापसी की और स्कोर को 18-15 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए इस गेम को जीत लिया। तीसरे गेम में दोनों का स्कोर 5-5 था लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार सात अंक हासिल कर 12-5 की बढ़त हासिल कर ली। कोरियाई जोड़ी ने हार नहीं मानी और शानदार वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया। चिराग और सात्विक ने इसके बाद दबाव में अपना दमखम दिखाया और जीत दर्ज कर ली।

# हमारा विरोध राजनीति से प्रेरित नहीं: साक्षी-सत्यव्रत




भाषा। नई दिल्ली

**ओलंपिक** पदक विजेता साक्षी मलिक और उनके पहलवान पति सत्यव्रत कादियान ने शनिवार को जोर देते हुए कहा कि उनका विरोध राजनीति से प्रेरित नहीं है और उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद वे वर्षों तक चुप रहे क्योंकि इससे पहले कुश्ती जगह एकजुट नहीं था।ट्विटर पर पोस्ट वीडियो में कादियान ने कहा कि उनके विरोध को लेकर झूठी कहानी तैयार की गई है और वह चीजों को साफ करना चाहते हैं। साक्षी, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। कादियान ने कहा कि उनके प्रदर्शन को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है।कादियान ने कहा, मैं आपको स्पष्ट कर दूं कि हमारा विरोध राजनीति से प्रेरित नहीं है। हम जनवरी में (जंतर-मंतर) आए थे और पुलिस से इजाजत भाजपा के दो नेताओं ने ली थी। उन्होंने इस दौरान साक्षी को प्रदर्शन की स्वीकृति मांगने वाला पत्र दिखाने को कहा।यह पत्र पूर्व पहलवान बबीता फोगाट और तीरथ राणा ने लिखा था जो भाजपा से जुड़े हैं।कादियान ने कहा, यह (प्रदर्शन) कांग्रेस समर्थित नहीं है।

### डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष को बचा रहा है केंद्र: टिकैत

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को केंद्र सरकार पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को बचाने का आरोप लगाया जो यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे है। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न और धमकी देने के आरोप लगाए है। बृजभूषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले पहलवानों के सरकार के दबाव में होने का आरोप लगाते हुए टिकैत ने केंद्र सरकार पर भाजपा सांसद को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## भारतीय टीम के सामने इंटरकांटिनेंटल कप फाइनल में लेबनान की चुनौती

**भुवनेश्वर।** भारतीय फुटबॉल टीम इंटरकांटिनेंटल कप के फाइनल में रविवार को जब लेबनान के खिलाफ मैदान में उतरेगी उसके सामने 2018 की सफलता को दोहराने की चुनौती होगी। यह मुकाबला इस लिए भी रोमांचक होगा क्योंकि भारतीय कोच इगोर स्टिमक और लेबनान के उनके समकक्ष अलेक्जेंडर इलिक स्पेन के क्लब सिडिज सीएफ के लिए 1994 में एक साथ खेल चुके हैं। दोनों एक दूसरे का पूरा सम्मान करते हैं लेकिन स्टिमक चाहेंगे कि फाइनल में उनकी टीम लेबनान के खिलाफ राउंड रोबिन मैच के दौरान की गई गलतियों को ना दोहराए। गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम के पास गोल करने के दो आसान मौके थे लेकिन टीम इसे भुनाने में नाकाम रही थी। अनिरुद्ध थापा इस मैच के चौथे मिनट में आसान मौके पर चूक गए थे। यही चीज दिग्गज सुनील छेत्री के साथ भी हुई। क्रोएशिया के इस कोच ने मंगोलिया, वानुआतु और लेबनान के खिलाफ अब तक के सभी तीन मैचों में टीम में बड़ा बदलाव किया और उनकी इस तरह की रणनीति खिताबी मुकाबले में भी आश्चर्यचकित कर सकती है। भारत ने 2018 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में कीनिया को 2-0 से हराकर खिताब जीता था।

# पेरू के हटने की स्थिति में भारत विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स की मेजबानी के लिए दावा करेगा

भाषा। भुवनेश्वर

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने शनिवार को कहा कि 2024 विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी से अगर पेरू पीछे हटता है तो भारत ने भोपाल में इसकी मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की है। यह हालांकि अभी तक निश्चित नहीं है कि भारत की बोली सफल होगी या नहीं क्योंकि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने हाल ही में सुमरिवाला से कहा है कि पेरू अब भी लीमा में इस प्रतियोगिता की मेजबानी करने के लिए वापस आ सकता है। सुमरिवाला ने राष्ट्रीय अंतरराज्ईय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के मौके पर संवाददाताओं से कहा, पेरू पीछे हट गया था, इसलिए विश्व एथलेटिक्स ने एक बोली मांगी थी जिसके लिए हमने आवेदन दिया था। मैंने दो दिन पहले विश्व एथलेटिक्स की बैठक में था और उन्होंने ने मुझे बताया कि पेरू ने कहा है कि वे मेजबान के रूप में वापसी करना चाहते है। अभी स्थिति पूरी तरह से साफ नहीं है। उन्होंने कहा, हमें 12-13 अगस्त को विश्व एथलेटिक्स परिषद (जिसका वह खुद भी सदस्य हैं) की बैठक के दौरान इसके बारे में पता चलेगा।

### भुवनेश्वर की गर्मी के लिए तैयार हैं श्रीशंकर

**भुवनेश्वर।** पिछले कुछ समय से विभिन्न मौसम में ट्रेनिंग कर रहे लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर का मानना है कि वह रविवार को यहां राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उमस भरे मौसम से निपटते हुए स्वर्ण पदक जीत सकते है। पिछले हफ्ते पेरिस में डाइमंड लीग में पदक जीतने वाले श्रीशंकर ने सत्र की शुरूआत अप्रैल में बेंगलुरू में इंडियन ग्रां प्री के साथ की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के चुला विस्टा में एमवीए हाई परफोर्मेंस मीट में हवा की मदद से 8.29 मीटर का प्रयास किया। श्रीशंकर ने यूनान में 8.18 मीटर के प्रयास से अंतरराष्ट्रीय जंपिंग मीट में स्वर्ण पदक जीता और फिर प्रतिष्ठित डाइमंड लीग के पेरिस चरण में 8.09 मीटर के प्रयास से तीसरे स्थान पर रहे।

# मेजबान लखनऊ ने दूसरे दिन आठ स्वर्ण पदक जीतकर जमायी धाक

● यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ ने सब जूनियर वर्ग में खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के सहारे यूपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2023 के दूसरे दिन क्योरगी की स्पर्धाओं में आठ स्वर्ण पदक जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित 39वीं सब जूनियरए 7वीं कैडेट, 41वीं जूनियर, सीनियर क्योरगी एवं 7वीं पूमसे चैंपियनशिप में साई लखनऊ के खिलाड़ियो ने भी तीन स्वर्ण पदक जीते। दूसरी ओर मुजफ्फरनगरए बागपतए आगराए कानपुर देहातए इटावाए लखीमपुरए जालौनए संभलए गाजियाबाद को एक.एक स्वर्ण पदक मिले। आज मेजबान लखनऊ के लिए वैभव कुमार बनौधा, अंशिका



शाही, लक्ष्य मिश्रा, दीपांशु सिंह, बैभव सिंह, अक्षिता गौतम, मिहिरा रस्तोगी, दिशू सिंह ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। इसके अलावा लखनऊ के खिलाड़ियों न 9 रजत व 13 कांस्य पदक भी जीते। दूसरी ओर साई लखनऊ को सुधीर कुमार, संदीप प्रसाद, प्रतिभा यादव ने स्वर्ण दिलाए। चैंपियनशिप में लखनऊ अब तक कुल 9 स्वर्णए 11 रजत व 13 कांस्य के साथ सबसे आगे चल रहा है। वहीं लखीमपुर और इटावा के खाते में 4.4 स्वर्ण पदक हो चुके हैं। चैंपियनशिप में दूसरे दिन के विजेताओं को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक मनोज कुमार ने पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

# एशियाई जूनियर चैम्पियन कृष पाल को हराक र सेमीफाइनल में

● युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी

**गंगटोक।** हरियाणा के विशेष ने छठी युवा पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में एशियाई जूनियर चैंपियन चंडीगढ़ के कृष पाल को हराकर 48 किग्रा वर्ग में उलटफेर के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। विशेष और कृष दोनों ने शुरू से ही आक्रामक रूख अपनाया और एकदूसरे को कड़ी टक्कर दी। इस करीबी मुकाबले को विशेष ने 4-3 के विभाजित फैसले से अपने नाम किया। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के ऋषि की चुनौती से पार पाना होगा। दिल्ली के उमेश कुमार ने 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में एक और उलटफेर करते हुए 2021 एशियाई चैंपियन रोहित चमोली को शिकस्त दी। उमेश ने इस मुकाबले को 4-। से जीता। सेमीफाइनल में उनके सामने एसएससीबी के आशीष की चुनौती होगी। हरियाणा के एशियाई जूनियर चैम्पियन भरत जून (92 किग्रा) ने उत्तराखंड के रिद्धिमान सुब्बा को जोरदार मुक्के जड़े जिससे रेफरी को तीसरे दौर में प्रतियोगिता रोकनी पड़ी। सेमीफाइनल में जून का सामना मध्य प्रदेश के अचल शाई से होगा।

## काइनन, मनीषा ट्रैप ट्रायल में शीर्ष पर

**भोपाल।** ओलंपियन काइनन चेनाई ने शनिवार को यहां चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल (शॉटगन) के क्वालीफिकेशन के दूसरे दिन पुरुष ट्रैप स्पर्धा में बढ़त बना ली जबकि महिला वर्ग में स्थानीय दावेदार मनीषा कीर शीर्ष पर चल रही है। शुक्रवार को दो दौर में परफेक्ट 50 अंक जुटाने वाले काइनन शनिवार को दो निशाने चूक गए। कल तक संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भवनीश मेंदिरत्ता के भी दो निशाने चूके। काइनन ने हालांकि चौथे दौर में परफेक्ट 25 अंक की बदौलत एकल बढ़त बना ली है लेकिन भवनीश ने दोनो दौर में 24 अंक जुटाए। मनीषा ने शनिवार को दो दौर में 22 और 24 अंक जुटाए। वह कुल 90 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। रविवार को दोनों वर्ग में पांचवां और अंतिम क्वालीफिकेशन दौर होगा जिसके बाद शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। पुरुष ट्रैप में पृथ्वीराज तोंडमान, शारदुल विहान और लक्ष्य श्योराण जैसे निशानेबाज शीर्ष छह में चल रहे हैं जबकि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत संधू भी दौड़ में बने हुए हैं। वह अभी 94 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। महिला ट्रैप में राजेश्वरी कुमारी 89 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। शगुन चौधरी और सबीरा हारिस भी शीर्ष छह में है।